Drishti IAS

# एडिटोरियल क्विज़

## मई 2024

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440, Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

# प्रश्न और उत्तर

**1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. टीकाकरण पर विस्तारित कार्यक्रम (Expanded Programme on Immunization- EPI) 1974 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा शुरू किया गया था।
2. WHO ने विस्तारित टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत में पोलियो वैक्सीन सहित छह टीकों की सिफारिश की।
3. टीकाकरण पर भारत का राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह टीकों की प्रभावकारिता और लागत-प्रभावशीलता की समीक्षा करने के बाद टीकों पर सिफारिशें प्रदान करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**टीकाकरण पर विस्तारित कार्यक्रम (Expanded Programme on Immunization- EPI):**

- **विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization - WHO)** द्वारा 1974 में EPI शुरू किया गया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी देशों के सभी बच्चे जीवन रक्षक टीकों से लाभान्वित हों। **अतः कथन 1 सही है।**
- EPI कार्यक्रम ने अपनी शुरुआत में **छह टीकों** यानी **बैसिलस कैलमेट-गुएरिन (BCG), डिप्थीरिया, खसरा, पर्टुसिस, टेटनस और पोलियो** की सिफारिश की थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह (**National Technical Advisory Group on Immunisation - NTAGI**) देश में टीकाकरण पर सर्वोच्च सलाहकार निकाय है जिसमें स्वतंत्र विशेषज्ञ शामिल हैं जो रोग के बोझ, प्रभावकारिता और टीकों की लागत-प्रभावशीलता पर डेटा की समीक्षा करने के बाद टीकों पर **सिफारिशें प्रदान** करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**2. श्रम और रोज़गार मंत्रालय में श्रम ब्यूरो द्वारा निम्नलिखित में से क्या संकलित किया जाता है?**

1. औद्योगिक श्रमिकों (IW) के लिये सीपीआई ,
2. कृषि श्रमिकों (AL) के लिये सीपीआई
3. ग्रामीण श्रमिकों (RL) के लिये सीपीआई
4. शहरी गैर-श्रम कर्मचारियों (UNME) के लिये सीपीआई

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**श्रम सांख्यिकी:**

- राष्ट्रीय स्तर पर, **चार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (Consumer Price Index)** संख्याएँ हैं। ये हैं:
  - औद्योगिक श्रमिकों (IW) के लिये सीपीआई,
  - कृषि श्रमिकों (AL) के लिये सीपीआई
  - ग्रामीण श्रमिकों (RL) के लिये सीपीआई
  - शहरी गैर-श्रम कर्मचारियों (UNME) के लिये सीपीआई।
- जबकि **पहले तीन को श्रम मंत्रालय में श्रम ब्यूरो द्वारा संकलित** एवं जारी किया जाता है, चौथा **सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में केंद्रीय सांख्यिकी संगठन** द्वारा जारी किया जाता है।

**अतः विकल्प C सही है।**

**3. स्ट्रीट वेंडर्स (आजीविका का संरक्षण और स्ट्रीट वेंडर्स का नियमन) अधिनियम, 2014 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने पथ विक्रेता (आजीविका का संरक्षण और स्ट्रीट वेंडर्स का नियमन) अधिनियम, 2014 को लागू किया।
2. इस अधिनियम में प्रावधान है कि राज्य/शहरी स्थानीय निकाय (ULB) हर पाँच वर्ष में कम-से-कम एक बार स्ट्रीट वेंडर्स की पहचान करने के लिये एक सर्वेक्षण आयोजित करते हैं।

नोट :

3. यह अधिनियम एक टाउन वेंडिंग कमेटी (TVC) की स्थापना करता है और TVC में विक्रेताओं द्वारा स्वयं चुने गए विक्रेताओं के 50% प्रतिनिधित्व को अनिवार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**स्ट्रीट वेंडर्स (आजीविका का संरक्षण और स्ट्रीट वेंडर्स का नियमन) अधिनियम, 2014**

- **आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय** ने पथ विक्रेता (आजीविका का संरक्षण एवं स्ट्रीट वेंडर्स का नियमन) अधिनियम, 2014 को लागू किया, जिसे संबंधित राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा नियम और उप-कानून बनाकर लागू किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- स्ट्रीट वेंडर्स (आजीविका का संरक्षण और स्ट्रीट वेंडर्स का नियमन) अधिनियम, 2014 में प्रावधान है कि **राज्य/शहरी स्थानीय निकाय (ULB)** हर पाँच वर्ष में कम-से-कम एक बार स्ट्रीट वेंडर्स की पहचान करने के लिये एक सर्वेक्षण आयोजित करते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह अधिनियम **टाउन वेंडिंग कमेटी (TVC)** के माध्यम से एक सहभागी शासन संरचना स्थापित करता है। अधिनियम की धारा 22(2)(c) TVC में विक्रेताओं द्वारा स्वयं चुने गए विक्रेताओं के 40% प्रतिनिधित्व को अनिवार्य करती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**4. कभी-कभी समाचारों में देखे जाने वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट एंड जॉब्स एक्ट, 2021 चिप्स एंड साइंस एक्ट, 2022 और इन्फ्लेशन रिडक्शन एक्ट, 2022 किससे संबंधित हैं?**

A. संयुक्त राज्य अमेरिका

B. चीन

C. जापान

D. भारत

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**प्रौद्योगिकीय क्रांति:**

- **इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट एंड जॉब्स एक्ट (IIJA), 2021,** उर्फ **बिपार्टिसन इंफ्रास्ट्रक्चर लॉ (BIL), 2021** पर **15 नवंबर, 2021 को अमेरिकी राष्ट्रपति** द्वारा हस्ताक्षर किये गए थे। यह कानून परिवहन और बुनियादी ढाँचे के खर्च के लिये 1.2 ट्रिलियन डॉलर का अधिकार देता है, जिसमें से 550 बिलियन डॉलर का उपयोग "नए" निवेश और कार्यक्रमों में किया जाता है।
- **चिप्स और विज्ञान अधिनियम, 2022** एक **अमेरिकी संघीय कानून** है जिस पर 9 अगस्त, 2022 को **अमेरिकी राष्ट्रपति** द्वारा हस्ताक्षर किये गए।
- 16 अगस्त, 2022 को **अमेरिकी राष्ट्रपति** ने **इन्फ्लेशन रिडक्शन एक्ट (IRA), 2022** पर हस्ताक्षर किये। यह अमेरिका को जलवायु संकट से निपटने, पर्यावरणीय न्याय को आगे बढ़ाने, घरेलू स्वच्छ ऊर्जा विनिर्माण में विश्व नेता के रूप में अमेरिका की स्थिति को सुरक्षित करने में सक्षम बनाता है।

**अतः विकल्प A सही है।**

**5. "क्षेत्रीय आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट" निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रकाशित की जाती है?**

A. क्रिसिल

B. एशियाई विकास बैंक

C. भारतीय रिज़र्व बैंक

D. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

**उत्तर : D**

**व्याख्या :**

**क्षेत्रीय आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट:**

- **क्षेत्रीय आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष** द्वारा प्रकाशित की जाती है।
- इसमें विभिन्न क्षेत्रों के देशों के लिये हालिया आर्थिक विकास और संभावनाओं पर चर्चा की गई है।
- यह क्षेत्रीय नीति विकास एवं चुनौतियों का समाधान करती है इसके साथ ही देश-विशिष्ट डेटा एवं विश्लेषण प्रदान करती है, जिसमें किसी विशेष क्षेत्र के हित के मुद्दों पर विश्लेषणात्मक लेख भी सम्मिलित हैं।

**अतः विकल्प D सही है।**

नोट :

6. **बैंकों के लिये ऋण-जमा (CD) अनुपात के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्रेडिट-जमा अनुपात (CDR) किसी बैंक द्वारा अपनी कुल जमा राशि के सापेक्ष जारी किये गए ऋणों के प्रतिशत को दर्शाता है।
2. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने किसी भी परिसंपत्ति-देयता बेमेल से बचने के लिये बैंकों के लिये 75% का क्रेडिट-जमा (CD) अनुपात निर्धारित किया है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ऋण-जमा (CD) अनुपात:**

- **क्रेडिट-जमा अनुपात (CDR)** एक वित्तीय मीट्रिक है जो किसी बैंक द्वारा अपनी **कुल जमा राशि के सापेक्ष जारी किये गए ऋणों के प्रतिशत** को दर्शाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने बैंकों के लिये **कोई क्रेडिट-डिपॉजिट (CD) अनुपात** बनाए रखने के लिये **निर्धारित नहीं** किया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- CD अनुपात बैंक की तरलता का आकलन करने में सहायता करता है और उसकी स्थिति को इंगित करता है।

7. **राजनीतिक जोखिम बीमा (PRI) के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राजनीतिक जोखिम बीमा (PRI) विकासशील देशों में निवेश के लिये अधिक स्थिर वातावरण प्रदान करता है।
2. बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी (MIGA) राजनीतिक और आर्थिक जोखिम बीमा की पेशकश करके विकासशील देशों में निवेश को बढ़ावा देती है।
3. बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी (MIGA) विश्व बैंक समूह का सदस्य है और इसका मुख्यालय न्यूयॉर्क में है।

**उपर्युक्त में से कौन- सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राजनीतिक जोखिम बीमा (PRI):**

- **राजनीतिक जोखिम बीमा (PRI)** व्यवसायों के लिये सरकार के प्रतिकूल कार्यों या निष्क्रियता से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को कम करने और प्रबंधित करने का एक उपकरण है।
- जोखिम-शमन उपकरण के रूप में PRI **विकासशील देशों में निवेश के लिये अधिक स्थिर वातावरण प्रदान करने** और वित्त तक बेहतर पहुँच को अनलॉक करने में सहायता करता है। **अतः कथन 1सही है।**
- **बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी (MIGA)** एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था है जो **राजनीतिक और आर्थिक जोखिम बीमा** की पेशकश करके विकासशील देशों में निवेश को बढ़ावा देती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी (MIGA) **विश्व बैंक समूह** की सदस्य है और इसका मुख्यालय **वाशिंगटन, D.C.** में है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

8. **RBI के दिशा-निर्देशों के अनुसार, सूचीबद्ध लघु वित्त बैंकों (SFB) को सार्वभौमिक बैंकिंग लाइसेंस के लिये अर्हता प्राप्त करने हेतु निम्नलिखित में से कौन-से मानदंड को पूरा करना आवश्यक है:**

1. सार्वभौमिक बैंकों में परिवर्तित होने के इच्छुक SFB की न्यूनतम शुद्ध संपत्ति 100 करोड़ रुपए होनी चाहिये।
2. विगत दो वित्तीय वर्षों में SFB की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति 3.5% से कम और शुद्ध गैर-निष्पादित संपत्ति 1.5% से कम होनी चाहिये।
3. SFB को विगत पाँच वित्तीय वर्षों में लाभ में रहने की आवश्यकता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर : D**

**व्याख्या :**

**लघु वित्त बैंक (SFBs):**

- RBI के दिशा-निर्देशों के अनुसार, जो SFB सार्वभौमिक बैंकों में परिवर्तित होने का इरादा रखते हैं, उनकी न्यूनतम शुद्ध संपत्ति 1,000 करोड़ रुपए होनी चाहिये। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- विगत दो वित्तीय वर्षों में 3% से कम की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति और 1% से कम की शुद्ध गैर-निष्पादित संपत्ति के साथ SFB को लाभ में होना चाहिये। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- SFB को विगत दो वित्तीय वर्षों में लाभ में रहने की आवश्यकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**9. निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारत में प्रत्यक्ष करों का/के उदाहरण है/हैं?**

1. सीमा शुल्क
2. लाभांश वितरण कर
3. पूंजीगत लाभ कर
4. आयकर

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. 2, 3 और 4
C. 1 और 3
D. 1, 2 और 4

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रत्यक्ष करों के प्रकार:**

- प्रत्यक्ष करों में शामिल हैं:
  - **लाभांश वितरण कर (DDT):** यह कंपनियों द्वारा अपने शेयरधारकों को वितरित लाभांश पर लगाया जाने वाला कर है।
  - **पूंजीगत लाभ कर:** यह कर अचल संपत्ति, स्टॉक और म्यूचुअल फंड जैसी पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री या हस्तांतरण से होने वाले लाभ पर लागू होता है।
  - **आयकर:** व्यक्ति, हिंदू अविभाजित परिवार (HUF), साझेदार और व्यक्तियों के संघ (AOPs) तथा आय एवं आयु के आधार पर आयकर का भुगतान किया जाता हैं।
- अप्रत्यक्ष करों के उदाहरणों में वस्तु एवं सेवा कर (GST), उत्पाद शुल्क तथा सीमा शुल्क शामिल हैं।

**अतः विकल्प B सही है।**

**10. कृषि निर्यात नीति, 2018 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नीति कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी की गई थी और इसका उद्देश्य कृषि निर्यात को बढ़ाना है।
2. यह नवीन, स्वदेशी, जैविक, जातीय, पारंपरिक तथा गैर-पारंपरिक कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने का प्रयास करता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत में सेवा क्षेत्र:**

- **कृषि निर्यात नीति,** 2018 वाणिज्य विभाग, **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी की गई थी।** इसका **लक्ष्य 2022 तक कृषि निर्यात को 60 बिलियन अमेरिकी डॉलर** तक बढ़ाने के साथ अगले कुछ वर्षों में **100 बिलियन अमेरिकी डॉलर** तक पहुँचाना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह **नवीन, स्वदेशी, जैविक, जातीय, पारंपरिक और गैर-पारंपरिक कृषि उत्पादों के निर्यात** को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**अतः विकल्प B सही है।**

**11. पशु क्रूरता निवारण (PCA) अधिनियम, 1960 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम भारतीय पशु कल्याण बोर्ड की स्थापना का प्रावधान करता है।
2. यह अधिनियम उन अनुसंधान परियोजनाओं में पशुओं के उपयोग को प्रतिबंधित करता है, क्योंकि इसका लक्ष्य पशुओं के जीवन को सुरक्षित करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पशु क्रूरता निवारण (PCA) अधिनियम, 1960:**

- **भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (AWBI)** की स्थापना **वर्ष 1962** में **पशु क्रूरता निवारण (PCA) अधिनियम, 1960** की **धारा 4** के तहत की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- हालाँकि यह कई प्रकार के उन कार्यों को अपराध मानता है जो पशुओं के प्रति क्रूरता का कारण बनते हैं, उदाहरण के लिये यह **चिकित्सा उन्नति सुनिश्चित करने की दृष्टि से प्रयोगों के लिये पशुओं के उपयोग को अपने कवरेज से छूट** प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**अतः विकल्प A सही है।**

**12. कभी-कभी समाचारों में चर्चा में रहने वाला "चुराचाँदपुर" ज़िला कहाँ स्थित है ?**

A. मिज़ोरम

B. मेघालय

C. मणिपुर

D. त्रिपुरा

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**मणिपुर में हिंसा:**

- **चुराचाँदपुर ज़िला, मणिपुर** का **सबसे बड़ा ज़िला** है जो राज्य के क्षेत्रफल का 20.5% है।
- चुराचाँदपुर ज़िला मुख्यालय मणिपुर का **सर्वाधिक बहु-जातीय एवं महानगरीय पहाड़ी शहर** है और यह **मणिपुर का दूसरा बड़ा शहर** भी है।
- यह पूर्व में म्याँमार, पश्चिम में तमेंगलोंग, उत्तर में इंफाल घाटी एवं दक्षिण में मिज़ोरम से जुड़ा हुआ है।
- यह **एक पहाड़ी ज़िला** है जिसमें मैदानी क्षेत्र का प्रतिशत बहुत कम है, जो कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 5.57% है।

**अत: विकल्प C सही है।**

**13. भारतीय खगोल-भौतिकी संस्थान (IIA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय खगोल-भौतिकी संस्थान (IIA), अंतरिक्ष विभाग के अधीन एक स्वायत्त निकाय है।
2. भारतीय खगोल-भौतिकी संस्थान (IIA), अगली पीढ़ी के अल्ट्रा-वायलेट (UV) टेलीस्कोप पर कार्य कर रहा है जिसे इंडियन स्पेक्ट्रोस्कोपिक एंड इमेजिंग स्पेस टेलीस्कोप (INSIST) कहा जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय खगोल-भौतिकी संस्थान (IIA):**

- **भारतीय खगोल-भौतिकी संस्थान (IIA) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत एक स्वायत्त निकाय** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **भारतीय खगोल-भौतिकी संस्थान (IIA), अगली पीढ़ी के अल्ट्रा-वायलेट (UV) टेलीस्कोप** पर कार्य कर रहा है जिसे **इंडियन स्पेक्ट्रोस्कोपिक एंड इमेजिंग स्पेस टेलीस्कोप (INSIST)** कहा जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- उच्च रिज़ोल्यूशन वाले इस टेलीस्कोप से आकाशगंगाओं को देखा जा सकेगा।

**अत: विकल्प B सही है।**

**14. फोटोनिक कंप्यूटिंग के निम्नलिखित में से कौन-से लाभ हैं ?**

1. न्यूनतम जंक्शन हीटिंग
2. विद्युत चुंबकीय हस्तक्षेप के प्रति प्रतिरक्षित
3. यह कम हानि वाला ट्रांसमिशन प्रदान करता है
4. फोटोनिक क्रिस्टल विकसित करना आसान

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 3 और 4

B. केवल 2, 3 और 4

C. केवल 1, 2 और 4

D. केवल 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**फोटोनिक कंप्यूटिंग:**

- **फोटोनिक कंप्यूटिंग से लाभ:**
  - न्यूनतम जंक्शन हीटिंग
  - छोटे/बड़े नेटवर्क/टोपोलॉजी में **गतिशील स्केलिंग तथा पुनः विन्यास**
  - विद्युत शॉर्ट सर्किट होने का खतरा नहीं और विद्युत चुंबकीय हस्तक्षेप के प्रति प्रतिरक्षित है।
  - विशाल समानांतर कंप्यूटिंग क्षमता एवं AI अनुप्रयोग।
- **फोटोनिक कंप्यूटिंग से हानि:**
  - फोटोनिक क्रिस्टल विकसित करना कठिन।
  - कई संकेतों की परस्पर क्रिया के कारण गणना करना एक जटिल प्रक्रिया है।

**अत: विकल्प D सही है।**

नोट :

15. **'फ्रॉड स्टैक' शब्द को कभी-कभी समाचारों में किसके संदर्भ में देखा जाता है?**

A. वन्यजीवों की तस्करी

B. साइबर हमला जहाँ हैकर्स डेटा चोरी करने के लिये सार्वजनिक USB चार्जिंग पोर्ट में हेर-फेर करते हैं

C. आपराधिक गिरोहों द्वारा नियंत्रित बैंक खाते, जिनके मालिकों को उनकी पहचान के दुरुपयोग के बारे में पता नहीं चलता।

D. जैव-चिकित्सा अनुसंधान में 3डी प्रिंटिंग तकनीक

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**फ्रॉड स्टैक:**

- **"फ्रॉड स्टैकिंग"** में बड़ी संख्या में **बैंक खाते** शामिल हैं "आपराधिक गिरोहों द्वारा नियंत्रित बैंक खाते, जिनके **मालिकों को उनकी पहचान के दुरुपयोग के बारे में पता नहीं** चलता।।"
- ऐसा तब होता है जब एक उधारकर्त्ता कई प्रकार के ऋणों की मांग करता है और कुछ ही दिनों या घंटों में उन सभी के लिये अधिकृत भी हो जाता है, जिससे ऋणदाता को यह पता चलने से पहले कि उधारकर्त्ता झूठ बोल रहा है, धोखाधड़ी करने वाले को ऋण लेने तथा भाग जाने का समय मिल जाता है।
- इन ऋणों के लिये उपयोग की जाने वाली जानकारी से आमतौर पर धोखाधड़ी करने वाले की असली पहचान नहीं होती है, बल्कि **यह चुराया या खरीदा गया डेटा** होता है।

**अतः विकल्प C सही है।**

16. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दूरसंचार अधिनियम, 2023 ने यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (USOF) का नाम बदलकर डिजिटल भारत निधि कर दिया।
2. यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (USOF) के प्रशासक का कार्यालय दूरसंचार विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है।
3. USOF की दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास निधि (TTDF) योजना ग्रामीण और दूरदराज़ के क्षेत्रों में किफायती ब्रॉडबैंड एवं मोबाइल सेवाओं को सक्षम बनाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. केवल 1 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (USOF):**

- **दूरसंचार अधिनियम, 2023** ने **यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (USOF)** का नाम बदलकर **डिजिटल भारत निधि** कर दिया। **अतः कथन 1 सही है।**
- यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन (USO) फंड का नेतृत्व USO फंड के प्रशासक द्वारा किया जाता है, जिसे **फंड के प्रशासन के लिये केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त** किया जाता है। यह **संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग (DoT) का एक संलग्न कार्यालय** है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **USOF ने ग्रामीण और दूरदराज़ के क्षेत्रों में किफायती ब्रॉड बैंड तथा मोबाइल सेवाओं को सक्षम करने** के लिये प्रौद्योगिकी डिज़ाइन, विकास, दूरसंचार उत्पादों तथा समाधानों के व्यावसायीकरण में शामिल **घरेलू कंपनियों एवं संस्थानों के लिये दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास निधि (TTDF) योजना** शुरू की है। **अतः कथन 3 सही है।**

**अतः विकल्प D सही है।**

17. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्टैंडर्ड एसेंशियल पेटेंट (SEP) तकनीकी आविष्कार के लिये दिया गया एक पेटेंट है जो 'स्टैंडर्ड'/मानक के कार्यान्वयन और कामकाज करने के लिये आवश्यक है।
2. 'मानक' तकनीकी आवश्यकताओं का एक समूह है जो यह सुनिश्चित करता है कि प्रौद्योगिकियाँ परस्पर क्रिया करती हैं और एक साथ काम करती हैं।
3. केवल राष्ट्रीय सरकारें ही मानक आवश्यक पेटेंट (SEP) निर्धारित, विकास, समन्वय, व्याख्या और रखरखाव कर सकती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**स्टैंडर्ड एसेंशियल पेटेंट (SEP):**

- **SEP** तकनीकी आविष्कार के लिये दिया गया एक पेटेंट है जो किसी **'स्टैंडर्ड'/मानक के कार्यान्वयन और कामकाज** करने के लिये आवश्यक है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- यह एक **'स्टैंडर्ड'** तकनीकी आवश्यकताओं या **सहमत तकनीकी विवरणों** का समूह है जो विचारों, उत्पादों या सेवाओं को कवर करता है और सुनिश्चित करता है कि **प्रौद्योगिकियाँ परस्पर क्रिया** तथा एक साथ काम करती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- पेटेंट जो एक मानक के लिये आवश्यक हैं और एक **मानक सेटिंग संगठन (SSO) द्वारा अपनाए** गए हैं, उन्हें SEP के रूप में जाना जाता है।
- **स्टैंडर्ड एसेंशियल पेटेंट (SEP)** को **सरकारी, अर्द्ध-सरकारी या स्वतंत्र रूप से शासित उद्योग संघों** के निजी समूहों द्वारा निर्धारित, विकसित, समन्वित, व्याख्या और रखरखाव किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।]**

**18. निम्नलिखित में से कौन-सा "पेटेंट होल्डअप" समस्या का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. पेटेंट प्राप्त करने की प्रक्रिया में जानबूझकर देरी करने का कार्य।

B. ऐसी स्थिति जहाँ एक पेटेंट धारक लाइसेंसधारियों से उच्च रॉयल्टी या शुल्क की मांग करने के लिये अपने पेटेंट अधिकारों का दुरुपयोग करता है।

C. पेटेंट किये गए आविष्कारों के अनधिकृत उपयोग को रोकने के लिये एक कानूनी तंत्र।

D. पेटेंट स्वामित्व को एक इकाई से दूसरी इकाई में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**"पेटेंट होल्डअप" समस्या:**

- **पेटेंट होल्डअप** उस स्थिति को संदर्भित करता है जहाँ एक पेटेंट धारक लाइसेंसधारियों से **उच्च रॉयल्टी या शुल्क की मांग करने** के लिये अपने पेटेंट अधिकारों का शोषण करता है।
- "पेटेंट होल्डअप" का अर्थ है एक पेटेंट धारक द्वारा किया गया **अत्यधिक रॉयल्टी** अनुरोध, जिसने कार्यान्वयनकर्त्ताओं को यह विश्वास दिलाया कि उन्हें **अधिक लाभप्रद लाइसेंसिंग शर्तें दी** जाएंगी।
- होल्डअप मूल्य **रॉयल्टी का अतिरिक्त मूल्य** है जिसे पेटेंट धारक पेटेंट प्रौद्योगिकी को लागू करने के लिये कार्यान्वयनकर्त्ता द्वारा **अपरिवर्तनीय निवेश** करने के बाद निकालने में सक्षम होता है।

**अतः विकल्प B सही है।**

**19. आयुष्मान भारत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आयुष्मान भारत को राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 की अनुशंसा के अनुसार सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (UHC) प्राप्त करने की दृष्टि से लॉन्च किया गया था।
2. इसमें अस्पताल में भर्ती होने से पहले और अस्पताल में भर्ती होने के बाद के खर्च जैसे निदान तथा दवाएँ शामिल हैं।
3. यह भारत में सार्वजनिक और निजी सूचीबद्ध अस्पतालों में माध्यमिक एवं तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिये प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए का कवर प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आयुष्मान भारत:**

- **आयुष्मान भारत** देश की एक प्रमुख योजना है, जिसे **सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (UHC)** के दृष्टिकोण को प्राप्त करने हेतु **राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017** की सिफारिश के अनुसार शुरू किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसमें अस्पताल में **भर्ती होने से पहले के 3 दिन और अस्पताल में भर्ती होने के 15 दिन बाद** के खर्च जैसे निदान तथा दवाएँ शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह भारत में सार्वजनिक और निजी सूचीबद्ध **अस्पतालों में माध्यमिक तथा तृतीयक देखभाल अस्पताल** में भर्ती के लिये **प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपए का कवर** प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: प्रगतिशील कर प्रणाली के तहत कम आय अर्जित करने वाले करदाताओं पर कर की कम दर लागू होती है और आय में वृद्धि के साथ कर की दरें बढ़ जाती हैं।**

**कथन-II: एक प्रगतिशील कर प्रणाली आय असमानता को कम करती है और समानता के सिद्धांत का पालन करती है।**

नोट :

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रगतिशील कर प्रणाली:**

- एक **प्रगतिशील कर प्रणाली** वह है जहाँ आय में वृद्धि के साथ कर की दरें बढ़ती हैं।
- **कम आय अर्जित** करने वाले **करदाताओं पर कर की कम दर लागू** होती है, आय में वृद्धि के साथ कर की दरें बढ़ती हैं। **अत: कथन I सही है।**
- एक प्रगतिशील कर प्रणाली इस समझ पर बनाई गई है कि **कम आय वाले** लोग अपनी कमाई का अधिकतम हिस्सा अपने **दैनिक खर्चों** या बुनियादी जीवन स्तर को बनाए रखने के लिये खर्च करते हैं।
- एक प्रगतिशील **कर प्रणाली आय असमानता** को कम करती है। यह प्रणाली **समानता के सिद्धांत** का पालन करती है। **अत: कथन II सही है।**

**अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

**21. सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. सरकारी सुरक्षा सरकार द्वारा जारी एक व्यापार योग्य साधन है जो सरकार के ऋण दायित्व को स्वीकार करता है।
2. सरकारी प्रतिभूतियाँ या तो अल्पकालिक (ट्रेजरी बिल) या दीर्घकालिक (सरकारी बॉण्ड या दिनांकित प्रतिभूतियाँ) होती हैं।
3. राज्य सरकारें दिनांकित प्रतिभूतियाँ जारी नहीं कर सकतीं।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक):**

- G-Sec एक प्रकार का **ऋण साधन** है जो सरकार द्वारा अपने **राजकोषीय घाटे के वित्तपोषण हेतु जनता से** पैसा उधार लेने के लिये जारी किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सरकारी प्रतिभूतियाँ या तो **अल्पावधि** (एक वर्ष से कम की **मूल परिपक्वता** वाले ट्रेजरी बिल के रूप में जानी जाती हैं) या **दीर्घकालिक** (आमतौर पर एक वर्ष या अधिक की मूल परिपक्वता वाली **सरकारी बॉण्ड या दिनांकित** प्रतिभूतियाँ कहलाती हैं) होती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत में केंद्र सरकार **ट्रेज़री बिल और बॉण्ड या दिनांकित प्रतिभूतियाँ** दोनों जारी करती है, जबकि राज्य सरकारें केवल बॉण्ड या दिनांकित प्रतिभूतियाँ जारी करती हैं, जिन्हें **राज्य विकास ऋण (SDLs)** कहा जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- G-Secs में व्यावहारिक रूप से डिफॉल्ट का कोई जोखिम नहीं होता है, इसलिये **जोखिम मुक्त गिल्ट-एज इंस्ट्रूमेंट कहलाते** हैं।

**22. परिशुद्ध कृषि (PA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. परिशुद्ध कृषि (PA) यह सुनिश्चित करती है कि फसलों और मिट्टी को वही प्राप्त हो जो उन्हें इष्टतम स्वास्थ्य एवं उत्पादकता के लिये चाहिये।
2. यह फसलों का प्रबंधन करते समय मृदा के प्रकार, क्षेत्र, मौसम, पौधों की वृद्धि और उपज डेटा जैसे पहलुओं पर विचार करता है।
3. यह मूलत: कृषि का एक आदिम रूप है जिसमें स्वदेशी ज्ञान और पारंपरिक उपकरणों का उपयोग शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**परिशुद्ध कृषि (PA):**

- **परिशुद्ध कृषि** यह सुनिश्चित करने के लिये **सूचना प्रौद्योगिकी (IT) का उपयोग करती** है कि फसलों और मृदा को वही प्राप्त हो जो उन्हें इष्टतम स्वास्थ्य तथा उत्पादकता के लिये चाहिये। यह लाभप्रदता, स्थिरता एवं पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह फसलों का प्रबंधन करते समय **मृदा के प्रकार, क्षेत्र, मौसम, पौधों की वृद्धि और उपज डेटा** जैसे पहलुओं पर विचार करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- परिशुद्ध कृषि विशेष उपकरण, सॉफ्टवेयर और IT सेवाओं पर निर्भर करती है। इसमें **फसलों, मृदा एवं परिवेशी वायु की स्थिति के बारे में** वास्तविक समय के डेटा के साथ-साथ हाइपरलोकल **मौसम का पूर्वानुमान, श्रम लागत तथा उपकरण उपलब्धता जैसी अन्य प्रासंगिक जानकारी** तक पहुँच शामिल है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**23. निम्नलिखित में से कौन-सी जनजाति मणिपुर में निवास करती है?**

1. मैतेई
2. चिरु
3. गंगटे

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**मणिपुर की जनजातियाँ:**

- मणिपुर के लोगों को इन 2 भू-आकृतियों के आधार पर **तीन मुख्य जातीय समुदायों** में बाँटा गया है- घाटी में रहने वाले **मैतेई और पहाड़ियों में रहने वाले नगा एवं कुकी-चिन**।
- **मैतेई जनजाति**- मैतेई लोग मुख्य रूप से घाटियों में बसे हुए हैं और **कुल मणिपुरी आबादी का लगभग आधा हिस्सा** हैं।
- **चिरू जनजाति**- ये राज्य के चार ज़िलों **तमेंगलोंग, कांगपोकपी, चुराचाँदपुर और थौबल** में पाए जाते हैं। वे **चिरु बोली** बोलते हैं, जो कुकी-चिन-नगा भाषाओं में से एक है।
- **गंगटे जनजाति**- गंगटे का **चुराचाँदपुर ज़िले** पर कब्ज़ा है, जो राज्य के दक्षिणी छोर पर स्थित है। गंगटे के प्रमुख त्योहार हैं **(1) चपचल कुट, (2) गहमासा कुट, (3) मीम कुट, और (4) चवांग कुट।**

**अतः विकल्प D सही है।**

**24. राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (NOTTO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (NOTTO) की स्थापना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत की गई थी।
2. NOTTO अंगों और ऊतकों की खरीद एवं वितरण के लिये अखिल भारतीय समन्वय तथा नेटवर्किंग हेतु एक शीर्ष केंद्र के रूप में कार्य करता है।
3. NOTTO राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम (NOTP) लागू करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (NOTTO):**

- **राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (NOTTO)** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य सेवा **महानिदेशालय के तहत स्थापित एक राष्ट्रीय स्तर** का संगठन है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- NOTTO देश में अंगों और ऊतकों की खरीद एवं वितरण तथा **अंगों व ऊतकों के दान व प्रत्यारोपण** की रजिस्ट्री के लिये अखिल भारतीय समन्वय एवं नेटवर्किंग हेतु एक शीर्ष **केंद्र** के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम (NOTP) राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (NOTTO) द्वारा कार्यान्वित एक केंद्रीय क्षेत्र की सतत् योजना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आदर्श आचार संहिता (Model Code of Conduct - MCC) हमारे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये कानून एवं न्याय मंत्रालय द्वारा दिशा-निर्देशों का एक समूह है।
2. MCC लोकसभा और राज्य विधानसभाओं से लेकर स्थानीय निकायों तक सभी चुनावों पर लागू होता है।
3. इसमें बताया गया है कि विवाद की स्थिति में पार्टियाँ चुनाव आयोग के पर्यवेक्षकों के पास शिकायत कैसे दर्ज करा सकती हैं।

**उपर्युक्त दिये गए कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**आदर्श आचार संहिता (Model Code of Conduct- MCC):**

- **आदर्श आचार संहिता (Model Code of Conduct- MCC)** भारत के **चुनाव आयोग** द्वारा दिशा-निर्देशों का एक समूह है जो बताता है कि **राजनीतिक दलों एवं उम्मीदवारों को चुनाव अभियान** तथा मतदान के दौरान कैसा व्यवहार करना चाहिये। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- चुनाव की तारीखें घोषित होते ही यह **संहिता लागू** हो जाती है और परिणाम **घोषित होने तक लागू** रहती है।
- MCC **लोकसभा और राज्य विधानसभाओं** से लेकर स्थानीय निकायों तक **सभी चुनावों** पर लागू होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसमें बताया गया है कि विवाद की स्थिति में **पार्टियाँ चुनाव आयोग** के पर्यवेक्षकों के पास शिकायत कैसे दर्ज करा सकती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**26. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन पैरेटो इष्टतमता (Pareto optimality) का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

A. पैरेटो इष्टतमता तब होती है जब किसी समाज में सभी व्यक्तियों के बीच संसाधनों को समान रूप से वितरित किया जाता है।
B. पैरेटो इष्टतमता तब प्राप्त होती है जब कम-से-कम एक व्यक्ति को बदतर बनाए बिना समाज में किसी भी व्यक्ति को बेहतर बनाना असंभव होता है।
C. पैरेटो इष्टतमता व्यक्तिगत प्राथमिकताओं की परवाह किये बिना समाज की कुल उपयोगिता को अधिकतम करने का सुझाव देती है।
D. पैरेटो इष्टतमता तब प्राप्त होती है जब कोई समाज बिना किसी बाज़ार विफलता के पूर्ण आर्थिक दक्षता प्राप्त करता है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पैरेटो इष्टतमता (Pareto optimality):**

- **पैरेटो इष्टतमता** एक आर्थिक स्थिति है जहाँ संसाधनों को कम-से-कम एक व्यक्ति को बदतर बनाए बिना किसी एक व्यक्ति को **बेहतर बनाने** के लिये **पुनः आवंटित** नहीं किया जा सकता है।
- **पैरेटो इष्टतमता** तब होती है जब किसी अर्थव्यवस्था में उसके **संसाधन और सामान दक्षता के अधिकतम** स्तर तक आवंटित होते हैं तथा किसी को बदतर स्थिति में पहुँचाए बिना कोई बदलाव नहीं किया जा सकता है।
- **शुद्ध पैरेटो इष्टतमता केवल सिद्धांत** में मौजूद है, हालाँकि अर्थव्यवस्था **पैरेटो दक्षता** की ओर बढ़ सकती है।

**अतः विकल्प B सही है।**

**27. डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (Digital public infrastructure- DPIs) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह डिजिटल नेटवर्क को संदर्भित करता है जो नागरिकों को सामाजिक सेवाएँ प्रदान करने में मदद करता है।
2. इंडिया स्टैक के माध्यम से भारत, चीन के बाद तीनों मूलभूत DPI विकसित करने वाला दूसरा देश बन गया।
3. आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (Ayushman Bharat Digital Mission- ABDM) का लक्ष्य देश का एक एकीकृत डिजिटल स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचा विकसित करना है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

नोट :

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (Digital public infrastructure- DPIs):**

- डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना से तात्पर्य डिजिटल नेटवर्क से है जो नागरिकों को सामाजिक सेवाएँ प्रदान करने में मदद करता है। प्रसिद्ध उदाहरणों में आधार, यूनाइटेड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) और फास्टैग शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत, इंडिया स्टैक के माध्यम से डेटा एम्पावरमेंट प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर (DEPA) पर निर्मित सभी तीन मूलभूत DPI, डिजिटल पहचान (आधार), रियल-टाइम फास्ट पेमेंट (UPI) और अकाउंट एग्रीगेटर विकसित करने वाला पहला देश बन गया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) का उद्देश्य निर्बाध रोगी देखभाल के लिये अद्वितीय स्वास्थ्य ID और डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड की पेशकश करके देश का एक एकीकृत डिजिटल स्वास्थ्य अवसंरचना विकसित करना है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**28. निम्नलिखित में से कौन-सा समूह हिंद-प्रशांत क्षेत्र से संबंधित है/हैं?**

1. क्वाड (Quad)
2. स्क्वाड (Squad)
3. AUKUS

**उपर्युक्त विकल्पों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**हिंद-प्रशांत क्षेत्र (Indo-Pacific R egion):**

- **क्वाड (Quad) ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका** के बीच एक राजनयिक साझेदारी है, यह एक खुले, स्थिर एवं समृद्ध **हिंद-प्रशांत क्षेत्र (Indo-Pacific Region)** का समर्थन करने के लिये प्रतिबद्ध है जो समावेशी और लचीला है।
- **स्क्वाड (Squad) हिंद-प्रशांत क्षेत्र** में चीन का मुकाबला करने के लिये एक नया अमेरिका समर्थित क्षेत्रीय समूह है। इसमें **अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान और फिलीपींस** शामिल हैं।
- **AUKUS ऑस्ट्रेलिया, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका** के बीच **हिंद-प्रशांत क्षेत्र के** लिये एक **त्रिपक्षीय सुरक्षा** साझेदारी है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**29. सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SDG पाँच महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों को संबोधित करते हैं अर्थात् लोग, ग्रह, समृद्धि, शांति एवं साझेदारी।
2. एजेंडे में वर्ष 2030 तक पूरा करने के लिये 27 SDG का लक्ष्य रखा गया है।
3. ये कानूनी रूप से बाध्यकारी हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सतत् विकास लक्ष्य (SDG):**

- वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा अपनाए गए **सतत् विकास लक्ष्य 2030 तक पाँच महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों को संबोधित** करते हैं: **लोग, ग्रह, समृद्धि, शांति और साझेदारी। अत: कथन 1 सही है।**
- यह ऐतिहासिक एजेंडा **17 सतत् विकास लक्ष्यों (SDG)**, ग्रह एवं मानव जाति के लिये **गरिमा, शांति और समृद्धि के लक्ष्य निर्धारित** करता है, जिन्हें **वर्ष 2030 तक पूरा किया जाना** है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- सतत् विकास लक्ष्य (SDG), **कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं** हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**30. थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (TTS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. TTS के साथ थ्रोम्बोसिस एक दुर्लभ स्थिति है जिसमें शरीर में असामान्य स्थानों पर रक्त के थक्के बन जाते हैं।
2. इससे प्लेटलेट्स की संख्या में कमी आ जाती है।
3. TTS इसलिये होता है क्योंकि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली एंटीबॉडी बनाकर टीके के प्रति प्रतिक्रिया करती है और रक्त के थक्के बनने में शामिल प्रोटीन पर हमला करती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (TTS):**

- **थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (TTS)** के साथ **थ्रोम्बोसिस एक दुर्लभ स्थिति** है जिसमें **शरीर में असामान्य स्थानों पर रक्त के थक्के बन जाते हैं। अत: कथन 1 सही है।**
- **रक्त में प्लेटलेट्स की संख्या कम** हो जाती है। **प्लेटलेट्स छोटी कोशिकाएँ होती हैं जो रक्त को जमने में सहायता** प्रदान करती हैं, इसलिये इनकी बहुत कम मात्रा होना खतरनाक हो सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह स्थिति उन लोगों में देखी गई, जिन्हें **वैक्सज़ेवरिया, कोविशील्ड (एस्ट्राज़ेनेका)** एवं जॉनसन एंड जॉनसन/जानसेन COVID-19 वैक्सीन जैसे **एडेनोवायरल वेक्टर कोविड-19 टीके** लगाए गए थे।
- TTS इसलिये होता है क्योंकि शरीर की **प्रतिरक्षा प्रणाली एंटीबॉडी बनाकर टीके के प्रति प्रतिक्रिया** करती है जो **रक्त के थक्के बनने में शामिल प्रोटीन पर हमला** करती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**31. जिनेवा कन्वेंशन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

1. जिनेवा कन्वेंशन किसी भी चल रहे युद्ध से प्रभावित लोगों के मानवीय उपचार के लिये नैतिक एवं कानूनी अंतर्राष्ट्रीय मानकों को संहिताबद्ध करता है।
2. तीसरा जिनेवा कन्वेंशन नागरिकों की रक्षा करता है, जिसमें उसके अधिकार क्षेत्र में रहने वाले लोग भी शामिल हैं।
3. चौथा जिनेवा कन्वेंशन युद्धबंदियों पर लागू होता है जो कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार एवं धार्मिक गतिविधियों का अधिकार जैसी सुरक्षा प्रदान करता है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**जिनेवा कन्वेंशन, 1949:**

- **जिनेवा कन्वेंशन** में **चार संधियाँ शामिल** है, जिन्हें वर्ष 1949 में औपचारिक रूप दिया गया था और साथ ही **तीन अतिरिक्त प्रोटोकॉल** जिनमें से पहले दो को वर्ष 1977 में एवं तीसरे को वर्ष 2005 में औपचारिक रूप दिया गया था।
- जिनेवा कन्वेंशन, 1949 **युद्ध से प्रभावित लोगों के मानवीय उपचार के लिये** व्यापक रूप से स्वीकृत **नैतिक एवं कानूनी अंतर्राष्ट्रीय मानकों को संहिताबद्ध** करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- तीसरा जिनेवा कन्वेंशन **युद्धबंदियों पर लागू** होता है, जिसमें **कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार, धार्मिक, बौद्धिक और शारीरिक गतिविधियों का अधिकार** जैसी सामान्य सुरक्षा की एक विस्तृत शृंखला शामिल है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- चौथा जिनेवा कन्वेंशन **नागरिकों की रक्षा** करता है, जिसमें **अधिकार क्षेत्र में रहने वाले लोग** भी शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**32. "लुकआउट सर्कुलर" (LOC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. LOC व्यक्तियों की विदेश यात्रा को प्रतिबंधित करने के लिये प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी एक नोटिस है।
2. विदेश मंत्रालय भारतीय नागरिकों अथवा विदेशियों के विरुद्ध LOC खोलने के लिये एक समेकित दिशा-निर्देश प्रदान करता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**लुकआउट सर्कुलर (LOC):**

- **लुकआउट सर्कुलर, ऐसे व्यक्तियों को भारत की सीमाओं के बाहर जाने से रोकने के लिये जाँच अधिकारियों एवं सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अनुरोध पर व्यक्तियों की विदेश यात्रा को प्रतिबंधित करने के लिये आप्रवासन ब्यूरो द्वारा जारी** किया गया **एक नोटिस** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- यह नोटिस गृह मंत्रालय के 2021 के एक कार्यालय ज्ञापन (OMs) के तहत जारी किया जाता है, जो **भारतीय नागरिकों या विदेशियों के विरुद्ध LOC खोलने के लिये समेकित दिशा-निर्देश** प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में सीधी भर्ती के मामले में अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) और अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) को क्रमशः 15%, 7.5% एवं 27% की दर से आरक्षण प्रदान किया जाता है।
2. संविधान के अनुच्छेद 16(4) के तहत कई मुस्लिम समुदाय केंद्र और राज्य स्तर पर OBC आरक्षण के हकदार हैं।
3. न्यायमूर्ति ओ. चिन्नप्पा रेड्डी की अध्यक्षता में गठित तीसरे पिछड़ा वर्ग आयोग ने अपनी रिपोर्ट में मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिये शैक्षिक आरक्षण को खारिज कर दिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत में सकारात्मक कार्रवाई:**

- **खुली प्रतियोगिता** के माध्यम से अखिल भारतीय आधार पर **सीधी भर्ती** के मामले में **अनुसूचित जाति (SC)** के सदस्यों के लिये **15%, अनुसूचित जनजाति (ST)** के सदस्यों के लिये **7.5%** और **अन्य पिछड़े वर्गों (OBC)** के सदस्यों के लिये **27% आरक्षण** प्रदान किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- कई **मुस्लिम समुदाय** के सदस्य केंद्र और राज्य स्तर पर **अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) आरक्षण** के हकदार हैं। इसका प्रावधान संविधान के **अनुच्छेद 16(4)** में किया है, जो "राज्य के पिछड़े हुए नागरिकों के किसी वर्ग का पक्ष, जिसका राज्य की राय में राज्य के तहत सेवाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है" के लिये आरक्षण की गारंटी देता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- न्यायमूर्ति **ओ. चिन्नप्पा रेड्डी** की अध्यक्षता में गठित तीसरे पिछड़ा वर्ग आयोग ने अपनी रिपोर्ट में मुस्लिम समुदाय के लोगों को **"शैक्षिक और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग"** के रूप में वर्गीकृत किया तथा संविधान के अनुच्छेद **15 (4)** के तहत उनके लिये विशेष शैक्षिक आरक्षण की अनुशंसा की। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**34. PM गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (PMGS-NMP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PMGS-NMP का लक्ष्य विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी बुनियादी ढाँचा प्रदान करना है।
2. "राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन" में 7 इंजनों से संबंधित परियोजनाओं को PM गतिशक्ति के साथ एकीकृत किया गया है।
3. इस योजना को भारतीय प्रबंधन संस्थान-अहमदाबाद (IIM-अहमदाबाद) द्वारा एक डिजिटल मास्टर प्लानिंग टूल के रूप में विकसित किया गया है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**PM गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (PMGS-NMP):**

- **PM गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (PMGS-NMP)** का शुभारंभ 13 अक्तूबर 2021 को किया गया था जिसका उद्देश्य विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी बुनियादी ढाँचा प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- PM गतिशक्ति **7 इंजनों** द्वारा संचालित है जिसमें **रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाई अड्डे, जन परिवहन और लॉजिस्टिक अवसंरचना** शामिल है।
- **"राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन"** में 7 इंजनों से संबंधित परियोजनाओं को **PM गतिशक्ति** के साथ एकीकृत किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस योजना को **BISAG-N** (भास्कराचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लिकेशन एंड जियोइंफॉर्मेटिक्स) द्वारा एक **डिजिटल मास्टर प्लानिंग** टूल के रूप में विकसित किया गया है और इसे गतिशील भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) प्लेटफॉर्म में तैयार किया गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**35. भारत की औद्योगिक नीति के संबंध में निम्नलिखित कथन में से कौन-सा सही नहीं है ?**

A. औद्योगिक नीति संकल्प, 1948 में कहा गया है कि भारत एक मिश्रित आर्थिक मॉडल अपनाने जा रहा है।

B. औद्योगिक नीति वक्तव्य, 1956 ने उद्योगों को अनुसूची A, अनुसूची B और अनुसूची C में वर्गीकृत किया।

C. औद्योगिक नीति वक्तव्य, 1977 का मुख्य ज़ोर कुटीर और लघु उद्योगों को बढ़ावा देना था।

D. नई औद्योगिक नीति, 1991 को "भारत का आर्थिक संविधान" माना गयाI

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत की औद्योगिक नीति:**

- **औद्योगिक नीति संकल्प, 1948** द्वारा स्पष्ट कर दिया गया है कि भारत एक **मिश्रित आर्थिक मॉडल** अपनाने जा रहा है।
- **औद्योगिक नीति वक्तव्य, 1956** ने उद्योगों को **तीन श्रेणियों** में वर्गीकृत किया:
  - **अनुसूची A:** इसमें 17 उद्योग शामिल थे और यह **राज्य की विशेष ज़िम्मेदारी** थी।
  - **अनुसूची B:** इसमें 12 उद्योग शामिल थे जो **निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों के लिये** उपलब्ध थेI
  - **अनुसूची C:** इसमें वे सभी उद्योग शामिल थे जो इन दोनों अनुसूचियों में शामिल नहीं थे और तीसरी श्रेणी बनाई गई जिसे **निजी क्षेत्र के लिये निर्मित किया** गयाI
- **औद्योगिक नीति वक्तव्य, 1977** का मुख्य ज़ोर ग्रामीण क्षेत्रों व छोटे शहरों में व्यापक रूप से फैले **कुटीर और छोटे उद्योगों** को प्रभावी ढंग से बढ़ावा देना था।
- **औद्योगिक नीति वक्तव्य, 1956** को **"भारत का आर्थिक संविधान"** या **"राज्य पूंजीवाद का बाइबिल"** माना जाता है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**36. "उत्तरी किनारे के पहाड़ दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे ऊँची चोटी हकाकाबो रज़ी से ऊपर उठे नज़र आते हैं। अधिकांश पर्वतीय प्रणालियों की धुरी उत्तरी से दक्षिणी है। शान पठार के दक्षिणी विस्तार को बिलाउक्टांग रेंज कहा जाता है। देश में कई उत्कृष्ट प्राकृतिक बंदरगाह हैं।"**

**उपर्युक्त परिच्छेद में निम्नलिखित में से किस देश का वर्णन किया गया है ?**

A. थाईलैंड

B. म्याँमार

C. वियतनाम

D. बांग्लादेश

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**म्याँमार:**

- **म्याँमार** उत्तर में चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र से घिरा है; पूर्व में चीन, लाओस और थाईलैंड द्वारा, दक्षिण में अंडमान सागर तथा बंगाल की खाड़ी द्वारा एवं पश्चिम में बंगाल की खाड़ी, बांग्लादेश व भारत द्वारा।
- उत्तरी किनारे के पहाड़ दक्षिण-**पूर्व एशिया की सबसे ऊँची चोटी हकाकाबो रज़ी** से ऊपर उठे नज़र आते हैं।
- अधिकांश पर्वतीय प्रणालियों की धुरी **उत्तरी से दक्षिणी** है।
- **शान पठार** का **दक्षिणी विस्तार**, **बिलाउक्टांग रेंज**, दक्षिण-पश्चिमी थाईलैंड और दक्षिणपूर्वी निचले हिस्से में **म्याँमार** के मध्य की सीमा पर स्थित है।
- देश में कई उत्कृष्ट **प्राकृतिक बंदरगाह** हैं।

**अत: विकल्प B सही है।**

**37. तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) वह प्राकृतिक गैस है जिसे शीतलन की प्रक्रिया के माध्यम से तरल अवस्था में परिवर्तित कर दिया जाता है।
2. LNG जीवाश्म ईंधनों में सबसे स्वच्छ है।
3. साफ, गंधहीन और रंगहीन, LNG में आमतौर पर 85-95% मीथेन होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

उत्तर: D

व्याख्या:

तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG):

- प्राकृतिक गैस जिसे परिवहन और भंडारण के लिये **तरल अवस्था** में लगभग **-260 डिग्री फारेनहाइट तक ठंडा** किया जाता है, **तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG)** के रूप में जानी जाती है। प्राकृतिक गैस की मात्रा उसकी तरल अवस्था में गैसीय अवस्था की तुलना में लगभग **600 गुना कम** होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **LNG सबसे स्वच्छ जीवाश्म ईंधन है,** जो कोयले की तुलना में 40% कम कार्बन डाइ-ऑक्साइड ($CO_2$) और तेल की तुलना में 30% कम उत्पादन करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- LNG एक **स्पष्ट, रंगहीन, गंधहीन** ईंधन है जिसमें अधिकतर **85-95% मीथेन** होता है, जिसमें अन्य जीवाश्म ईंधन की तुलना में कम कार्बन सामग्री होती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**38. न्यूनतम निर्यात मूल्य (MEP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MEP वह मूल्य है जिसके तहत एक निर्यातक को भारत से वस्तुओं के निर्यात करने की अनुमति नहीं है।
2. MEP व्यापार पर एक प्रकार का गुणात्मक प्रतिबंध है।
3. कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय MEP लागू करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1
D. केवल 2 और 3

उत्तर: C

व्याख्या:

न्यूनतम निर्यात मूल्य (MEP):

- **न्यूनतम निर्यात मूल्य (MEP)** वह मूल्य है जिसके तहत किसी निर्यातक को भारत से वस्तुओं का **निर्यात करने की अनुमति नहीं है। अत: कथन 1 सही है।**
- MEP को देश में **बढ़ते घरेलू खुदरा/थोक मूल्य** अथवा **उत्पादन व्यवधानों** को देखते हुए आरोपित किया जाता है।
- MEP व्यापार के लिये एक प्रकार का **मात्रात्मक प्रतिबंध** है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय** अपने **विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT)** के माध्यम से वस्तुओं के निर्यात पर न्यूनतम निर्यात मूल्य (MEP) आरोपित करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**39. वनाग्नि के निम्नलिखित में से कौन-से लाभ हैं?**

1. बीज अंकुरण
2. मृदा में पोषक तत्त्वों की वृद्धि
3. सूर्य के प्रकाश का ज़मीन तक पहुँचना

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से विकल्प सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

उत्तर: D

व्याख्या:

वनाग्नि:

- **वनाग्नि**, पौधों की कुछ प्रजातियों के निरंतर अस्तित्व के लिये आवश्यक है। उदाहरण के लिये **कुछ वृक्षों के शंकुओं** को खुलने के लिये ऊष्मा की आवश्यकता होती है ताकि वे अपने **बीज मुक्त कर सकें**। जैसे- चैपरल पौधों, चैमिस एवं स्क्रब ओक वृक्षों के **बीज़ों को अंकुरित करने के लिये आग की आवश्यकता** होती है।
- कम तीव्रता की आग की लपटें जंगल के मलबे और झाड़ियों को साफ करती हैं, मृदा में पोषक तत्त्वों की वृद्धि करती हैं तथा सूर्य के प्रकाश को सतह तक पहुँचने के लिये स्थान प्रदान करती है। सूर्य का प्रकाश छोटे पादपों का पोषण एवं बड़े वृक्षों को वृद्धि तथा विस्तार के लिये महत्त्वपूर्ण है।
- वनाग्नि, वृक्षों को हानि पहुँचाने वाले कीड़ों एवं बीमारियों को समाप्त करती है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**40. कश्मीर घाटी के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?**

A. कश्मीर घाटी हिमालय और पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला के मध्य स्थित है।
B. कश्मीर घाटी करेवा संरचनाओं के लिये जानी जाती है, जिनका उपयोग केसर के एक स्थानीय प्रकार ज़ाफरान को उगाने के लिये किया जाता है।
C. कोलाहोई ग्लेशियर झेलम नदी के लिये जल का मुख्य स्रोत है।
D. डल और वुलर झीलें कश्मीर घाटी में स्थित दो सबसे महत्त्वपूर्ण खारे पानी की झीलें हैं।

नोट :

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**कश्मीर घाटी:**

- **हिमालय और पीर पंजाल श्रृंखला** के मध्य, **कश्मीर की विश्व प्रसिद्ध घाटी** तथा **डल झील** स्थित है।
- कश्मीर हिमालय को **करेवा संरचनाओं** के लिये भी जाना जाता है, जिनका उपयोग स्थानीय केसर के एक प्रकार **ज़ाफरान** को उगाने के लिये किया जाता है।
- **कोलाहोई ग्लेशियर** कश्मीर में सबसे बड़ा है और झेलम नदी के लिये **पानी का मुख्य** स्रोत है।
- कश्मीर घाटी में कुछ सबसे महत्त्वपूर्ण **मीठे पानी की झीलें** हैं, जैसे- **डल और वुलर झील**, साथ ही **खारे पानी की झीलें**, जैसे- **पैंगोंग त्सो एवं त्सो मोरीरी।**

**अत: विकल्प D सही है।**

**41. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| 1. पावागाड़ा सोलर पार्क | a. आंध्र प्रदेश |
| 2. चरी-ढांड आर्द्रभूमि संरक्षण रिज़र्व | b. मणिपुर |
| 3. चांगथांग वन्यजीव अभयारण्य | c. सिक्किम |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**जलवायु परिवर्तन पर फैसला:**

- **पावागाड़ा सौर पार्क**, जिसे शक्ति स्थल के नाम से भी जाना जाता है, **भारत के कर्नाटक के तुमकुर ज़िले** के पावागाड़ा में विकसित एक 2 गीगावाट सौर परिसर है।
- **चरी-ढांड वेटलैंड संरक्षण रिज़र्व** गुजरात के **कच्छ ज़िले** में कच्छ के रण के **शुष्क बन्नी घास** के मैदानों और **दलदली नमक** के मैदानों के किनारे पर एक संरक्षित जंगल है।
- **चांगथांग वन्यजीव अभयारण्य** लद्दाख के लेह ज़िले में **लद्दाखी चांगथांग पठार** में स्थित है। यहाँ सबसे अधिक **ऊँचाई वाली पानी की झीलें पाई जाती है**, अर्थात् **त्सो मोरीरी (जो पृथ्वी पर सबसे ऊँची झील भी है), पैंगोंग त्सो और त्सो कार।**

**अत: विकल्प D सही है।**

**42. नए 'ऑनलाइन गेमिंग नियम, 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. युवा मामले और खेल मंत्रालय ने ऑनलाइन गेमर्स को हानिकारक सामग्री एवं लत से बचाने के लिये नए नियमों की घोषणा की।
2. ऐसे ऑनलाइन गेम जिनमें किसी भी प्रकार का जुआ (विज्ञापनों को छोड़कर) शामिल है, प्रतिबंधित हैं।
3. गेमर्स के पास समय या पैसा खर्च करने की सीमा तक पहुँचने के बाद ऑप्ट-आउट करने का विकल्प होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**नये ऑनलाइन गेमिंग नियम 2023:**

- **इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय (MeitY)** ने ऑनलाइन गेमर्स को **हानिकारक सामग्री एवं लत** से बचाने के लिये नए नियमों की घोषणा की है। इन नए **ऑनलाइन गेमिंग नियमों को 2021** के आईटी नियमों में संशोधन के रूप में शामिल किया गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ऐसे ऑनलाइन गेम जिनमें किसी भी प्रकार का जुआ (विज्ञापन सहित) शामिल है, प्रतिबंधित हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- गेमर्स के पास समय या पैसा खर्च करने की सीमा तक पहुँचने के बाद ऑप्ट-आउट करने का विकल्प होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**43. मुल्लापेरियार बाँध के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह बाँध मुल्लायार और पेरियार नदियों के संगम पर स्थित है।
2. यह बाँध तमिलनाडु में स्थित है लेकिन इसका संचालन केरल सरकार द्वारा किया जाता है।
3. इसका निर्माण पेरियार नदी से पानी को वैगई नदी बेसिन की ओर मोड़ने के लिये किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. केवल 2 और 3

नोट :

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**मुल्लापेरियार बाँध:**

- मुल्लापेरियार बाँध **मुल्लायार और पेरियार नदियों** के संगम के बाद स्थित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह बाँध **केरल में स्थित** है लेकिन इसका **संचालन तमिलनाडु सरकार** द्वारा किया जाता है। ब्रिटिश शासन के दौरान किये गए **999 साल के लीज़ समझौते** के अनुसार परिचालन अधिकार तमिलनाडु को सौंप दिया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसका निर्माण 19वीं सदी के अंत में ब्रिटिश इंजीनियर **जॉन पेनीकुइक** द्वारा सिंचाई और बिजली उत्पादन उद्देश्यों के लिये **पेरियार नदी से पानी को तमिलनाडु में वैगई नदी बेसिन** की ओर मोड़ने के लिये किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने केवल गर्मी की लहरों से प्रभावित राज्यों के लिये जलवायु, मौसम संबंधी और सौर जानकारी देने वाला एक व्यापक थर्मल आराम एटलस तैयार किया है।
2. इसने स्थापित किया था कि थर्मल पावर स्टेशनों से निकलने वाली फ्लाई ऐश का उपयोग सेलुलर कंक्रीट और ईंटों के उत्पादन के लिये कच्चे माल के रूप में किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रूड़की (Central Building Research Institute, Roorkee):**

- सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने देश के सभी राज्यों के लिये जलवायु, मौसम संबंधी और सौर जानकारी देने वाला एक **व्यापक थर्मल कम्फर्ट एटलस** तैयार किया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भवन निर्माण सामग्री प्रभाग (1970 के दशक में CBRI के समूहों में से एक) ने स्थापित किया था कि थर्मल पावर स्टेशनों से निकलने वाली **फ्लाई ऐश का उपयोग पॉज़ोलाना के रूप में** और **हल्के वजन वाले समुच्चय, सेलुलर कंक्रीट, ईंटों तथा कुछ अन्य निर्माण सामग्री के उत्पादन के लिये कच्चे माल के रूप में** किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**45. विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2024 के संदर्भ में कौन-सा कथन सही *नहीं* है?**

A. विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2024 में 180 देशों में भारत 159वें स्थान पर है।

B. यह सूचकांक संयुक्त राष्ट्र की विशेष एजेंसी रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा जारी किया गया था।

C. भारत की रैंक वर्ष 2023 के161 में सुधार के साथ यह वर्ष 2024 में 159 हो गई।

D. नॉर्वे रैंकिंग में शीर्ष पर है, जबकि डेनमार्क दूसरे स्थान पर है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक (World Press Freedom Index), 2024:**

- रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा जारी नवीनतम वार्षिक **विश्व प्रेस स्वतंत्रता 2024** सूचकांक में **भारत 180 देशों में 159वें स्थान पर है।**
- रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स पेरिस स्थित एक स्वतंत्र **गैर सरकारी संगठन** है। यह सूचना की स्वतंत्रता को मौलिक लोकतांत्रिक और मानव अधिकार मानते हुए प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा के लिये काम करता है।
- भारत की रैंक **वर्ष 2023 के 161 में सुधार के साथ यह वर्ष 2024 में 159 हो गई,** लेकिन ऐसा इसलिये हुआ क्योंकि अन्य देशों की रैंकिंग में गिरावट आई थी।
- विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में **नॉर्वे शीर्ष पर** है, जबकि **डेनमार्क दूसरे** तथा **स्वीडन तीसरे** स्थान पर है।

**अत: विकल्प B सही है।**

नोट :

**46. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. MSMEs को पूरी तरह से उनके टर्नओवर के आधार पर परिभाषित किया गया है और इसमें संयंत्र एवं मशीनरी में निवेश से संबंधित कोई मानदंड शामिल नहीं है।

B. MSMEs को विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों के लिये अलग-अलग मानदंडों के साथ, संयंत्र तथा मशीनरी में टर्नओवर और निवेश दोनों के आधार पर वर्गीकृत किया गया है।

C. MSMEs विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र तक ही सीमित हैं और इसमें किसी भी सेवा-आधारित उद्यम शामिल नहीं हैं।

D. MSMEs को केवल राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है और उन्हें राज्य सरकारों से कोई समर्थन या प्रोत्साहन नहीं मिलता है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (Micro, Small and Medium Enterprises- MSMEs):**

- 2006 में MSMEs विकास अधिनियम अस्तित्त्व में आने के 14 साल बाद 13 मई, 2020 को आत्मनिर्भर भारत पैकेज में MSMEs की परिभाषा में संशोधन की घोषणा की गई।
- समग्र मानदंड: संयंत्र और मशीनरी/उपकरण में निवेश एवं वार्षिक कारोबार

| वर्गीकरण | सूक्ष्म | लघु | मध्यम |
|---|---|---|---|
| विनिर्माण उद्यम और सेवाएँ प्रदान करने वाले उद्यम | संयंत्र एवं मशीनरी या उपकरण में निवेश: 1 करोड़ रुपए से अधिक नहीं और वार्षिक कारोबार 5 करोड़ रुपए से अधिक नहीं | संयंत्र एवं मशीनरी या उपकरण में निवेश: 10 करोड़ रुपए से अधिक नहीं और वार्षिक कारोबार 50 करोड़ रुपए से अधिक नहीं | संयंत्र एवं मशीनरी या उपकरण में निवेश: 50 करोड़ रुपए से अधिक नहीं और वार्षिक कारोबार 250 करोड़ रुपए से अधिक नहीं |

**अत: विकल्प B सही है।**

**47. बौद्धिक संपदा अधिकार (Intellectual Property Right - IPR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कॉपीराइट एक कानूनी शब्द है जिसका उपयोग रचनाकारों के साहित्यिक और कलात्मक कार्यों पर उनके अधिकारों का वर्णन करने के लिये किया जाता है।
2. कॉपीराइट के अंतर्गत आने वाले कार्यों में पुस्तकों से लेकर कंप्यूटर प्रोग्राम, डेटाबेस, विज्ञापन, मानचित्र और तकनीकी चित्र शामिल हैं।
3. ट्रिप्स समझौता (बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधित पहलू) विश्व व्यापार संगठन (World Trade Organization) द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकारों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को विनियमित करने के लिये स्थापित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**बौद्धिक संपदा अधिकार (Intellectual Property Right- IPR):**

- **कॉपीराइट** एक कानूनी शब्द है जिसका उपयोग **रचनाकारों के साहित्यिक और कलात्मक कार्यों** पर उनके **अधिकारों** का वर्णन करने के लिये किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- कॉपीराइट के दायरे में आने वाले कार्यों में **किताबें, संगीत, पेंटिंग, मूर्तिकला और फिल्मों से लेकर कंप्यूटर प्रोग्राम, डेटाबेस, विज्ञापन, मानचित्र एवं तकनीकी चित्र शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।**
- **ट्रिप्स समझौता** (बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधित पहलू) **विश्व व्यापार संगठन (World Trade Organization)** द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकारों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को विनियमित करने के लिये स्थापित किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**48. निम्नलिखित में से कौन-सा बूटस्ट्रैपिंग का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. किसी कंपनी को शुरू करने और विकसित करने के लिये केवल मौजूदा संसाधनों जैसे- व्यक्तिगत बचत, व्यक्तिगत कंप्यूटिंग उपकरण एवं गैराज का उपयोग करना।

B. निवेशकों द्वारा कंपनी में इक्विटी या स्वामित्व के बदले उच्च विकास क्षमता वाले शुरुआती चरण के स्टार्टअप को फंडिंग प्रदान करना।

C. अमीर व्यक्ति अपना पैसा किसी ऐसी कंपनी में निवेश करता है जो आमतौर पर एक स्टार्ट-अप होती है जो विकास के शुरुआती चरण में होती है।

D. ऐसी बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का समर्थन करना जो आर्थिक रूप से उचितस्थान हों लेकिन वित्तीय व्यवहार्यता से थोड़ी कम हों।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**बूटस्ट्रैपिंग:**

- **बूटस्ट्रैपिंग** एक शब्द है जिसका उपयोग व्यवसाय में किसी कंपनी को शुरू करने और विकसित करने के लिये केवल मौजूदा संसाधनों **जैसे- व्यक्तिगत बचत, व्यक्तिगत कंप्यूटिंग उपकरण एवं गैराज स्थान का उपयोग करने की प्रक्रिया को संदर्भित करने के लिये किया जाता है।**
- **वेंचर कैपिटल (Venture capital- VC)** निजी इक्विटी **वित्तपोषण** का एक रूप है जो कंपनियों द्वारा स्टार्टअप, शुरुआती चरण और उभरती कंपनियों को प्रदान किया जाता है, जिन्हें **उच्च विकास क्षमता** वाला माना जाता है।
- **एंजेल निवेशक** एक **धनी व्यक्ति** होता है जो अपना पैसा किसी कंपनी में निवेश करता है जो आमतौर पर एक स्टार्ट-अप होता है जो विकास के शुरुआती चरण में होता है।
- **वायबिलिटी गैप फंडिंग (Viability Gap Funding- VGF)** का अर्थ उन बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का समर्थन करना है जो आर्थिक रूप से उचित हैं लेकिन वित्तीय व्यवहार्यता से थोड़ी कम हैं।

**अतः विकल्प A सही है।**

**49. "वैश्विक प्लास्टिक संधि" के संदर्भ में नीचे दिये गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. वैश्विक प्लास्टिक संकट पर बहस के लिये संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा नैरोबी, केन्या में बुलाई गई।
2. एक ऐतिहासिक कदम में संयुक्त राष्ट्र के सभी देशों ने प्लास्टिक प्रदूषण के लिये एक वैश्विक संधि को अपनाने के लिये मतदान किया।
3. इस संधि का उद्देश्य प्लास्टिक के जीवन काल के सभी चरणों में चल रहे प्लास्टिक प्रदूषण संकट को हल करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वैश्विक प्लास्टिक संधि:**

- मार्च, 2022 में **वैश्विक प्लास्टिक संकट** पर बहस करने के लिये **संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा नैरोबी, केन्या** में बुलाई गई। **अतः कथन 1 सही है।**
- एक ऐतिहासिक कदम में **175 देशों** ने त्वरित समय-सीमा पर सहमति व्यक्त करते हुए प्लास्टिक प्रदूषण के लिये एक वैश्विक संधि को अपनाने के लिये मतदान किया ताकि संधि को वर्ष 2025 तक जल्द-से-जल्द लागू किया जा सके। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वैश्विक प्लास्टिक संधि प्लास्टिक के जीवन काल के सभी चरणों में चल रहे प्लास्टिक प्रदूषण संकट को प्रभावी ढंग से हल करने के लिये विश्वव्यापी समन्वित पहल के लिये एक अद्वितीय और महत्त्वपूर्ण अवसर का प्रतिनिधित्व करती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**50. "भारत में विदेशी वकीलों और विदेशी कानून फर्मों के पंजीकरण एवं विनियमन के नियम, 2022" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विदेशी वकील पारस्परिकता के सिद्धांत पर भारत में विदेशी कानून और विविध अंतर्राष्ट्रीय कानून के साथ मध्यस्थता मामलों की प्रैक्टिस कर सकते हैं।
2. विदेशी वकील भारतीय न्यायालयों, न्यायाधिकरणों अथवा वैधानिक प्राधिकारियों के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं।
3. विदेशी वकीलों या फर्मों को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (BCI) के साथ पंजीकृत होना होगा, जो 10 वर्षों के लिये वैध होगा।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत में विदेशी वकीलों और विदेशी कानून फर्मों के पंजीकरण एवं विनियमन के नियम, 2022 के अनुसार:**

- विदेशी वकील **पारस्परिकता के सिद्धांत पर** भारत में **विदेशी कानून और विविध अंतर्राष्ट्रीय कानून के साथ मध्यस्थता मामलों** पर अभ्यास कर सकते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- वे **भारतीय कानून का अभ्यास नहीं** कर सकते और उनकी **कार्यप्रणाली गैर-मुकदमा संबंधी मामलों तक ही सीमित** रहेगी। विदेशी वकील भारतीय **न्यायालयों, न्यायाधिकरणों अथवा वैधानिक प्राधिकारियों के समक्ष उपस्थित नहीं** हो सकते। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- विदेशी वकीलों अथवा फर्मों को BCI के साथ पंजीकृत होना होगा, जो पाँच वर्ष की अवधि लिये वैध होगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. "उत्तराधिकार कर", "संपत्ति कर" से भिन्न है जो स्वामी के जीवन काल में संपत्ति पर लगाया जाने वाला वार्षिक कर है।
2. भूमि मूल्य कर (LVT) भूमि के मूल्य पर लगता है, न कि भूमि पर बनी संरचनाओं पर।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**उत्तराधिकार कर:**

- **"उत्तराधिकार कर"** उत्तराधिकार में प्राप्त **उच्च-मूल्य वाली संपत्तियों** पर लगाया जाने वाला एकमुश्त कर है।
- "उत्तराधिकार कर", "संपत्ति कर" से भिन्न है जो **स्वामी के जीवन काल में संपत्ति पर लगाया** जाने वाला **वार्षिक कर है। अतः कथन 1 सही है।**
- **भूमि मूल्य कर ( LVT )** संपत्ति कर का आकलन करने की एक विधि है जो **केवल भूमि के मूल्य** पर विचार करती है, न कि **भूमि पर बनी संरचनाओं पर। अतः कथन 2 सही है।**

**52. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

**कथन-I: वनाग्नि अनियंत्रित और तेज़ी से फैलने वाली आग की घटना है जो वनस्पति, वन एवं अन्य दहनशील सामग्रियों के कारण तेज़ी से फैलती है।**

**कथन-II: भूमध्यसागरीय जलवायु वाले क्षेत्रों में अक्सर वनाग्नि की घटना देखी जाती है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वनाग्नि:**

- **वनाग्नि** अनियंत्रित और तेज़ी से फैलने वाली आग की घटना है जो **वनस्पति, वन एवं अन्य दहनशील सामग्रियों** के कारण **तेज़ी** से फैलती है। **अतः कथन I सही है।**
- कुछ क्षेत्रों में **वनाग्नि** की घटनाएँ **नियमित आधार** पर घटित होती हैं। उदाहरण के लिये **भूमध्यसागरीय जलवायु** वाले क्षेत्र अथवा **मौसमी शुष्कता** की संभावना वाले क्षेत्र जैसे- कैलिफोर्निया, ऑस्ट्रेलिया और भूमध्यसागरीय क्षेत्र के कुछ हिस्सों में वनाग्नि की घटना बार-बार देखी जाती है। **अतः कथन II सही है।**

**अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या नहीं है।**

**53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विसेग्राड समूह मध्य यूरोप में चेक गणराज्य, हंगरी, पोलैंड और स्लोवाकिया का समूह है।
2. बोलीविया, चिली और अर्जेंटीना तक फैले कार्पेथियन पर्वत लैटिन अमेरिका की एक महत्त्वपूर्ण भौगोलिक विशेषता बनाते हैं।
3. डेन्यूब, राइन, एल्बे और तिबर नदियाँ मध्य यूरोप की महत्त्वपूर्ण नदियाँ हैं।

नोट :

**नीचे दिये गए कोड का उपयोग करके सही कथन चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**मध्य यूरोप:**

- **विसेग्राड ग्रुप** (जिसे **"विसेग्राड फोर"** या बस **"V4"** के रूप में भी जाना जाता है) चार मध्य यूरोपीय देशों का एक सांस्कृतिक और राजनीतिक गठबंधन है: **चेक गणराज्य, हंगरी, पोलैंड एवं स्लोवाकिया। अत: कथन 1 सही है।**
- सात यूरोपीय देश (**चेक गणराज्य, हंगरी, पोलैंड, रोमानिया, सर्बिया, स्लोवाक गणराज्य और यूक्रेन**) कार्पेथियन पर्वत क्षेत्र को साझा करते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **मध्य यूरोप** की महत्त्वपूर्ण नदियाँ **डेन्यूब, राइन और एल्बे** हैं, जो कई देशों से होकर गुज़रती हैं। **तिबर नदी** मध्य यूरोप में नहीं बल्कि यह **इटली** से होकर बहती है, मुख्यत: **रोम शहर** से होकर। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 36 महीने से कम उम्र के बच्चों के लिये शिशु आहार में अतिरिक्त शर्करा पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है।
2. शिशु के पोषण के लिये भोजन में सुक्रोज़ और फ्रुक्टोज़ पसंदीदा कार्बोहाइड्रेट होंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**खाद्य विनियमन मानक (Food regulation standards):**

- वर्ष 2019 में **विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organisation)** ने **तीन साल से कम उम्र** के शिशुओं और बच्चों के लिये खाद्य उत्पादों में अतिरिक्त चीनी एवं शर्करा पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया, जिसके बाद कई देशों ने इस तरह के प्रतिबंध को शामिल किया। **अत: कथन 1 सही है।**
- शिशु के पोषण के लिये भोजन में **लैक्टोज़ और ग्लूकोज़ पॉलिमर पसंदीदा कार्बोहाइड्रेट** होंगे।
- **सुक्रोज़ और फ्रुक्टोज़ नहीं मिलाया जाएगा। अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**55. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द "राउंड ट्रिपिंग" के बारे में सही *नहीं* है?**

A. राउंड ट्रिपिंग शेल लेन-देन या परिसंपत्तियों के व्यापार से आय बढ़ाने का एक अनैतिक तरीका है।

B. संगठन के विस्तार को प्रदर्शित करने और निवेशकों को बरगलाने एवं लुभाने के लिये राउंड ट्रिपिंग से राजस्व को बढ़ाकर संगठन को लाभ होता है।

C. यह अधिकतर लाभ को अधिकतम करने हेतु या गैर-पारस्परिक समझौते के लिये किया जाता है।

D. वाणिज्यिक बैंक और डेरिवेटिव उत्पाद इस प्रकार का व्यापार नियमित रूप से करते हैं।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राउंड ट्रिपिंग:**

- **राउंड ट्रिपिंग** शेल लेन-देन या परिसंपत्तियों का व्यापार करके आय बढ़ाने का एक **अनैतिक तरीका** है।
- संगठन के विस्तार को प्रदर्शित करने के लिये यह प्रदर्शित करने हेतु कि कंपनी प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में **अधिक व्यवसाय** कर रही है और निवेशकों को **बरगलाने एवं लुभाने** के लिये **राउंड ट्रिपिंग से संगठन** को लाभ होता है।
- यह अधिकतर **बिना किसी लाभ के आधार पर या आपसी समझौते पर** किया जाता है।
- **वाणिज्यिक बैंक और डेरिवेटिव उत्पाद नियमित** रूप से इस प्रकार का व्यापार करते हैं।

**अत: विकल्प C सही है।**

**56. भारत में पूंजी बाज़ार के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा "रिकॉर्डकीपर" हैं?**

1. नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपॉज़िटरी लिमिटेड (NSDL)
2. सेंट्रल डिपॉज़िटरी सर्विसेज़ लिमिटेड (CDSL)
3. कंप्यूटर एज प्रबंधन सेवाएँ (CAMS)
4. KFin टेक्नोलॉजीज़

**उपर्युक्त विकल्पों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2, 3 और 4

उत्तर: D

व्याख्या:

रिकॉर्डकीपर:

- एक **रिकॉर्डकीपर** एक निवेशक की **प्रतिभूतियों के लेन-देन** और होल्डिंग्स के बारे में सच्चाई का एकमात्र स्रोत है।
- भारत में **चार रिकॉर्डकीपर** हैं- इक्विटी के लिये **नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपॉज़िटरी लिमिटेड (NSDL)** और **सेंट्रल डिपॉज़िटरी सर्विसेज़ लिमिटेड (CDSL)** एवं म्यूचुअल फंड के लिये **कंप्यूटर एज मैनेजमेंट सर्विसेज़ (CAMS)** तथा **KFin टेक्नोलॉजीज़**।
- **NSDL** और **CDSL** डिपॉज़िटरी हैं एवं **CAMS** तथा **KFin योग्य रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंट (QRTA) हैं।**

**अत: विकल्प D सही है।**

**57. राफा शहर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राफा गाज़ा के दक्षिण में भूमध्य सागर के तट पर स्थित एक शहर है।
2. जब इज़रायल सिनाई प्रायद्वीप से पृथक हुआ, तब यह गज़ान एवं मिस्र दो भागों में विभाजित हो गया।
3. गाज़ा में मानवीय सहायता के लिये राफा, इरेज़ और केरेम शालोम तीन सीमा बिंदु हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

उत्तर: A

व्याख्या:

राफा शहर:

- **राफा, गाज़ा के दक्षिण में एक शहर** है और इसकी **सीमा मिस्र के सिनाई प्रायद्वीप** से लगती है। यह एक भू-आबद्ध क्षेत्र है और साथ ही यह **भूमध्य सागर के तट पर स्थित नहीं** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **वर्ष 1982** में जब इज़रायल सिनाई प्रायद्वीप से पृथक हुआ, तब यह गज़ान एवं मिस्र दो भागों में विभाजित हो गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- **मिस्र द्वारा नियंत्रित, राफा मानवीय सहायता के लिये एकमात्र सीमा बिंदु** है। इज़रायल के पास बिंदु **इरेज़ तथा केरेम शालोम पर संप्रभुता** है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**




**58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 39 (b) यह सुनिश्चित करता है कि धन और उत्पादन के साधन "सामान्य हानि" के लिये "केंद्रित" नहीं हैं।
2. 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 के माध्यम से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 31C में कुछ निर्देशक सिद्धांतों को प्रभावी करने वाले कानूनों को बचाने से संबंधित प्रावधान शामिल हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

उत्तर: A

व्याख्या:

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 39(b):

- भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 39(b)** राज्य पर "**समुदाय के भौतिक संसाधनों के स्वामित्व एवं नियंत्रण को वितरित करने की दिशा में नीति बनाने का दायित्व है कि यह सर्व-सामान्य के कल्याण हेतु सर्वोत्तम हो**"। यह सुनिश्चित करता है कि धन और उत्पादन के साधन "सामान्य हानि" के लिये "केंद्रित" नहीं हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

- **वर्ष 1971 के 25वें संशोधन अधिनियम** के आधार पर **अनुच्छेद 31C,** भारतीय संविधान में जोड़ा गया था। अनुच्छेद 31C के अनुसार, अनुच्छेद 39 के खंड (b) तथा (c) को लागू करने वाले किसी कानून को इस आधार पर अमान्य नहीं माना जा सकता है कि यह अनुच्छेद 14 या 19 द्वारा दिये गए अधिकारों का उल्लंघन करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**59. मानव विकास रिपोर्ट (HDR) 2023-2024 के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है:**

A. भारत को 193 देशों और क्षेत्रों में से 124 वें स्थान पर रखा गया है।

B. मानव विकास रिपोर्ट 2023-2024 का शीर्षक है "ब्रेकिंग द ग्रिडलॉक: रीइमेजिनिंग कोऑपरेशन इन ए पोलराइज़्ड वर्ल्ड।"

C. एचडीआर 2023-2024 में लगातार दो वर्षों में पहली बार वैश्विक मानव विकास सूचकांक (HDI) मूल्य में कमी देखी गई।

D. मानव विकास रिपोर्ट (HDR) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के मानव विकास रिपोर्ट कार्यालय द्वारा प्रकाशित की जाती है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मानव विकास रिपोर्ट (HDR) 2023-2024:**

- **मानव विकास रिपोर्ट (HDR) 2023-24 में** भारत का HDI मूल्य **2022** में बढ़कर **0.644** हो गया है, जिससे देश **193** देशों और क्षेत्रों में **134 वें** स्थान पर है।
- मानव विकास रिपोर्ट 2023-2024 का शीर्षक है **"ब्रेकिंग द ग्रिडलॉक: रीइमेजिनिंग कोऑपरेशन इन ए पोलराइज़्ड वर्ल्ड।"**
- 2023-2024 HDR 2021-2022 मानव विकास रिपोर्ट के निष्कर्षों पर आधारित है, **जिसमें लगातार दो वर्षों में पहली बार वैश्विक HDI मूल्य में कमी देखी गई।**
- मानव विकास रिपोर्ट (HDR) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम **(UNDP)** के **मानव विकास रिपोर्ट कार्यालय** द्वारा प्रकाशित एक **वार्षिक रिपोर्ट** है।

**अतः विकल्प A सही है ।**

**60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) की गणना कुल कार्य-आयु आबादी द्वारा विभाजित श्रम बल के रूप में की जाती है।
2. आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) की वार्षिक रिपोर्ट 2022-2023 के अनुसार, महिलाओं के लिये श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) बढ़कर लगभग 50% हो गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 औए 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**श्रम बल भागीदारी दर( LFPR ):**

- श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) की गणना **कुल कार्य-आयु आबादी द्वारा विभाजित श्रम बल के रूप में की जाती है।** कामकाजी आयु की जनसंख्या **15 से 64 वर्ष की आयु** के लोगों को संदर्भित करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) की वार्षिक रिपोर्ट 2022-2023 के अनुसार, भारत में **पुरुषों के लिये LFPR 2017-18 में 75.1%** से बढ़कर **2022-23 में 77.4%** हो गई और **महिलाओं के लिये LFPR** में वृद्धि **21.1% से** बढ़कर **31.6%** हो गई। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**61. मुख्य तथ्य कथन (KFS) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

1. "मुख्य तथ्य विवरण" एक दस्तावेज़ है जो ऋण देने की शर्तों जैसे- वार्षिक प्रतिशत दर, प्रसंस्करण शुल्क और दंड को स्पष्ट रूप से समझाता है।
2. भारतीय रिज़र्व बैंक ने आदेश दिया है कि सभी विनियमित संस्थाएँ कॉर्पोरेट उधारकर्त्ताओं को एक मुख्य तथ्य विवरण (KFS) प्रदान करें।
3. मुख्य तथ्य विवरण विशेष रूप से सूचीबद्ध वाणिज्यिक बैंकों द्वारा व्यक्तिगत उधारकर्त्ताओं और माइक्रोफाइनेंस ऋणों के लिये अनिवार्य है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

नोट :

**उत्तर: A**

**व्याख्या :**

**मुख्य तथ्य विवरण (KFS):**

- **मुख्य तथ्य विवरण** एक दस्तावेज़ है जो **ऋण देने की शर्तों** को स्पष्ट रूप से समझाता है। इसमें **वार्षिक प्रतिशत दर, प्रसंस्करण शुल्क, जुर्माना शुल्क, विभिन्न ऋण शुल्क** आदि का उल्लेख होना चाहिये। **अत: कथन 1 सही है।**
- **भारतीय रिज़र्व बैंक** ने अनिवार्य किया है कि सभी विनियमित संस्थाएँ **खुदरा और MSME उधारकर्त्ताओं** को एक मुख्य तथ्य विवरण (KFS) प्रदान करें, जिसमें आवश्यक सूचनाएँ तथा वसूली व शिकायत निवारण तंत्र शामिल हों। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- मुख्य तथ्य विवरण विशेष रूप से सूचीबद्ध वाणिज्यिक बैंकों द्वारा **व्यक्तिगत उधारकर्त्ताओं को दिये जाने वाले ऋण, विनियमित संस्थाओं द्वारा डिजिटल ऋण और माइक्रोफाइनेंस ऋण देने के लिये अनिवार्य है। अत: कथन 3 सही है।**

**62. उपभोग व्यय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. निजी अंतिम उपभोग व्यय (PFCE) केवल देश के भौगोलिक क्षेत्र के भीतर निवास करने वाले परिवारों द्वारा किया जाता है।
2. PFCE का अनुमान कमोडिटी प्रवाह पद्धति का पालन करके प्राप्त किये जाते हैं।
3. परिवारों और गैर-लाभकारी संस्थाओं की सेवा करने वाले परिवारों (NPISH) के अंतिम उपभोग व्यय का अनुमान एक साथ लगाया जाता है अलग से नहीं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर : B**

**व्याख्या:**

**उपभोग व्यय:**

- **निजी अंतिम उपभोग व्यय (PFCE)** किसी देश के आर्थिक क्षेत्र में **निवासी परिवारों** और **गैर-लाभकारी संस्थानों (NPISH)** द्वारा किया जाता है, इस आर्थिक क्षेत्र में **भौगोलिक क्षेत्र, अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में तेल एवं गैस के प्राकृतिक भंडार** (यदि निवासियों द्वारा काम किया जाता है) तथा **विदेश में स्थित क्षेत्रीय परिक्षेत्र**, जैसे राजनयिक प्रतिनिधित्व व **सैन्य अड्डे** सम्मिलित हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- PFCE के अनुमान **कमोडिटी प्रवाह पद्धति** का पालन करके प्राप्त किये जाते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- परिवारों तथा NPISH के अंतिम उपभोग व्यय का अनुमान एक साथ लगाया जाता है और ये अलग से उपलब्ध नहीं हैं। हालाँकि सेकेंड-हैंड सामानों पर होने वाला खर्च इसमें शामिल नहीं है। **अत: कथन 3 सही है।**

**63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: हाइब्रिड बॉण्ड इक्विटी और ऋण दोनों विशेषताओं के साथ एक प्रकार का पूंजी साधन हैं।**

**कथन-II: बेसल III एडिशनल टियर-1 बॉण्ड इक्विटी और ऋण दोनों की विशेषताओं के साथ हाइब्रिड उपकरण हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या करता है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**हाइब्रिड बॉण्ड:**

- **हाइब्रिड बॉण्ड** एक विशेष प्रकार की वित्तीय सुरक्षा है जिसमें **ऋण और इक्विटी** दोनों की विशेषताएँ होती हैं। **अत: कथन I सही है।**
- बेसल III **एडिशनल टियर-1 (AT1)** बॉण्ड इक्विटी और ऋण दोनों की विशेषताओं वाले हाइब्रिड हैं। **अत: कथन II सही है।**
- उच्च व्यवहार्यता वाले **बैंकों** के लिये, बेसल III AT1 उपकरणों में अधिक ऋण जैसी विशेषताएँ और सीमित इक्विटी विशेषताएँ होती हैं। हालाँकि कम व्यवहार्य वाले बैंकों के लिये ये उपकरण इक्विटी की तरह अधिक और ऋण की तरह कम व्यवहार करने लगते हैं।

**अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

नोट :

**64. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम (SWM), 2016 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अपशिष्ट जनरेटरों को कचरा संग्रहकर्त्ता को सौंपने से पहले उसे तीन धाराओं बायोडिग्रेडेबल, सूखा और घरेलू खतरनाक कचरे में से अलग करना होगा।
2. कचरा करने वालों को कचरा संग्रहकर्त्ता को "उपयोगकर्त्ता शुल्क" और कूड़ा-कचरा फैलाने तथा अलग न करने पर "स्पॉट फाइन" का भुगतान करना होगा।
3. विशेष आर्थिक क्षेत्र के डेवलपर्स को भूखंड के प्लॉट क्षेत्रफल का कम-से-कम 5% रिकवरी और रीसाइक्लिंग सुविधा के लिये निर्धारित करने की आवश्यकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम (SWM), 2016:**

- अपशिष्ट जनरेटरों को कचरा संग्रहकर्त्ता को सौंपने से पहले तीन धाराओं- **बायोडिग्रेडेबल**, **सूखा** (प्लास्टिक, कागज़, धातु, लकड़ी, आदि) और **घरेलू हानिकारक कचरे** (डायपर, नैपकिन, मच्छर भगाने वाले, सफाई एजेंट आदि) में से अलग करना होगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- कचरा करने वालों को कचरा संग्रहकर्त्ता को **"उपयोगकर्त्ता शुल्क"** और कूड़ा-कचरा फैलाने तथा उसे अलग न करने पर **"स्पॉट फाइन"** का भुगतान करना होगा, जिसकी मात्रा स्थानीय निकायों द्वारा तय की जाएगी। **अतः कथन 2 सही है।**
- **विशेष आर्थिक क्षेत्र, औद्योगिक संपदा, औद्योगिक पार्क** के डेवलपर्स को प्लॉट के कुल क्षेत्रफल का कम-से-कम **5%** या न्यूनतम **5 प्लॉट/शेड** रिकवरी और रीसाइक्लिंग सुविधा के लिये निर्धारित करने होंगे। **अतः कथन 3 सही है।**

**65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्लैक लाइव्स मैटर ग्लोबल नेटवर्क फाउंडेशन का उद्देश्य अश्वेत लोगों द्वारा अनुभव किये गए नस्लवाद, भेदभाव और असमानता को उजागर करना है।
2. इसकी समानता की मांगों में मानसिक स्वास्थ्य, एलजीबीटी समुदाय एवं मतदान अधिकार भी शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ब्लैक लाइव्स मैटर आंदोलन:**

- **ब्लैक लाइव्स मैटर ग्लोबल नेटवर्क फाउंडेशन अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा** में एक वैश्विक संगठन है जिसका उद्देश्य अश्वेत लोगों द्वारा अनुभव किये जाने वाले नस्लवाद, भेदभाव एवं असमानता को उजागर करना तथा श्वेत वर्चस्व को खत्म करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसके मुख्य लक्ष्यों में **पुलिस की बर्बरता को रोकना और अदालतों में अश्वेत लोगों** के साथ समान व्यवहार करने के लिये लड़ना शामिल है। इसकी समानता की मांगों में मानसिक स्वास्थ्य, एलजीबीटी समुदाय एवं मतदान अधिकार भी शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**66. निम्नलिखित में से कौन-सा जेनरेटिव AI के संभावित अनुप्रयोग हैं?**

1. ग्राहक सेवा के लिये चैटबॉट लागू करना।
2. नए चिप डिज़ाइनों का अनुकूलन।
3. एक विशेष शैली में फोटोयथार्थवादी (Photorealistic) कला का निर्माण
4. परीक्षण के लिये नई औषधि यौगिकों का सुझाव देना

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 2, 3 और 4
C. केवल 1, 4 और 5
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**जनरेटिव AI:**

- वस्तुतः किसी भी प्रकार की सामग्री उत्पन्न करने के लिये **जेनरेटिव AI** को विभिन्न उपयोग मामलों में लागू किया जा सकता है।
- **जेनरेटिव AI** के कुछ उपयोग मामलों में निम्नलिखित शामिल हैं:
  - ग्राहक सेवा और तकनीकी सहायता के लिये **चैटबॉट लागू** करना।

- **नए चिप डिज़ाइन** का अनुकूलन।
- एक विशेष शैली में **फोटोयथार्थवादी (Photorealistic) कला** का निर्माण करना।
- परीक्षण के लिये नई औषधि यौगिकों का सुझाव देना।
- भौतिक उत्पादों और इमारतों को डिज़ाइन करना।
- लोगों या विशिष्ट व्यक्तियों की **नकल करने के लिये डीपफेक** को तैनात करना।

**अत: विकल्प D सही है।**

**67. फ्लोर टेस्ट (विश्वास मत) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पता लगाने के लिये विधायी निकायों में फ्लोर टेस्ट आयोजित किया जाता है कि क्या सरकार अभी भी सदन का विश्वास बरकरार रखती है।
2. यहाँ तक कि जब विधानसभा का सत्र नहीं चल रहा हो तब भी अध्यक्ष के पास फ्लोर टेस्ट बुलाने का अधिकार रहता है।
3. कंपोज़िट फ्लोर टेस्ट तभी आयोजित किया जाता है जब एक से अधिक व्यक्ति सरकार बनाने का दावा पेश करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**फ्लोर टेस्ट (विश्वास मत):**

- **विधायी निकायों** में **फ्लोर टेस्ट** (जिसे **'विश्वास मत'** भी कहा जाता है) आयोजित किया जाता है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि जिस सरकार पर बहुमत न मिलने का संदेह है, वह अभी भी **सदन का विश्वास बरकरार** रखती है या नहीं। **अत: कथन 1 सही है।**
- जब **सदन का सत्र चल रहा हो** तो **अध्यक्ष** ही फ्लोर टेस्ट के लिये बुला सकता है। लेकिन जब **सभा का सत्र नहीं चल रहा हो**, तो **अनुच्छेद 163** के तहत **राज्यपाल** की अवशिष्ट शक्तियाँ उन्हें **फ्लोर टेस्ट** बुलाने की अनुमति देती हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **कंपोज़िट फ्लोर टेस्ट** तभी आयोजित किया जाता है जब एक से अधिक व्यक्ति सरकार बनाने का दावा पेश करते हैं। जब बहुमत स्पष्ट नहीं होती है, तो राज्यपाल यह देखने के लिये विशेष सत्र बुला सकता है कि किसके पास बहुमत है। **अत: कथन 3 सही है।**

**68. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन I: दोहरी अपस्फीति किसी उद्योग में जोड़े गए वास्तविक मूल्य की गणना करने का वैचारिक रूप से पसंदीदा तरीका है।**

**कथन II: दोहरी अपस्फीति के लिये सकल उत्पादन और मध्यवर्ती इनपुट के बीच संबंधों के बारे में अपेक्षाकृत अधिक धारणाओं की आवश्यकता होती है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**दोहरी अपस्फीति:**

- **दोहरी अपस्फीति** वह तकनीक है जिसका उपयोग किसी **उद्योग में जोड़े गए वास्तविक मूल्य** का अनुमान लगाने के लिये किया जाता है।
- दोहरी अपस्फीति विधि में वास्तविक जोड़ा गया मूल्य वास्तविक सकल आउटपुट और वास्तविक मध्यवर्ती इनपुट के बीच अंतर के रूप में मापा जाता है।
- दोहरी अपस्फीति, वास्तविक जोड़े गए मूल्य की गणना करने का वैचारिक रूप से पसंदीदा तरीका है क्योंकि इसमें सकल उत्पादन और मध्यवर्ती इनपुट के बीच संबंधों के बारे में कम धारणाओं की आवश्यकता होती है।

**अत: विकल्प C सही है क्योंकि कथन-I सही है तथा कथन-II सही नहीं है।**

**69. mRNA वैक्सीन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मैसेंजर RNA (संक्षिप्त रूप mRNA), RBC संश्लेषण से संबद्ध एकल-स्ट्रैंडेड RNA का एक प्रकार है।
2. mRNA का टीका लेने वाले व्यक्ति को वायरस के संपर्क में आने का जोखिम कम हो जाता है।
3. टीकों के माध्यम से mRNA कोशिकाओं के केंद्रक में प्रवेश नहीं करता और न ही DNA में कोई परिवर्तन करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**mRNA वैक्सीन:**

- **मैसेंजर RNA** (संक्षिप्त रूप mRNA) **प्रोटीन संश्लेषण** से संबद्ध एक प्रकार का **एकल-स्ट्रैंडेड RNA** है। **प्रतिलेखन की प्रक्रिया** के दौरान DNA टेम्पलेट से mRNA बनाया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें वायरल प्रोटीन से मेल खाने वाले mRNA के एक अंश का प्रवेश कराया जाता है, यह आमतौर पर वायरस की बाहरी झिल्ली पर पाया जाने वाला प्रोटीन का एक छोटा अंश होता है। mRNA का टीका लेने वाले व्यक्ति में वायरस के संपर्क में आने का जोखिम कम हो जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **टीकों के माध्यम से mRNA कोशिकाओं के केंद्रक में प्रवेश नहीं करता** है और न ही DNA में कोई परिवर्तन करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**70. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अल्पाधिकार प्रतिस्पर्द्धा का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

A. यह एक बाज़ार संरचना है जिसकी विशेषता यह है कि इसमें कई कंपनियाँ वस्तुओं का उत्पादन करती हैं इस बाज़ार में प्रवेश संबंधी कोई बाधा नहीं होती है।

B. यह एक बाज़ार संरचना है जिसमें केवल एक फर्म/कंपनी बाज़ार पर हावी होती है, जिसका वस्तुओं की कीमतों पर पूर्ण नियंत्रण होता है।

C. यह एक बाज़ार संरचना है जिसकी विशेषता बाज़ार पर प्रभुत्व रखने वाली कुछ बड़ी कंपनियाँ हैं, जिनमें से प्रत्येक कंपनियों में वस्तुओं की कीमतों को प्रभावित करने की क्षमता होती है।

D. यह एक बाज़ार संरचना है जहाँ कई छोटी कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्द्धा काफी अधिक होती है, जिनमें से प्रत्येक कंपनी अलग प्रकार के उत्पादन ककार्य से जुड़ी होती है।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अल्पाधिकार प्रतिस्पर्द्धा:**

- **अल्पाधिकार बाज़ार** एक ऐसा बाज़ार है जिस पर कुछ **बड़ी और अन्योन्याश्रित फर्मों का प्रभुत्त्व** होता है।
- इन फर्मों की बाज़ार पर अच्छी पकड़ होती है, जिसका अर्थ है कि वे **कीमतों और उत्पादन स्तर को प्रभावित** कर सकते हैं।
- इसमें **परस्पर निर्भरता** की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है, जिसका अर्थ है कि **ये कंपनियाँ एक-दूसरे की कीमतों और आउटपुट की निगरानी** करती हैं और तद्नुसार समायोजित करती हैं।
- एक अल्पाधिकार बाज़ार में प्रवेश से जुड़ी कुछ बाधाओं (जो नए अभिकर्त्ताओं को बाज़ार में प्रवेश करने से रोकती हैं) में **इकॉनमी ऑफ स्केल** (किसी फर्म द्वारा अपने उत्पादन के स्तर में वृद्धि के पश्चात् लागत लाभ का अनुभव), **विनियामक बाधाएँ, आपूर्ति व वितरण साधनों तक पहुँच, पूंजी आवश्यकताएँ एवं ब्रांड लॉयल्टी** शामिल हैं।

**अतः विकल्प C सही है।**

**71. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. भारत ने 2020-21 में अनुसंधान और विकास (R &D) पर अपने सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 2% ही खर्च किया।
2. भारत में 2020-21 के दौरान अनुसंधान एवं विकास खर्च केवल केंद्र सरकार द्वारा संचालित किया जाता है और उसके बाद राज्य सरकारों द्वारा।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : D**

**व्याख्या:**

**अनुसंधान और विकास( R&D ):**

- 2020-21 के दौरान **सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में अनुसंधान एवं विकास ( GERD )** पर भारत का **सकल घरेलू व्यय 0.64% रहा। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 2020–21 में अनुसंधान एवं विकास (GERD) पर सकल घरेलू व्यय मुख्य रूप से **केंद्र सरकार ( 43.7% )**, निजी क्षेत्र उद्योग (36.4%), उच्च शिक्षा (8.8%), **राज्य सरकारों ( 6.7% )** और सार्वजनिक क्षेत्र उद्योग (4.4%) द्वारा संचालित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

**72. प्रत्यक्ष कर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रत्यक्ष कर का भुगतान उन लोगों द्वारा किया जाता है जिन पर यह लगाया जाता है।
2. प्रत्यक्ष करों को व्यक्ति की भुगतान करने की क्षमता के आधार पर लगाया जाता है।
3. प्रत्यक्ष करों के उदाहरणों में ईंधन, शराब तथा सिगरेट पर उत्पाद शुल्क के साथ-साथ मूल्यवर्द्धित कर (VAT) शामिल हैं।
4. आयकर व्यक्तिगत तथा निगम कर दोनों के रूप में एकत्र किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्रत्यक्ष कर:**

- **प्रत्यक्ष कर का भुगतान उन लोगों द्वारा किया जाता है जिन पर यह लगाया** जाता है। जिन कंपनियों एवं व्यक्तियों पर प्रत्यक्ष कर लागू होते हैं वे करों का **भुगतान करने के लिये पूरी तरह उत्तरदायी** होते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्रत्यक्ष कर व्यक्तियों की **भुगतान करने की क्षमता के सिद्धांत के आधार पर लगाए** जाते हैं, जिन व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के पास अधिक संसाधनों तक पहुँच है और वे अधिक आय अर्जित करते हैं, उन्हें अधिक करों का भुगतान करने की आवश्यकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- ईंधन, शराब तथा सिगरेट पर **उत्पाद शुल्क** के साथ-साथ **मूल्यवर्द्धित कर (VAT)** अप्रत्यक्ष करों (प्रत्यक्ष कर नहीं) के उदाहरण हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- **आयकर व्यक्तिगत (PIT) तथा निगम कर, दोनों के रूप में एकत्र किये** जाता है। **अतः कथन 4 सही है।**

**73. आदर्श आचार संहिता (MCC) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संविधान की मूल संरचना का हिस्सा हैं।
2. आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर पीड़ित पक्ष कोर्ट से राहत मांग सकता है।
3. भारतीय चुनाव आयोग (ECI) चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 1968 के तहत किसी राजनीतिक दल की मान्यता निलंबित कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**आदर्श आचार संहिता (Model Code of Conduct - MCC):**

- **इंदिरा गांधी नेहरू बनाम राज नारायण मामले, 1975** में ***"स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव"*** पर आधारित लोकतंत्र को **संविधान के मूल ढाँचे** का हिस्सा माना गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- **आदर्श आचार संहिता** कानूनी रूप से लागू करने योग्य नहीं है। इसलिये संहिता के उल्लंघन के लिये **अदालत से कोई राहत लेना संभव नहीं है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **निर्वाचन प्रतीक (आरक्षण और आबंटन) आदेश, 1968 के पैरा 16A** के तहत, चुनाव आयोग किसी पार्टी की मान्यता निलंबित कर सकता है या गंभीर स्थिति में उसकी मान्यता वापस भी ले सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**74. अंतरिम ज़मानत के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नियमित या अग्रिम ज़मानत देने का अधिकार रखने वाली अदालतों को अंतरिम ज़मानत देने का भी अधिकार है।
2. "अंतरिम ज़मानत' शब्द को आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 में परिभाषित नहीं किया गया है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अंतरिम ज़मानत ( Interim Bail ):**

- **नियमित या अग्रिम ज़मानत देने का अधिकार** रखने वाली अदालतों को **अंतरिम ज़मानत** देने का भी अधिकार है। **अत: कथन 1 सही है।**
- जब किसी आरोपी को **नियमित ज़मानत** पर रिहा नहीं किया जाता और आवेदन अभी भी लंबित है, तो विशेष या आपातकालीन स्थितियों में अंतरिम जमानत दी जा सकती है, जैसे **करीबी रिश्तेदारों की मृत्यु या शादी।**
- "**अंतरिम ज़मानत**" शब्द को दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 में परिभाषित नहीं किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

**75. "प्रोटीन-फोल्डिंग समस्या" द्वारा संबोधित प्राथमिक चुनौती क्या है?**

A. प्रोटीन अणु में अमीनो एसिड के अनुक्रम का निर्धारण

B. अमीनो एसिड अनुक्रम से एक प्रोटीन अणु की त्रि-आयामी संरचना की भविष्यवाणी करना।

C. प्रोटीन अणुओं में एंज़ाइमों की उत्प्रेरक गतिविधि का अध्ययन

D. जैविक प्रणालियों में अन्य अणुओं के साथ प्रोटीन की परस्पर क्रिया की जाँच करना।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रोटीन-फोल्डिंग समस्या:**

- **प्रोटीन फोल्डिंग समस्या** वह प्रश्न है जिसमें यह प्रदर्शित किया जाता है कि प्रोटीन का अमीनो एसिड अनुक्रम प्रोटीन की **त्रि-आयामी परमाणु संरचना** को कैसे निर्देशित करता है।
- फोल्डिंग "समस्या" की अवधारणा पहली बार 1960 के आस-पास पहली **परमाणु-रिज़ॉल्यूशन प्रोटीन संरचनाओं** की उपस्थिति के कारण ज्ञात हुई।
- प्रोटीन फोल्डिंग की समस्या को **तीन अलग-अलग समस्याओं** के रूप में माना जाने लगा है:
    - **फोल्डिंग कोड: अमीनो एसिड अनुक्रम** के लिये **अंतर-परमाण्विक बलों** का कौन-सा संतुलन प्रोटीन की संरचना को निर्धारित करता है, इस प्रक्रिया की **ऊष्मागतिकी समस्या** को पहली समस्या माना जाता है।
    - **प्रोटीन संरचना भविष्यवाणी:** अमीनो एसिड अनुक्रम से प्रोटीन की **मूल संरचना** की भविष्यवाणी कैसे करें। इस प्रक्रिया की अभिकलनात्मक समस्या, दूसरी समस्या है।
    - **फोल्डिंग प्रक्रिया:** प्रोटीन इतनी तेज़ी से फोल्ड होने के लिये किन मार्गों या पथों का उपयोग करते हैं। इस प्रक्रिया में गतिकी की समस्या, तीसरी समस्या है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**76. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. समुद्र तल के नीचे ताज़े जल की नदियों का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है।
2. ताज़ा जल समुद्री जल की तुलना में कम घनत्व वाला होता है, अत: यह समुद्र के तल से ऊपर उठता है।
3. मिट्टी ढीली होने पर बहुत सारा जल धारण कर सकती है, परंतु जब यह जम जाती है तो यह जल के लिये लगभग अभेद्य हो जाती है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**समुद्र तल के नीचे ताज़े जल की नदी:**

- 1960 के दशक में अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने न्यू जर्सी तट पर **बोरहोल ड्रिल** किये और अप्रत्याशित रूप से **ताज़े जल की खोज** की। इसी तरह, गोताखोरों के एक समूह ने **मेक्सिको के समुद्र तल** के नीचे एक ऐसी नदी की खोज की है जिसमें ताज़े जल और खारे जल दोनों का प्रवाह **अलग-अलग गहराई** पर होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **ताज़ा जल समुद्री जल की तुलना** में कम घनत्व वाला होता है, अत: यह **समुद्र के तल से ऊपर उठता है।** समुद्री जल ताज़े जल की तुलना में थोड़ा अधिक घनत्व वाला होता है अत: यह ताज़े जल के नीचे डूब जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **मिट्टी ढीली होने पर** बहुत सारा जल धारण कर सकती है, परंतु जब यह जम जाती है तो यह **जल के लिये लगभग अभेद्य हो जाती है।** यह अभेद्यता कम घनत्व वाले ताज़े जल को समुद्र तल में ऊपर उठने से रोकती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**77. दी गई विशेषताओं के आधार पर जानवर की पहचान कीजिये:**

1. वे अपने विशिष्ट लाल फर के लिये जाने जाते हैं और सबसे बड़े वृक्षीय स्तनपायी हैं, जो अपना अधिकांश समय वृक्षों पर बिताते हैं।
2. मलय भाषा में उनके नाम का अर्थ "जंगल का आदमी" है।
3. इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) रेड लिस्ट के अनुसार, उनकी संरक्षण स्थिति गंभीर रूप से खतरे में है।
4. वे घाव को ठीक करने के लिये पादपों से बने पेस्ट का उपयोग करके स्व-चिकित्सा करते हैं।

**सही उत्तर का चयन कीजिये:**

A. बोनोबो
B. चिंपैंज़ी
C. गोरिल्ला
D. ओरंगुटान

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**ओरंगुटान:**

- अपने **विशिष्ट लाल फर** के लिये जाने जाने वाले ओरंगुटान **सबसे बड़े वृक्षवासी स्तनपायी** हैं, जो अपना अधिकांश समय वृक्षों पर बिताते हैं।
- मलय भाषा में ओरंगुटान नाम का अर्थ **"जंगल का आदमी"** है।
- इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) द्वारा ओरंगुटान को **गंभीर रूप से लुप्तप्राय (CR)** के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
- सुमात्रा (इंडोनेशिया) में राकुस नामक एक **ओरंगुटन** ने अकार कुनिंग नामक एक **औषधीय पौधे से चेहरे के घाव** का इलाज किया (Fibraurea tinctoria). घाव के इलाज के लिये औषधीय गुणों वाले उपकरण का उपयोग करने वाले एक महान वानर का यह **पहला प्रलेखित उदाहरण** है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**78. "द ग्रेट रिप्लेसमेंट थ्योरी" का प्राथमिक कथन क्या है?**

A. संयुक्त राज्य अमेरिका की जगह वैश्विक शक्ति बनने की चीनी नीति।
B. जल सघन फसलों के स्थान पर मोटे अनाजों को बढ़ावा देना।
C. यह दावा करना कि विशेष रूप से पश्चिमी देशों में मूल आबादी को अप्रवासियों द्वारा व्यवस्थित रूप से प्रतिस्थापित किया जा रहा है।
D. नवीकरणीय संसाधनों के साथ गैर-नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों के उपयोग की वकालत करना।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**"द ग्रेट रिप्लेसमेंट थ्योरी"**

- "द ग्रेट रिप्लेसमेंट" सिद्धांत के समर्थकों का तर्क है कि **प्रवासन** और **अल्पसंख्यक समुदायों** का विस्तार जानबूझकर **जातीय एवं सांस्कृतिक स्तरों पर** श्वेत यूरोपीय आबादी की जगह ले रहा है।
- 'महान प्रतिस्थापन' षड्यंत्र सिद्धांत सबसे पहले फ्राँसीसी लेखक **रेनॉड कैमस** द्वारा गढ़ा गया था।
- श्वेत देशों में आप्रवासियों की **बढ़ती उपस्थिति,** श्वेतों की तुलना में उनकी **उच्च जन्म दर** के साथ, उन देशों में नए गैर-श्वेत बहुमत को **राष्ट्रीय राजनीतिक और आर्थिक संस्थानों पर नियंत्रण करने तथा** अपने मेज़बान देशों की **विशिष्ट संस्कृतियों एवं समाजों** को **कमज़ोर या नष्ट करने** व अंतत: मेज़बान देशों की श्वेत आबादी को समाप्त करने में सक्षम बनाएगी।

**अत: विकल्प C सही है।**

**79. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. समग्र तकनीकी एवं वाणिज्यिक (AT&C) हानि सिस्टम और उन इकाइयों में इनपुट ऊर्जा के अंतर को दर्शाती है जिनके लिये भुगतान एकत्र किया गया है।
2. तकनीकी हानि गलत माप और मीटर की गलत रीडिंग का परिणाम हो सकती है।
3. खराब प्रदर्शन करने वाले ट्रांसफार्मर और खराब रखरखाव वाले संयंत्र उपकरणों के कारण वाणिज्यिक नुकसान होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**समग्र तकनीकी एवं वाणिज्यिक (AT&C) हानियाँ:**

- **समग्र तकनीकी एवं वाणिज्यिक (AT&C) हानि** विद्युत वितरण प्रणाली के **प्रदर्शन** का एक वास्तविक **माप** है क्योंकि इसमें तकनीकी हानि और वाणिज्यिक हानि दोनों शामिल हैं।
- AT&C हानि **सिस्टम** और उन इकाइयों में **इनपुट ऊर्जा के अंतर** को दर्शाती है जिनके लिये **भुगतान एकत्र किया गया है। अत: कथन 1 सही है।**
- **तकनीकी हानियाँ बुनियादी ढाँचे की सीमाओं** या लाइन और ऊर्जा परिवहन की **कमियों, खराब प्रदर्शन करने वाले ट्रांसफार्मर एवं खराब रखरखाव वाले संयंत्र उपकरणों से होती हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **व्यावसायिक हानियाँ** मानवीय कारकों के परिणामस्वरूप होती हैं। वाणिज्यिक घाटा **गलत माप, मीटर की गलत रीडिंग**, या ऊर्जा बिल गलत होने या **अवैतनिक रहने के कारण** हो सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**80. कौन-सी तकनीक ने इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) को संभव बनाया है?**

1. सेंसर तकनीक
2. क्लाउड कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म
3. मशीन लर्निंग और एनालिटिक्स
4. संवादी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)

**नीचे दिये गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT):**

- विभिन्न **तकनीकों** में हाल की **प्रगति** के संग्रह ने **इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) को संभव** बना दिया है:
  - **सेंसर तकनीक: किफायती और विश्वसनीय** सेंसर अधिक निर्माताओं के लिये IoT तकनीक को संभव बना रहे हैं।
  - **क्लाउड कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म:** क्लाउड प्लेटफॉर्म की उपलब्धता में वृद्धि व्यवसायों और उपभोक्ताओं दोनों को उस **बुनियादी ढाँचे तक पहुँचने में** सक्षम बनाती है जिसे उन्हें **वास्तव में सब कुछ प्रबंधित किये बिना बढ़ाने की आवश्यकता है।**
  - **मशीन लर्निंग और एनालिटिक्स:** मशीन लर्निंग और एनालिटिक्स में प्रगति के साथ, व्यवसाय **तेज़ी से व अधिक आसानी से अंतर्दृष्टि एकत्र कर सकते हैं।**
  - **संवादी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI):** तंत्रिका नेटवर्क में प्रगति ने **प्राकृतिक-भाषा प्रसंस्करण (NLP)** को IoT उपकरणों (जैसे- डिजिटल व्यक्तिगत सहायक एलेक्सा, कोर्टाना और सिरी) में शामिल कर दिया है तथा उन्हें घरेलू उपयोग के लिये **आकर्षक, किफायती एवं व्यवहार्य बना दिया है।**

**अत: विकल्प D सही है।**

**81. प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (EAC-PM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. EAC-PM भारत सरकार को आर्थिक और संबंधित मुद्दों पर सलाह देने के लिये गठित एक वैधानिक निकाय है।
2. नीति आयोग EAC-PM के लिये नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है।
3. EAC-PM की नियुक्ति हर तीन साल में की जाती है तथा इसमें एक अध्यक्ष और चार अन्य सदस्य होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (EAC-PM):**

- EAC-PM एक गैर-संवैधानिक व गैर-वैधानिक, स्वतंत्र निकाय है जो भारत सरकार, विशेष रूप से प्रधानमंत्री को आर्थिक और संबंधित मुद्दों पर सलाह देने के लिये गठित की गई है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रशासनिक, लॉजिस्टिक, योजना और बजटिंग उद्देश्यों के लिये, नीति आयोग EAC-PM के लिये नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- EAC-PM के सदस्यों और कर्मचारियों की सटीक संख्या की कोई निश्चित परिभाषा नहीं है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**82. यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (European Free Trade Association- EFTA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2023 में भारत-EFTA व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में रहा।
2. EFTA में नॉर्वे भारत का सबसे बड़ा भागीदार है।
3. भारत EFTA में पर्यावरण और श्रम जैसे मुद्दों को शामिल करने पर सहमत हो गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (European Free Trade Association- EFTA):**

- EFTA देशों से **आयात $20.45 बिलियन** (स्विट्ज़रलैंड द्वारा अधिकांश सोना शामिल है) और **निर्यात केवल $1.87 बिलियन** के साथ, भारत को वर्ष 2023 में ब्लॉक के साथ **$18.58 बिलियन** का **भारी व्यापार घाटा** हुआ था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- EFTA में **स्विट्ज़रलैंड भारत का सबसे बड़ा** भागीदार है। भारत एशिया में इसका चौथा सबसे बड़ा और दक्षिण एशिया में सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **भारत पर्यावरण और श्रम** जैसे मुद्दों को **शामिल** करने पर सहमत हो गया है, जिन्हें वह पारंपरिक रूप से व्यापार समझौतों में शामिल करने का विरोध करता रहा है। **अतः कथन 3 सही है।**

**83. यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम, 2012 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. POCSO अधिनियम, 2012 बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन, 1992 के लिये भारत के समर्थन के रूप में अधिनियमित किया गया था।
2. इस अधिनियम का उद्देश्य बच्चों को यौन आक्रमणों, यौन उत्पीड़न तथा अश्लीलता से बचाना है।
3. POCSO अधिनियम, 2012 सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रशासित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम, 2012:**

- 14 नवंबर, 2012 को **POCSO अधिनियम, 2012** लागू किया गया, जो **बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन, 1992** के लिये भारत के समर्थन के रूप में अधिनियमित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस अधिनियम का उद्देश्य **बच्चों को यौन आक्रमणों, यौन उत्पीड़न तथा अश्लीलता से बचाना है**, साथ ही ऐसे मामलों के निस्तारण के लिये **विशेष न्यायालय** स्थापित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- POCSO अधिनियम, 2012 **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रशासित है। अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**84. हिंदुस्तानी संगीत की शैलियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. ठुमरी, पूर्वी भारत में गायन की एक अद्भुत और कामुक शैली है।
2. टप्पा का विकास उत्तर-पश्चिम भारत के ऊँट सवारों के लोक गीतों से हुआ है।
3. गज़ल, विरह की पीड़ा तथा प्रेम की सुंदरता, दोनों की काव्यात्मक अभिव्यक्ति है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**हिंदुस्तानी संगीत की शैलियाँ:**

- ठुमरी, उत्तर भारत में गायन की एक अद्भुत और कामुक शैली है। यह भक्ति आंदोलन से प्रेरित भक्ति साहित्य पर आधारित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- टप्पा का विकास 18वीं शताब्दी के अंत में उत्तर-पश्चिम भारत के ऊँट सवारों के लोक गीतों से हुआ था। **अतः कथन 2 सही है।**
- गज़ल, विरह की पीड़ा तथा प्रेम की सुंदरता, दोनों की काव्यात्मक अभिव्यक्ति है। **अतः कथन 3 सही है।**
- गज़ल कभी भी **12 अशआर या दोहे** से अधिक लंबी नहीं होती।

**85. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. निजीकरण में इक्विटी और प्रबंधन नियंत्रण एक निजी मालिक को हस्तांतरित कर दिया जाता है।
2. एक रणनीतिक बिक्री तब होती है जब सरकार इक्विटी का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा एक खरीदार को बेचती है लेकिन प्रबंधकीय नियंत्रण बरकरार रखती है।
3. निगमीकरण में लाभ के उद्देश्य से सरकारी इकाइयों को व्यावसायिक आधार पर पुनर्गठित करना शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 2 और 3
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम:**

- **निजीकरण** एक व्यापक शब्द है जहाँ **इक्विटी** और **प्रबंधन** नियंत्रण एक निजी मालिक को **हस्तांतरित** कर दिया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- एक **रणनीतिक बिक्री** तब होती है जब सरकार किसी एकल खरीदार को इक्विटी का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा (उदाहरण के लिये 26% या 51% या अधिक) बेचती है और प्रबंधन नियंत्रण उस खरीदार को सौंप दिया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **निगमीकरण** में लाभ के उद्देश्य से सरकारी इकाइयों को व्यावसायिक आधार पर पुनर्गठित करना शामिल है। **अतः कथन 3 सही है।**

**86. जंगली पशुओं की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर सम्मेलन (CMS) के COP14 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

1. इससे प्रवासी प्रजातियों के लिये समरकंद रणनीतिक योजना (2024-2032) की स्थापना हुई।
2. इसने प्रवासी प्रजातियों पर प्रकाश प्रदूषण के प्रभावों को संबोधित करते हुए नए वैश्विक दिशा-निर्देश पेश किये।
3. COP14 ने रेंज राज्यों के बीच प्रवासी पक्षी प्रजातियों के संरक्षण के लिये पश्चिम एशियाई-पूर्वी अफ्रीकी फ्लाईवे पर एक समझौता हासिल किया।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**जंगली पशुओं की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण का COP14 (Conservation of Migratory Species of Wild Animals- CMS):**

- COP14 के प्रमुख परिणामों में से एक प्रवासी प्रजातियों के लिये **समरकंद रणनीतिक योजना (2024-2032)** की स्थापना थी, जो वर्ष 2024 से 2032 की अवधि के लिये संरक्षण लक्ष्यों और रणनीतियों की रूपरेखा तैयार करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- COP14 ने प्रवासी प्रजातियों पर प्रकाश प्रदूषण के प्रभावों को संबोधित करते हुए नए वैश्विक दिशा-निर्देश पेश किये। **अतः कथन 2 सही है।**
- COP14 ने प्रवासी पक्षियों के 30 रेंज वाले राज्यों को कवर करने वाले मध्य एशियाई फ्लाईवे (CAF) पर एक समझौता किया। इसका उद्देश्य मध्य एशियाई फ्लाईवे के साथ प्रवासी पक्षी प्रजातियों के संरक्षण में रेंज राज्यों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों को सुविधाजनक बनाना है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**87. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत-नेपाल-चीन सीमा पर स्थित लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी भारत द्वारा प्रशासित हैं।
2. सुगौली की संधि 1816 में अनुच्छेद 5 के आधार पर काली नदी के पूर्व का क्षेत्र नेपाल के शासकों की संप्रभुता से छीन लिया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत-नेपाल सीमा विवाद:**

- उत्तराखंड के पिथौरागढ़ ज़िले में **भारत-नेपाल-चीन त्रिकोणीय जंक्शन** पर स्थित **लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी** पर **भारत का प्रशासन** है, लेकिन इन पर नेपाल अपना दावा करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- 1814-16 के आंग्ल-नेपाल युद्ध के अंत में सुगौली की संधि के परिणामस्वरूप **नेपाल** को **ईस्ट इंडिया कंपनी** के हाथों क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा **खोना पड़ा।**
- सुगौली की संधि **1816 में अनुच्छेद 5** के आधार पर **काली नदी** के पूर्व का क्षेत्र नेपाल के शासकों की संप्रभुता से छीन लिया गया था। **अतः कथन 2 सत्य है।**

**88. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन कुशल बाज़ार परिकल्पना (EMH) को सर्वोत्तम रूप से प्रतिबिंबित करता है?**

A. यह सुझाव देता है कि बाज़ार हमेशा पूरी तरह से कुशल होते हैं तथा सभी उपलब्ध सूचनाओं को सटीक रूप से प्रतिबिंबित करते हैं।

B. इसका तात्पर्य है कि निवेशकों के तर्कहीन व्यवहार के कारण बाज़ार अक्षम हैं।

C. इसका मानना है कि उपलब्ध जानकारी का उपयोग करके बाज़ार से निरंतर बेहतर प्रदर्शन करना असंभव है।

D. यह दावा करता है कि बाज़ार की कीमतें पूरी तरह से आपूर्ति एवं माँग की गतिशीलता से निर्धारित होती हैं।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कुशल बाज़ार परिकल्पना (EMH):**

- **कुशल बाज़ार परिकल्पना (EMH)** एक निवेश सिद्धांत है जो मुख्य रूप से **यूज़ीन फामा** के शोध के लिये ज़िम्मेदार अवधारणाओं से लिया गया है, जैसा कि उनकी 1970 की पुस्तक, **"कुशल पूंजी बाज़ार: सिद्धांत और अनुभवजन्य कार्य की समीक्षा"** में विस्तृत है।
- कुशल बाज़ार परिकल्पना (EMH) का प्रस्ताव है, वित्तीय बाज़ार **कुशलतापूर्वक** उपलब्ध सभी सूचनाओं को **संसाधित और प्रतिबिंबित** करते हैं, जिससे निवेशकों के लिये **उपलब्ध सूचनाओं** का उपयोग करके बाज़ार से **निरंतर बेहतर प्रदर्शन** करना **जोखिमपूर्ण** हो जाता है।
- चूँकि **बाज़ार में हमेशा** क्रेता और विक्रेता दोनों की बड़ी संख्या होती है, इसलिये कीमतों में उतार-चढ़ाव हमेशा **कुशलतापूर्वक** होता है (यानी, समय पर, अद्यतन तरीके से)। नतीजतन, स्टॉक की कीमतें लगातार अपने **वर्तमान उचित बाज़ार मूल्य** पर निर्धारित की जाती हैं। **अतः विकल्प C सही है।**

**89. पंचेश्वर बहुउद्देशीय परियोजना (PMP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पंचेश्वर बहुउद्देशीय परियोजना भारत और नेपाल के बीच हस्ताक्षरित 'महाकाली संधि' का केंद्रबिंदु है।
2. पंचेश्वर मुख्य बाँध नेपाल में काली गंडकी नदी पर प्रस्तावित है।
3. पंचेश्वर बहुउद्देशीय परियोजना का मुख्य उद्देश्य बिहार में बाढ़ नियंत्रण करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पंचेश्वर बहुउद्देशीय परियोजना (PMP):**

- **पंचेश्वर बहुउद्देशीय परियोजना फरवरी 1996 में भारत और नेपाल के बीच** हस्ताक्षरित **'महाकाली संधि' का केंद्रबिंदु है। अतः कथन 1 सही है।**
- पंचेश्वर मुख्य बाँध नेपाल में **महाकाली नदी (भारत में शारदा नदी के रूप में जाना जाता है)** पर प्रस्तावित है, जहाँ नदी नेपाल के सुदूर पश्चिमी विकास क्षेत्र और **भारत में उत्तराखंड राज्य के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाती है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- पंचेश्वर बहुउद्देशीय परियोजना (PMP) का मुख्य उद्देश्य भारत और नेपाल में **ऊर्जा उत्पादन तथा सिंचाई को बढ़ावा देना है। अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**90. मध्यस्थता अधिनियम, 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सामुदायिक मध्यस्थता को छोड़कर, मध्यस्थता से उत्पन्न समझौते अंतिम, बाध्यकारी और न्यायिक निर्णयों की तरह ही लागू करने योग्य होते हैं।
2. एक बार मध्यस्थता प्रक्रिया शुरू होने के बाद कोई भी पक्ष इसे रोक नहीं सकता है।

3. आपराधिक अभियोजन से जुड़े विवाद मध्यस्थता के लिये उपयुक्त नहीं हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: c**

**व्याख्या:**

**मध्यस्थता अधिनियम 2023:**

- **मध्यस्थता (सामुदायिक मध्यस्थता के अलावा)** से उत्पन्न समझौते न्यायिक निर्णयों की तरह ही **अंतिम, बाध्यकारी और लागू करने योग्य होंगे। अतः कथन 1 सही है।**
- पहले दो मध्यस्थता सत्रों के बाद, एक पक्ष मध्यस्थता **समाप्त करने का निर्णय ले सकता है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अधिनियम में उन विवादों की सूची है **जो मध्यस्थता के लिये उपयुक्त नहीं हैं।** इनमें विवाद शामिल हैं:
- **अवयस्कों या विकृत मस्तिष्क वाले** व्यक्तियों के विरुद्ध दावों के संबंध में,
- **आपराधिक अभियोजन** शामिल है, **अतः कथन 3 सही है।**
- **तीसरे पक्ष के अधिकारों** को प्रभावित करना।

**91. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: गरीबी के आकलन पर सलाह देने के लिये नीति आयोग द्वारा डॉ. एनसी सक्सेना समिति की स्थापना की गई थी।**

**कथन-II: समिति ने सिफारिश की कि बीपीएल स्थिति के हकदार लोगों का प्रतिशत बढ़ाया जाना चाहिये।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**गरीबी का आकलन:**

- **ग्रामीण विकास मंत्रालय** द्वारा **बीपीएल जनगणना के लिये उपयुक्त पद्धति पर सलाह** देने के लिये **डॉ. एनसी सक्सेना समिति** की स्थापना की गई थी, न कि गरीबी के आकलन के लिये। **अतः कथन I सही नहीं है।**
- डॉ. एनसी सक्सेना समिति ने सिफारिश की कि बीपीएल स्थिति के **हकदार लोगों का प्रतिशत संशोधित करके कम-से-कम 50%** किया जाना चाहिये। **अतः कथन II सही है।**
- समिति ने राज्य स्तरीय गरीबी अनुमान में भी आनुपातिक वृद्धि का सुझाव दिया है।

**अतः विकल्प D सही है क्योंकि कथन-I सही नहीं है तथा कथन-II सही है।**

**92. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डीपफेक नकली सामग्री बनाने और परिष्कृत करने के लिये जनरेटर एवं डिस्क्रिमिनेटर जैसे एल्गोरिदम का उपयोग करता है।
2. जनरेटर और डिस्क्रिमिनेटर एल्गोरिदम का संयोजन एक जेनरेटिव प्रतिकूल नेटवर्क बनाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**डीपफेक:**

- डीपफेक **नकली सामग्री बनाने और परिष्कृत करने के लिये जनरेटर एवं विभेदक जैसे एल्गोरिदम का उपयोग** करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **जनरेटर वांछित आउटपुट के आधार पर एक प्रशिक्षण डेटा सेट** बनाने के साथ ही **प्रारंभिक रूप से नकली डिजिटल सामग्री का निर्माण** करता है, जबकि डिस्क्रिमिनेटर विश्लेषण करता है कि सामग्री का प्रारंभिक संस्करण कितना यथार्थवादी या नकली है।

- जेनरेटर और डिस्क्रिमिनेटर एल्गोरिदम का संयोजन एक **जेनरेटिव एडवरसरी नेटवर्क (GAN)** का निर्माण करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- एक GAN वास्तविक छवियों में पैटर्न को पहचानने के लिये **गहन शिक्षण का उपयोग** करता है और फिर **डीपफेक निर्माण हेतु उस पैटर्न का उपयोग** करता है।

**93. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: कोर मुद्रास्फीति का आशय वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में परिवर्तन है लेकिन इसमें खाद्य पदार्थ तथा ऊर्जा क्षेत्रों को शामिल नहीं किया गया है।**

**कथन-II: खाद्य पदार्थ और ऊर्जा की कीमतों को इस गणना से बाहर रखा गया है क्योंकि उनकी कीमतें बहुत अस्थिर हो सकती हैं या इनमें काफी अधिक उतार-चढ़ाव हो सकता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही व्याख्या करता है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, किंतु कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कोर मुद्रास्फीति:**

- **कोर मुद्रास्फीति का आशय वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में परिवर्तन** है लेकिन इसमें खाद्य पदार्थ तथा ऊर्जा क्षेत्रों को शामिल नहीं किया गया है। **अतः कथन-I सही है।**
- **खाद्य पदार्थ और ऊर्जा की कीमतों** को इस गणना से बाहर रखा गया है क्योंकि उनकी कीमतें बहुत अस्थिर हो सकती हैं या इनमें काफी अधिक उतार-चढ़ाव हो सकता है। **अतः कथन-II सही है।**
- खाद्य पदार्थ और ऊर्जा की कीमतें बढ़ने पर भी उनकी मांग में ज़्यादा बदलाव नहीं होता है।

**अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।**

**94. FINTERNET (वित्तीय इंटरनेट) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. टोकनाइज़ेशन और एकीकृत प्रोग्रामयोग्य लेजर, FINTERNET के जुड़वाँ स्तंभ हैं।
2. इसके तहत भौतिक संपत्तियों को छोड़कर सभी वित्तीय संपत्तियों को टोकन दिया जाएगा और प्रोग्रामयोग्य एकीकृत बहीखातों पर इसे रखा जाएगा।
3. ये टोकन एकीकृत बहीखाता और प्रोग्रामयोग्य प्लेटफॉर्मों पर हस्तांतरणीय हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**FINTERNET (वित्तीय इंटरनेट):**

- **टोकनाइज़ेशन और एकीकृत प्रोग्रामयोग्य लेज़र, FINTERNET** के जुड़वाँ स्तंभ हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- बैंक जमा, स्टॉक, म्यूचुअल फंड इकाइयों, सभी प्रकार की प्रतिभूतियों और भौतिक संपत्तियों (भूमि, कारों, कलाकृतियों आदि) सहित सभी वित्तीय संपत्तियों को टोकन दिया जाएगा तथा इन्हें प्रोग्रामयोग्य एकीकृत बहीखातों पर रखा जाएगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ये टोकन एकीकृत बहीखाता और प्रोग्रामयोग्य प्लेटफॉर्मों पर हस्तांतरणीय हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**95. वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क (GSTN) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

1. GSTN एक निजी कंपनी है जिसका गठन कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत किया गया है।
2. GSTN जीएसटी पोर्टल की संपूर्ण आईटी प्रणाली का प्रबंधन करता है।
3. निजी बैंकों और वित्तीय संस्थानों की GSTN में 51% हिस्सेदारी है एवं शेष 49% हिस्सेदारी केंद्र सरकार के पास है।

नोट :

**निम्नलिखित कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क (GSTN):**

- GSTN एक निजी कंपनी है जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के तहत शुरू की गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- GSTN जीएसटी पोर्टल की संपूर्ण आईटी प्रणाली का प्रबंधन करता है। यह जीएसटी से संबंधित सभी वस्तुओं का मूल डेटाबेस है। **अतः कथन 2 सही है।**
- निजी बैंकों और वित्तीय संस्थानों की GSTN में 51% हिस्सेदारी है एवं शेष 49% हिस्सेदारी केंद्र व राज्य सरकारों के बीच समान रूप से विभाजित है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**96. ला नीना के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही *नहीं* है?**

A. ला नीना घटनाओं के दौरान, व्यापारिक पवन सामान्य से अधिक तेज़ होती हैं, जो अधिक गर्म जल को एशिया की ओर प्रवाहित करती हैं।

B. इससे दक्षिण अमेरिका के उष्णकटिबंधीय पश्चिमी तट के साथ सतह-महासागर का जल का तापमान शीत हो जाता है।

C. ला नीना वर्ष भारत में वर्षा में वृद्धि से जुड़ा हुआ है।

D. ला नीना की समयावधि एक वर्ष से अधिक नहीं है।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**ला नीना:**

- **ला नीना** घटनाओं के दौरान, व्यापारिक पवन सामान्य से अधिक तेज़ होती हैं, जो **अधिक गर्म जल को एशिया की ओर प्रवाहित करती हैं।**
- इससे दक्षिण अमेरिका के उष्णकटिबंधीय पश्चिमी तट के साथ सतह-महासागर का **जल का तापमान शीत हो जाता है।**
- **ला नीना** आमतौर पर पूरे भारत और दक्षिण पूर्व एशिया में वर्षा की अधिक मात्रा से जुड़ा हुआ है।
- **अल नीनो के विपरीत, ला नीना की समयावधि** एक से तीन वर्ष के बीच रह सकती हैं, जो आमतौर पर एक वर्ष से अधिक नहीं होती है।

**अतः विकल्प D सही है।**

**97. उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (CFPI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CFPI एक परिभाषित जनसंख्या समूह द्वारा उपभोग किये जाने वाले खाद्य उत्पादों की खुदरा कीमतों में बदलाव का एक उपाय है।
2. CFPI को केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) द्वारा तीन श्रेणियों - ग्रामीण, शहरी और संयुक्त के लिये जारी किया जाता है।
3. विश्व स्तर पर, खाद्य मूल्य सूचकांक अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा जारी किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (CFPI):**

- **उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (CFPI)** आधार वर्ष के संदर्भ में किसी दिये गए क्षेत्र में **परिभाषित जनसंख्या** समूह द्वारा उपभोग किये जाने वाले खाद्य उत्पादों की खुदरा कीमतों में बदलाव का एक उपाय है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO),** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MOSPI) **मई, 2014** से अखिल भारतीय आधार पर तीन श्रेणियों- ग्रामीण, शहरी तथा संयुक्त, के लिये अलग-अलग CFPI जारी करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वैश्विक स्तर पर खाद्य मूल्य सूचकांक संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा जारी किया जा रहा है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**98. राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों के वैश्विक गठबंधन (GANHRI) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GANHRI की स्थापना पेरिस सिद्धांतों के अनुपालन के लिये राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों (NHRI) की गतिविधियों के समन्वय के लिये की गई थी।

2. पेरिस सिद्धांतों ने न्यूनतम मानक निर्धारित किये जिन्हें विश्वसनीय माने जाने और प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिये NHRI को पूरा करना होगा।
3. भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) की वर्ष 2024 की समीक्षा बैठक में GANHRI की स्टेट्स "A" को बरकरार रखा गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों का वैश्विक गठबंधन (GANHRI):**

- **पेरिस सिद्धांतों** का अनुपालन करने के लिये **राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों (NHRI)** की गतिविधियों के समन्वय के लिये **राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों का वैश्विक गठबंधन (GANHRI)** की स्थापना की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- **पेरिस सिद्धांत** (राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों की स्थिति से संबंधित सिद्धांत) न्यूनतम मानक निर्धारित करते हैं जिन्हें विश्वसनीय माने जाने और प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिये NHRI को पूरा करना होगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- **नागरिक समाज संगठनों** और **मानवाधिकार कार्यकर्त्ताओं** द्वारा भारत के रिकॉर्ड के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए, GANHRI को पत्र लिखने के बाद वर्ष 2024 की समीक्षा बैठक में भारत की GANHRI की 'A' स्टेट्स को स्थगित कर दिया गया था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**99. सैगिंग क्षेत्र कभी-कभी समाचारों में देखा जाता था। यह स्थित है:**

A. म्याँमार
B. मलेशिया
C. वियतनाम
D. थाईलैंड

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सैगिंग क्षेत्र:**

- **सैगिंग क्षेत्र** वर्ष 2021 **म्याँमार तख्तापलट** के बाद सैन्य शासन के विरुद्ध **सशस्त्र क्रांति** के केंद्र में है।
- सैगिंग क्षेत्र **म्याँमार के उत्तर-पश्चिम** में स्थित एक प्रशासनिक क्षेत्र है।
- इसकी सीमा **नगालैंड और मणिपुर राज्यों** से लगती है।
- भौगोलिक दृष्टि से यह शान राज्य के बाद म्याँमार का **दूसरा सबसे बड़ा राज्य** है।

**अतः विकल्प A सही है।**

**100. निम्नलिखित में से किस बंदरगाह की परिकल्पना अंतर्राष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे (INSTC) के हिस्से के रूप में की गई है?**

1. बंदर अब्बास
2. बंदर-ए-अंज़ाली
3. अस्त्रखान
4. कोच्चि

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारा (INSTC):**

- अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (INSTC) **भारत** और **फारस की खाड़ी** को रूस तथा **उत्तरी यूरोप** से जोड़ने वाला एक **मल्टीमॉडल परिवहन नेटवर्क** है।
- इस गलियारे में फारस की खाड़ी और कैस्पियन क्षेत्र के बंदरगाहों के साथ-साथ सड़क तथा रेल मार्ग भी शामिल हैं।
- INSTC समुद्र के रास्ते मुंबई से ईरान के बंदर अब्बास तक, बंदर अब्बास से कैस्पियन सागर पर एक ईरानी बंदरगाह बंदर-ए-अंज़ाली तक, सड़क मार्ग से; कैस्पियन सागर के पार जहाज़ द्वारा बंदर-ए-अंज़ाली से अस्त्रखान तक, रूसी संघ में एक कैस्पियन बंदरगाह; और आगे रेल द्वारा रूसी संघ तथा यूरोप के अन्य हिस्सों तक, माल की आवाजाही की परिकल्पना करता है।

**अतः विकल्प C सही है।**

नोट :




101. अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और भू-राजनीति में "रणनीतिक स्वायत्तता" शब्द का क्या अर्थ है?

A. रक्षा और सुरक्षा के लिये एक ही सहयोगी पर पूरी निर्भरताI

B. किसी राष्ट्र की अपनी विदेश नीति के निर्णयों को स्वतंत्र रूप से तैयार करने और क्रियान्वित करने की क्षमता।

C. एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के प्रभाव को संतुलित करने हेतु सैन्य गठबंधन बनाने का अभ्यास।

D. संरक्षणवादी व्यापार नीतियों के माध्यम द्वारा आर्थिक आत्मनिर्भरता की खोज।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**रणनीतिक स्वायत्तता:**

- **रणनीतिक स्वायत्तता** किसी राष्ट्र की **स्वतंत्र रूप** से अपनी विदेश नीति निर्णयों को **तैयार करने** और निष्पादित करने की क्षमता को दर्शाती है।
- यह राष्ट्र को अपने **राष्ट्रीय हितों** को आगे बढ़ाने और अन्य राज्यों द्वारा किसी भी तरह से **प्रतिबंधित** किये बिना अपनी पसंदीदा **विदेश नीति** अपनाने में सक्षम बनाता है।
- वास्तव में, रणनीतिक स्वायत्तता का **अभ्यास** एक राज्य के पास मौजूद **शक्ति क्षमताओं** और एक विशेष ऐतिहासिक युग में **अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली** की संरचना का एक कार्य है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**102. खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस अधिनियम ने खाद्य सुरक्षा और मानकों से संबंधित सभी मामलों के लिये एकल संदर्भ बिंदु स्थापित किया।
2. इस अधिनियम ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया।
3. खाद्य सुरक्षा और मानक नियम, 2011 खाद्य सुरक्षा अपीलीय न्यायाधिकरण तथा अपीलीय न्यायाधिकरण के रजिस्ट्रार का प्रावधान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006:**

- **खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006** ने बहु-स्तरीय, बहु-विभागीय नियंत्रण से आदेश की एकल पंक्ति में स्थानांतरित होकर, **खाद्य सुरक्षा और मानकों** से संबंधित सभी मामलों के लिये **एकल संदर्भ बिंदु** स्थापित किया। **अत: कथन 1 सही है।**
- FSSAI खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत स्थापित एक स्वायत्त **वैधानिक निकाय है। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **खाद्य सुरक्षा और मानक नियम, 2011 खाद्य सुरक्षा अपीलीय न्यायाधिकरण** तथा **अपीलीय न्यायाधिकरण के रजिस्ट्रार,** जैविक भोजन के लिये खाद्य सुरक्षा मानकों का प्रावधान करता है एवं खाद्य विज्ञापन को नियंत्रित करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**103. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डेबिट और क्रेडिट कार्ड दोनों कार्डधारकों को नकदी प्राप्त करने की अनुमति देते हैं।
2. क्रेडिट कार्ड केवल बैंकों द्वारा जारी किये जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**क्रेडिट कार्ड:**

- क्रेडिट कार्ड जारीकर्त्ता कार्डधारकों को सामान्य क्रेडिट लाइन के अलावा **दूसरी कैश लाइन ऑफ क्रेडिट (LOC)** प्रदान कर सकता है। यह कार्डधारकों को **नकद अग्रिम** के रूप में **ATM, बैंक टेलर या क्रेडिट कार्ड सुविधा जाँच** के माध्यम द्वारा **नकदी तक पहुँचने** की अनुमति देता है। डेबिट कार्ड का उपयोग करके नकद निकासी तत्काल होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **क्रेडिट कार्ड बैंकों, स्टोरों या अन्य वित्तीय संस्थानों** द्वारा जारी किये जा सकते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**104. निम्न में से कौन पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) का सदस्य नहीं है?**

A. ईरान

B. इराक

C. ओमान

D. वेनेजुएला

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (Organization of the Petroleum Exporting Countries-OPEC):**

- **12 तेल निर्यातक** विकासशील देशों का एक स्थायी अंतर-सरकारी संगठन **OPEC** है जो अपने सदस्य देशों की पेट्रोलियम नीतियों का **समन्वय और एकीकरण** करता है।
- OPEC का गठन **वर्ष 1960 में इराक, ईरान, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेजुएला** द्वारा **किया गया था।**
- **ओमान OPEC** का सदस्य **नहीं** हैI ओमान **OPEC+ देशों** का हिस्सा है।
    - ओपेक+ एक बड़ा समूह है जिसमें ओपेक सदस्यों के अलावा 10 अन्य प्रमुख तेल उत्पादक देश शामिल हैं। जैसे- रूस, ओमान, मैक्सिको, कज़ाकिस्तान आदि।
- **OPEC सचिवालय** OPEC का **कार्यकारी अंग** है। **वियना** में स्थित, OPEC सचिवालय इसके **मुख्यालय** के रूप में भी कार्य करता है।

**अत: विकल्प C सही है।**

**105. भारतीय धर्मनिरपेक्षता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को 44वें संशोधन अधिनियम, 1978 द्वारा प्रस्तावना में जोड़ा गया था।
2. धर्मनिरपेक्षता की भारतीय अवधारणा में धर्म और राज्य को पूर्ण रूप से अलग करने की आवश्यकता है।
3. भारत में, राज्य सभी धार्मिक अल्पसंख्यकों को अपने स्वयं के शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और रखरखाव का अधिकार प्रदान करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारतीय धर्मनिरपेक्षता:**

- **'धर्मनिरपेक्ष'** शब्द को **42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976** द्वारा प्रस्तावना में जोड़ा गया था (संप्रभुता, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक,)।**अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- धर्मनिरपेक्षता की **पश्चिमी अवधारणा** धर्म और राज्य को पूर्ण रूप से अलग करने की आवश्यकता पर बल देता है। हालाँकि, भारत में न की विधिक रूप से और न ही व्यवहार में धर्म तथा राज्य के मध्य कोई पृथक्करण किया गया है।**अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत में, राज्य सभी **धार्मिक अल्पसंख्यकों को अपने स्वयं के शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने तथा उन्हें बनाए रखने** का अधिकार प्रदान करता है जिन्हें **राज्य से सहायता प्राप्त हो** सकती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**106. यूक्रेन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूक्रेन, यूरोपीय महाद्वीप पर दूसरा सबसे बड़ा देश है।
2. यूक्रेन की सीमा दक्षिण में काला सागर और कैस्पियन सागर से लगती है।
3. यूक्रेन के उपजाऊ मैदान, जिन्हें प्रेयरी कहा जाता है, गेहूँ जैसी फसल उत्पादन के लिये आदर्श हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**यूक्रेन:**

- पूर्वी यूरोप में स्थित **यूक्रेन,** रूस के बाद **यूरोपीय महाद्वीप का दूसरा सबसे बड़ा देश** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यूक्रेन की सीमा दक्षिण में **काला सागर और आज़ोव सागर से** लगती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यूक्रेन की सीमा **बेलारूस, हंगरी, माल्डोवा, पोलैंड, रोमानिया, रूस तथा स्लोवाकिया** से लगती है।
- यूक्रेन के **उपजाऊ मैदान**, जिन्हें **स्टेपीज़** कहा जाता है, गेहूँ जैसी फसल उत्पादन के लिये आदर्श हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- **यूक्रेन** को **"यूरोप की ब्रेडबास्केट"** कहा जाता है।

**107. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| AI वॉचडॉग | संबद्ध कंपनी |
|---|---|
| 1) निष्पक्षता, जवाबदेही, पारदर्शिता और नैतिकता (FATE) | माइक्रोसॉफ्ट |
| 2) जिम्मेदार AI | मेटा |
| 3) एल्गोरिदमवॉच | ओपन AI |

**ऊपर दिये गए युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**AI वॉचडॉग:**

- **माइक्रोसॉफ्ट** का **FATE (निष्पक्षता, जवाबदेही, पारदर्शिता और नैतिकता)** समूह सामाजिक कल्याण, न्याय और निष्पक्षता की सेवा में व्यापक लक्ष्यों के लिये **कम्प्यूटेशनल प्रणालियाँ** के उपयोग को संरेखित करना चाहता है।
- **मेटा का जिम्मेदार AI प्रभाग** अपने कृत्रिम बुद्धिमत्ता उद्यमों की सुरक्षा को विनियमित करने के लिये समर्पित है।
- एल्गोरिथमवॉच **बर्लिन** और **ज्यूरिख** में स्थित एक **मानवाधिकार संगठन** है। यह एक ऐसी दुनिया के लिये लड़ता है जहाँ एल्गोरिदम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) न्याय, लोकतंत्र और स्थिरता को कमजोर नहीं करते बल्कि उन्हें मजबूत करते हैं।

**अत: विकल्प B सही है।**

**108. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड (ITCs) में सेना, वायु सेना और नौसेना को एक वास्तुकला में एकीकृत करने, त्रि-सेवा तालमेल और संयुक्तता सुनिश्चित करने की परिकल्पना की गई है।
2. कारगिल समीक्षा समिति (Kargil Review Committee - KRC) द्वारा भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना की तीनों सेवाओं के बीच एकीकरण एवं तालमेल का सुझाव दिया गया था।

**ऊपर दिये गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड (Integrated Theatre Commands - ITCs):**

- ITC में **सेना, वायु सेना और नौसेना** को एक वास्तुकला में एकीकृत करने, **त्रि-सेवा तालमेल और संयुक्तता सुनिश्चित करने की परिकल्पना** की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भौगोलिक रूप से एकीकृत इन थिएटर कमांडों में से प्रत्येक में तीनों सेवाओं के तत्त्व शामिल हैं, जो **एकजुट और प्रभावी संचालन** को सक्षम बनाते हैं।
- उच्चतर रक्षा प्रबंधन के लिये **कारगिल समीक्षा समिति (KRC) ने सुझाव दिया:**
  - सरकार को एकल-बिंदु रक्षा सलाह प्रदान करने के लिये **चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (Chief of Defence Staff - CDS)** के पद का सृजन, और
  - भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना - **तीनों सेवाओं के बीच आवश्यक संयुक्तता और परिचालन तालमेल हासिल** करने की सख्त जरूरत है। **अत: कथन 2 सही है।**

**109. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

1. गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम (National Programme for Prevention & Control of Non-Communicable Diseases - NP-NCD) केवल कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक को कवर करता है।

2. NP-NCD को पूरे देश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (National Health Mission - NHM) के तहत लागू किया जा रहा है।
3. गैर-संचारी रोग चार व्यवहारिक जोखिम कारकों को साझा करते हैं, अर्थात्, अस्वास्थ्यकर आहार, शारीरिक गतिविधि की कमी, और तंबाकू और शराब का उपयोग।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**गैर-संचारी रोग (Non-Communicable Diseases - NCD):**

- **कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (National Programme for Prevention and Control of Cancer, Diabetes, Cardiovascular Diseases and Stroke - NPCDCS)** कार्यक्रम का **नाम बदलकर** व्यापक कवरेज और **विस्तार के बीच गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम (National Programme for Prevention & Control of Non-Communicable Diseases - NP-NCD) कर दिया गया है।**
- **गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम (NP-NCD)** में **गैर-अल्कोहल फैटी लीवर रोग, क्रोनिक किडनी रोग** आदि जैसी **बीमारियों को जोड़ा** गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **NP-NCD** को पूरे देश में **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (National Health Mission - NHM)** के तहत **लागू किया जा रहा है। अत: कथन 2 सही है।**
- **गैर-संचारी रोग (NCD)** जैसे हृदय रोग (CVD) कैंसर, पुरानी श्वसन रोग (CRD) और मधुमेह जो चार व्यवहार संबंधी जोखिम कारकों को साझा करते हैं-**अस्वास्थ्यकर आहार, शारीरिक गतिविधि की कमी, और तंबाकू और शराब का उपयोग। अत: कथन 3 सही है।**

**110. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गाज़ा पट्टी की सीमा भूमध्य सागर, मिस्र और इज़राइल से लगती है।
2. वेस्ट बैंक इज़राइल और जॉर्डन की सीमा से घिरा एक भूमि-बद्ध क्षेत्र है।
3. गाज़ा पट्टी, वेस्ट बैंक और गोलन हाइट्स फिलिस्तीन राज्य का हिस्सा हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**इज़राइल-हमास युद्ध:**

- **गाज़ा पट्टी भूमध्य सागर** के पूर्वी तट पर स्थित है। यह **दक्षिण-पश्चिम** में **मिस्र** और **पूर्व और उत्तर में इज़राइल** से घिरा हुआ है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वेस्ट बैंक एक **भूमि-बद्ध क्षेत्र है** जिसकी सीमा **पूर्व** में **जॉर्डन** और **दक्षिण, पश्चिम और उत्तर में इज़राइल (ग्रीन लाइन** के माध्यम से) से लगती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **गाज़ा पट्टी और वेस्ट बैंक फिलिस्तीन राज्य का हिस्सा हैं। गोलान हाइट्स सीरिया** के उस क्षेत्र को संदर्भित करता है जिस पर **1967 के छह दिवसीय युद्ध** के बाद **इज़राइल** ने कब्ज़ा कर लिया था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**111. सीसा प्रदूषण (Lead pollution) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. खनन और बैटरी पुनर्चक्रण उद्योग विश्व में सीसा प्रदूषण का एक स्रोत हैं।
2. सीसे के संभावित नकारात्मक प्रभाव वयस्कों की तुलना में बच्चों पर कहीं अधिक हैं।
3. सीसे के संपर्क का कोई सुरक्षित स्तर ज्ञात नहीं है।

**ऊपर दिये गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**सीसा प्रदूषण (Lead Pollution):**

- खनन और बैटरी पुनर्चक्रण उद्योग **विश्व में सीसा प्रदूषण** का एक स्रोत हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- सीसा कई उपभोक्ता उत्पादों जैसे **पानी के पाइप, पेंट, भोजन के डिब्बे, मसालों, सौंदर्य प्रसाधनों और पारंपरिक दवाओं** में भी पाया जा सकता है।
- सीसे के संभावित **नकारात्मक प्रभाव** वयस्कों की तुलना में बच्चों पर कहीं अधिक हैं। शिशु और छोटे बच्चे वयस्कों की तुलना में लगभग **4-5 गुना अधिक** सीसा अवशोषित करते हैं जो उनके शरीर में प्रवेश करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- दुर्भाग्यवश, सीसे के संपर्क का कोई ज्ञात **सुरक्षित स्तर नहीं** है और सीसे की विषाक्तता का इलाज करना मुश्किल है। **अतः कथन 3 सही है।**
- एक बार जब सीसा लंबे समय तक शरीर में रहता है, तो इसे निकालना बहुत मुश्किल होता है क्योंकि यह अक्सर **हड्डियों और दांतों** में जमा हो जाता है।

**112. कृत्रिम बुद्धिमता (AI) ऑडिट का उद्देश्य क्या है?**

A. AI कंपनियों के वित्तीय प्रदर्शन का आकलन करना।

B. मानव प्रदर्शन के साथ AI एल्गोरिदम की दक्षता की तुलना करना।

C. AI सिस्टम कानूनी नियमों और नैतिक मानकों का अनुपालन करना।

D. विभिन्न उद्योगों में AI प्रौद्योगिकियों की बाजार हिस्सेदारी निर्धारित करना।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कृत्रिम बुद्धिमता (AI) ऑडिट:**

- यह AI सिस्टम का एक संरचित **मूल्यांकन** है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह पूर्वनिर्धारित उद्देश्यों, मानकों, कानूनी आवश्यकताओं और नैतिक मानकों के साथ संरेखित हो।
- इसमें AI-संचालित निर्णय लेने में निहित संभावित पूर्वाग्रहों, त्रुटियों और जोखिमों को समझने और कम करने के लिये एल्गोरिदम, डेटा इनपुट, निर्णय लेने की प्रक्रियाओं और परिणामों का मूल्यांकन करना शामिल है।
- **AI परिदृश्य में ऑडिटेबिलिटी का वर्णन है:**
    - एल्गोरिदम, मॉडल और डेटा स्ट्रीम का मूल्यांकन
    - परिचालनों, परिणामों और यहाँ तक कि अप्रत्याशित परिणामों का विश्लेषण
    - AI सिस्टम के तकनीकी, नैतिक पहलू परिणामों की सटीकता और समानता तथा गोपनीयता जैसे सिद्धांतों के पालन पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

**अतः विकल्प C सही है।**

**113. हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हाइपरटेंशन की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब रक्तचाप बहुत अधिक होता है।
2. अत्यधिक दबाव धमनियों को सख्त कर सकता है, जिससे हृदय में रक्त और ऑक्सीजन का प्रवाह कम हो सकता है।
3. "उच्च रक्तचाप पर वैश्विक रिपोर्ट: द रेस अगेंस्ट अ साइलेंट किलर" द लांसेट द्वारा जारी की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन):**

- **हाइपरटेंशन** की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब **रक्तचाप बहुत अधिक** (140/90 mmHg या अधिक) होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अत्यधिक **दबाव धमनियों को सख्त** कर सकता है, जिससे **हृदय में रक्त और ऑक्सीजन का प्रवाह कम हो** सकता है। इससे हृदय को **गंभीर नुकसान** हो सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** ने **"उच्च रक्तचाप पर वैश्विक रिपोर्ट: द रेस अगेंस्ट अ साइलेंट किलर"** शीर्षक से पहली बार एक रिपोर्ट जारी की। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**114. व्यापार घाटे के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. व्यापार घाटा उस स्थिति को संदर्भित करता है, जब उसका आयात निर्यात से अधिक हो जाता है।

2. व्यापार घाटे की गणना में सभी प्रकार के लेन-देन केवल पूंजी खातों में शामिल होते हैं।
3. व्यापार घाटा किसी देश को उसके उत्पादन से अधिक उपभोग करने की अनुमति देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**व्यापार घाटा:**

- किसी देश का **व्यापार घाटा** उस स्थिति को संदर्भित करता है, जब उसका **आयात निर्यात से अधिक हो** जाता है। व्यापार घाटे को **व्यापार का नकारात्मक संतुलन** भी कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **व्यापार घाटे की गणना** में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में **पूंजी और चालू खाते दोनों पर वस्तुओं तथा सेवाओं** के निर्यात एवं आयात जैसे **सभी प्रकार के लेन-देन** शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- व्यापार घाटा किसी देश को उसके **उत्पादन से अधिक उपभोग** करने की अनुमति देता है। अल्पावधि में व्यापार घाटा राष्ट्रों को **माल की कमी और अन्य आर्थिक समस्याओं** से बचने में मदद कर सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**115. निम्नलिखित में से किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC) को संवैधानिक दर्जा दिया?**

A. 102वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2018
B. 105वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2021
C. 99वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2014
D. 89वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2003

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC):**

- **102वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2018 ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC)** को संवैधानिक दर्जा प्रदान करते हुए संविधान में एक **नया अनुच्छेद 338-B** शामिल किया।
- इस प्रकार 102वें संवैधानिक संशोधन, 2018 के बाद, NCBC एक वैधानिक निकाय नहीं रह गया और एक **संवैधानिक निकाय** बन गया।
- NCBC में एक **अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और तीन अन्य सदस्य होते हैं जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा उनके हस्ताक्षर** और मुहर के तहत वारंट द्वारा नियुक्त किया जाता है।

**अतः विकल्प A सही है।**

**116. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 22 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 22(1) में कहा गया है कि गिरफ्तार किये गए किसी भी व्यक्ति को जल्द-से-जल्द गिरफ्तारी के आधार के बारे में सूचित किया जाना चाहिये।
2. अनुच्छेद 22(2) में कहा गया है कि गिरफ्तार किये गए किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तारी के 48 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाना चाहिये।
3. अनुच्छेद 22 के खंड (1) और (2) द्वारा गिरफ्तार व्यक्तियों को दिये गए मौलिक अधिकार केवल नागरिकों को उपलब्ध हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारतीय संविधान का अनुच्छेद 22:**

- **अनुच्छेद 22(1)** में कहा गया है कि गिरफ्तार किये गए किसी भी व्यक्ति को जल्द-से-जल्द गिरफ्तारी के आधार के बारे में **सूचित किया जाना** चाहिये। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अनुच्छेद 22(2)** में कहा गया है कि गिरफ्तार किये गए किसी भी **व्यक्ति को गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर** मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाना चाहिये। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अनुच्छेद 22 के खंड (1) और (2) द्वारा गिरफ्तार व्यक्तियों को दिये गए मौलिक अधिकार **नागरिकों तथा गैर-नागरिकों दोनों के लिये उपलब्ध** हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**117. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. केंद्र सरकार की ज़िम्मेदारी केवल भारतीय खाद्य निगम (FCI) के माध्यम से खाद्यान्न की खरीद और भंडारण तक ही सीमित है।
2. पात्र परिवारों की पहचान और उचित मूल्य की दुकानों (FPS) की निगरानी सहित परिचालन उत्तरदायित्व राज्य सरकारों की है।
3. कुछ राज्य/केंद्रशासित प्रदेश दालों, खाद्य तेलों, आयोडीन युक्त नमक, मसालों आदि वृहत उपभोग की अतिरिक्त वस्तुओं का वितरण भी PDS दुकानों के माध्यम से करते हैं।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS):**

- PDS का संचालन केंद्र और राज्य सरकार की **संयुक्त ज़िम्मेदारी** के तहत किया जाता है।
- केंद्र सरकार **FCI के माध्यम से खाद्यान्न की खरीद, भंडारण, परिवहन तथा राज्य सरकारें इसके थोक** आवंटन के उत्तरदायित्व का निर्वाह करती हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- राज्य के भीतर आवंटन, **लाभार्थी परिवारों की पहचान, राशन कार्ड जारी करना और उचित मूल्य की दुकानों के कामकाज की निगरानी सहित संचालन संबंधी उत्तरदायित्व राज्य सरकारों के** पास है। **अत: कथन 2 सही है।**
- PDS के अंतर्गत वर्तमान में **गेहूँ, चावल, चीनी और केरोसिन जैसे पण्यों का आवंटन राज्यों/केंद्रशासित** प्रदेशों द्वारा किया जा रहा है।
- **कुछ राज्य/केंद्रशासित प्रदेश दालों, खाद्य तेलों, आयोडीन युक्त नमक, मसालों आदि वृहत उपभोग की** अतिरिक्त वस्तुओं का वितरण भी PDS दुकानों के माध्यम से करते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**118. निम्नलिखित में से कौन भारत में शिक्षा से संबंधित है?**

1. मुहिरम सैकिया समिति
2. तापस मजूमदार समिति
3. PROBE रिपोर्ट
4. मुदलियार आयोग

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत में शिक्षा:**

- **सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा (UEE) को सुरक्षित करने के लिये आवश्यक वित्तीय संसाधनों** का आकलन करने हेतु **शिक्षा मंत्रियों की राष्ट्रीय समिति (1997)** की स्थापना की गई थी।
- प्रस्तावित **83वें संवैधानिक संशोधन विधेयक, 1997 को क्रियान्वित करने के लिये वित्तीय संसाधन** आवश्यकताओं का आकलन करने हेतु **तापस मजूमदार समिति (1999) की स्थापना** की गई थी, जिससे **14 वर्ष की आयु तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार एक मौलिक अधिकार** बन गया।
- **पब्लिक रिपोर्ट ऑन बेसिक एजुकेशन (PROBE) रिपोर्ट 1999** में कहा गया था कि बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में बच्चों के लिये पर्याप्त स्कूल, शिक्षक तथा कक्षाएँ नहीं थीं।
- **मुदलियार आयोग** का मुख्य उद्देश्य देश में माध्यमिक शिक्षा प्रणाली की स्थितियों की जाँच करना और इसमें सुधार के उपाय सुझाना था।

**अत: विकल्प D सही है।**

**119. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बचत दर सकल प्रयोज्य आय के उस हिस्से को मापती है जिसका उपयोग परिवारों द्वारा अंतिम उपभोग व्यय में नहीं किया जाता है।
2. बचत भविष्य की बढ़ी हुई खपत के पक्ष में कुछ मौजूदा खपत को छोड़ने का एक विकल्प है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**बचत दर:**

- **बचत दर** सकल प्रयोज्य आय के उस हिस्से को मापती है जिसका **उपयोग परिवारों द्वारा अंतिम उपभोग व्यय में नहीं किया** जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे घरेलू बचत को (असमायोजित) सकल प्रयोज्य आय से विभाजित करने के रूप में परिभाषित किया गया है।
- आर्थिक दृष्टि से, **बचत भविष्य की बढ़ी हुई खपत के पक्ष में कुछ वर्तमान खपत को छोड़ने का एक विकल्प** है, इसलिये बचत दर किसी व्यक्ति या समूह की समय प्राथमिकता की दर को दर्शाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- आधिकारिक राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी (NAS) डेटा से पता चलता है कि मौजूदा बाज़ार कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में भारत की **सकल घरेलू बचत 2011-12 में** लगभग 34% से घटकर वर्ष **2022-23 में 30%** से अधिक हो गई है।

**120. टैरिफ के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. टैरिफ एक प्रकार का गैर-व्यापार अवरोध है जो आयातित उत्पादों की सापेक्ष कीमत बढ़ाने के लिये देशों द्वारा लगाया जाता है।
2. विशिष्ट टैरिफ वह है जो वस्तुओं की इकाइयों के आधार पर लगाया जाता है।
3. एड टैरिफ किसी वस्तु पर उस वस्तु के मूल्य के प्रतिशत के आधार पर लगाया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**टैरिफ और व्यापार बाधाएँ:**

- **टैरिफ एक प्रकार का व्यापार अवरोध है** जो **घरेलू उत्पादों की तुलना में आयातित उत्पादों की सापेक्ष** कीमत बढ़ाने के लिये देशों द्वारा लगाया जाता है। टैरिफ आमतौर पर **आयातकों पर लगाए गए करों** या शुल्कों के रूप में आते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- एक विशिष्ट टैरिफ वस्तुओं की इकाइयों के आधार पर एक निश्चित शुल्क के रूप में लगाया जाता है, जैसे- कार पर $500 का टैरिफ। **अतः कथन 2 सही है।**
- **एड टैरिफ किसी** वस्तु पर उस **वस्तु के मूल्य के प्रतिशत के आधार पर लगाया** जाता है। एड वैलोरेम (Ad Valorem) टैरिफ का एक उदाहरण जापान द्वारा अमेरिकी ऑटोमोबाइल पर लगाया गया 15% टैरिफ है। **अतः कथन 3 सही है।**

**121. चाबहार बंदरगाह से जुड़े लाभों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पाकिस्तान को दरकिनार करके अफगानिस्तान और मध्य एशिया के लिये एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करता है।
2. यह प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (INSTC) का भाग है जो स्वेज़ नहर मार्ग का विकल्प प्रदान करता है।
3. इससे खाड़ी क्षेत्र में भारत की उपस्थिति सशक्त होगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**चाबहार बंदरगाह:**

- चाबहार बंदरगाह भारत की संचार एवं संपर्क योजनाओं के लिये महत्त्वपूर्ण है।
- यह **पाकिस्तान को दरकिनार** करके **अफगानिस्तान और मध्य एशिया** के लिये एक **वैकल्पिक मार्ग** प्रदान करता है, जिससे मध्य एशिया के साथ बेहतर व्यापार की अनुमति मिलती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- चाबहार बंदरगाह प्रस्तावित **अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (INSTC)** का भाग है जो स्वेज़ नहर मार्ग का **विकल्प प्रदान करता है। अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- भारत अपने चाबहार बंदरगाह के माध्यम से फारस की खाड़ी में चीन की गतिविधियों पर नज़र रखने में सक्षम होगा। यह चीन द्वारा विकसित किये जा रहे **पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से** लगभग 200 किमी. दूर है। इससे खाड़ी क्षेत्र में **भारत की उपस्थिति** सशक्त होगी। **अतः कथन 3 सही है।**

**122. श्रीलंकाई गृहयुद्ध के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. भारत-श्रीलंकाई समझौते 1987 ने प्रांतीय परिषद प्रणाली की स्थापना और सत्ता के हस्तांतरण द्वारा एक राजनीतिक समाधान का प्रस्ताव रखा।
2. लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (LTTE) के प्रभाव से जाफना प्रायद्वीप को मुक्त करने के लिये भारतीय शांति सेना (IPKF) द्वारा ऑपरेशन टाइगर चलाया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**श्रीलंकाई गृहयुद्ध:**

- जाफना प्रायद्वीप, **लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (LTTE)** का एक प्रमुख गढ़ रहा है। यह श्रीलंका के **उत्तरी छोर** पर स्थित है।
- भौगोलिक दृष्टि से यह उत्तर और पूर्व में हिंद महासागर एवं पश्चिम में पाक जलडमरूमध्य तक सीमित है।
- आपसी संबंधों को बेहतर बनाने के लिये वर्ष 1987 में भारत और श्रीलंका के बीच **भारत-श्रीलंका समझौते** पर हस्ताक्षर किये गये। इसने **प्रांतीय परिषद प्रणाली की स्थापना** और श्रीलंका के नौ प्रांतों के लिये **सत्ता के हस्तांतरण** द्वारा श्रीलंका के संघर्ष का एक राजनीतिक समाधान प्रस्तावित किया। **अतः कथन 1 सही है।**
- **वर्ष** 1987 के अंत में **लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (LTTE)** से जाफना प्रायद्वीप पर नियंत्रण पाने के लिये **भारतीय शांति सेना (IPKF)** द्वारा **ऑपरेशन पवन** चलाया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**123. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: हिमालयी देवदार के पेड़ वनाग्नि के प्रति संवेदनशील होते हैं।**

**कथन-II: हिमालयी देवदार के पेड़ों में राल नहरें (resin canals) होती हैं जो वनाग्नि के प्रति उन्हें अत्यधिक संवेदनशील बनाती हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या करता है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वनाग्नि:**

- **हिमालयी देवदार**, नीलगिरी (यूकेलिप्टस- Eucalyptus) और सागौन के पेड़ वनाग्नि के प्रति संवेदनशील होते हैं। **अतः कथन-I सही है।**
- कुछ पौधों, झाड़ियों और पेड़ों में तेल या राल (रेज़िन) होते हैं जो दहन को बढ़ावा देते हैं, जिससे वे ऐसे तेल रहित पौधों की तुलना में अधिक आसानी से, जल्दी या तीव्रता से जलते हैं।
- उदाहरण के लिये **हिमालयी देवदार के पेड़ों** में राल नहरें होती हैं, जो वनाग्नि के प्रति उन्हें अत्यधिक संवेदनशील बनाती हैं। **अतः कथन-II सही है।**
- **देशी पौधे** अधिक **अग्नि प्रतिरोधी** होते हैं, उदाहरण के लिये नीलगिरि के वनों में **शोला**। **अत्यंत सर्दियों** और **उच्च गर्मी के तापमान** के तनाव से निपटने के लिये उन्होंने स्वयं को कई लाखों वर्षों में अनुकूलन किया है।

**अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या करता है।**

**124. 74वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसने शहरी स्थानीय निकायों को संविधान के न्यायसंगत प्रावधानों के दायरे में ला दिया है।
2. इसने भारत के संविधान में 12वीं अनुसूची जोड़ी जिसमें नगर पालिकाओं के दायरे में 29 कार्यात्मक वस्तुएँ शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**74वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992:**

- **74वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम,** 1992 ने शहरी स्थानीय निकायों को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया। इसने उन्हें संविधान के न्यायसंगत प्रावधानों के दायरे में ला दिया। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस अधिनियम ने भारत के संविधान में 12वीं अनुसूची जोड़ी जिसमें 18 कार्यात्मक वस्तुएँ शामिल हैं जिन्हें नगर पालिकाओं के दायरे में रखा जाना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इस अधिनियम ने भारत के संविधान में **भाग IX-A** जोड़ा जिसमें **अनुच्छेद 243P से 243ZG** तक प्रावधान शामिल थे।

**125. प्रसार भारती के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. यह भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक प्रसारण एजेंसी है।

B. यह केवल ऑल इंडिया रेडियो के संचालन की देख-रेख करता है।

C. यह वर्ष 1990 के प्रसार भारती अधिनियम के तहत स्थापित एक वैधानिक स्वायत्त निकाय है।

D. इसका उद्देश्य अपनी किसी राय या विचारधारा का समर्थन किये बिना सूचना का निष्पक्ष और संतुलित प्रवाह प्रस्तुत करना है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रसार भारती:**

- यह **भारत की सबसे बड़ी** सार्वजनिक प्रसारण एजेंसी है।
- यह **ऑल इंडिया रेडियो (All India Radio- AIR)** और **दूरदर्शन (DD)** के संचालन की देख-रेख करता है, जिसने ऐतिहासिक रूप से हमारे लोकतंत्र को आकार देने एवं अपने लोगों को एक साथ जोड़कर भारत के विचार का निर्माण करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- यह **प्रसार भारती अधिनियम, 1990** के तहत स्थापित एक **वैधानिक स्वायत्त** निकाय है। इसे अंतत: **नवंबर 1997 में लागू** किया गया था।
- **इसका उद्देश्य है:**
  - सार्वजनिक हित, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय, सभी मामलों से संबंधित नागरिक के स्वतंत्र, सत्यता और निष्पक्षता से सूचित होने के अधिकार की रक्षा करना तथा
  - अपनी किसी **राय या विचारधारा** का **समर्थन किये बिना** विपरीत विचारों सहित **सूचना का निष्पक्ष और संतुलित प्रवाह** प्रस्तुत करना।

**अत: विकल्प B सही है।**

**126. कार्बन कैप्चर, यूटिलाइज़ेशन और स्टोरेज (Carbon Capture, Utilisation, and Storage- CCUS) तकनीक के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

1. CCUS में विद्युत संयंत्रों और औद्योगिक प्रक्रियाओं जैसे स्रोतों द्वारा कार्बन डाइ-ऑक्साइड ($CO_2$) उत्सर्जन को कैप्चर करना शामिल है।
2. कैप्चर की गई $CO_2$ को भूवैज्ञानिक संरचनाओं में भूमिगत रूप से संगृहित किया जा सकता है या विभिन्न औद्योगिक प्रक्रियाओं में उपयोग किया जा सकता है।
3. CCUS को उपस्थित विद्युत और औद्योगिक संयंत्रों में पुन: संयोजित नहीं किया जा सकता है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कार्बन कैप्चर, यूटिलाइज़ेशन और स्टोरेज (Carbon Capture, Utilisation, and Storage- CCUS):**

- CCUS में **$CO_2$ का संग्रहण** शामिल है, आमतौर पर **विद्युत संयंत्रों या औद्योगिक** प्रक्रियाओं जैसे बड़े बिंदु स्रोतों से जो **ईंधन के रूप में जीवाश्म ईंधन** या **बायोमास** का उपयोग करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **कैप्चर की गई $CO_2$** को **गहरी भूवैज्ञानिक संरचनाओं** जैसे कि समाप्त हो चुके **तेल और गैस भंडार या लवणीय जलभृतों** में संगृहित किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- CCUS को **उपस्थित** विद्युत और औद्योगिक संयंत्रों में **पुन: संयोजित** किया जा सकता है, जिससे उनका संचालन जारी रखा जा सके। यह **कठिन क्षेत्रों,** विशेष रूप से **सीमेंट, स्टील** या **रसायन** जैसे भारी उद्योगों में उत्सर्जन से समाधान हो सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**127. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डेरिवेटिव वित्तीय अनुबंध हैं जो अंतर्निहित परिसंपत्ति, परिसंपत्तियों के समूह या बेंचमार्क से अपना मूल्य प्राप्त करते हैं।
2. वायदा और विकल्प (Futures and Options-F&O) शेयर बाज़ार में डेरिवेटिव उत्पादों के उदाहरण हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**व्युत्पन्न उत्पाद( Derivative Products ):**

- डेरिवेटिव **वित्तीय अनुबंध** हैं, जो दो या दो से अधिक पार्टियों के बीच निर्धारित होते हैं, जो **अंतर्निहित परिसंपत्ति, परिसंपत्तियों के समूह या बेंचमार्क** से अपना मूल्य प्राप्त करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- डेरिवेटिव की कीमतें अंतर्निहित परिसंपत्ति में उतार-चढ़ाव से उत्पन्न होती हैं।
- **वायदा और विकल्प** (**Futures and options-F&O**) शेयर बाज़ार में **व्युत्पन्न उत्पाद( Drivative Products )** हैं क्योंकि वे शेयर या कमोडिटी जैसी अंतर्निहित परिसंपत्ति से अपना मूल्य प्राप्त करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**128. राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन ( NBHM ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
2. इसे राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है।
3. यह विशेष रूप से मधुमक्खी पालन और मधुमक्खी पालन उत्पादों के बाद के प्रबंधन पर केंद्रित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन ( National Beekeeping & Honey Mission-NBHM ):**

- **NBHM** एक **केंद्रीय क्षेत्र** (100% केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित) की **योजना** है, इसे **कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय** द्वारा लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- 'मीठी क्रांति' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये NBHM को **राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड ( NBB )** के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। **अत: कथन 2 सही है।**
- NBHMमें निम्नलिखित उप-योजनाएँ/**तीन लघु मिशन हैं:**
  - **मिनी मिशन-I:** वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन के बारे में **जागरूकता** उत्पन्न करना।
  - **मिनी मिशन-II:** मधुमक्खी पालन और **मधुमक्खी पालन उत्पादों का प्रबंधन**, जिसमें संग्रह, प्रसंस्करण, भंडारण, विपणन, मूल्यवर्द्धन आदि शामिल हैं।
  - **मिनी मिशन-III:** मधुमक्खी पालन में **अनुसंधान और प्रौद्योगिकी का सृजन करना। अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**129. "POCSO अधिनियम 2012 की धारा 4 और 6 के तहत पीड़ितों की देखभाल तथा सहायता योजना" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य नाबालिग और वयस्क गर्भवती लड़कियों दोनों को एक ही छत के नीचे एकीकृत समर्थन एवं सहायता प्रदान करना है।
2. यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्भया फंड के तहत 100% केंद्र पोषित योजना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**POCSO अधिनियम 2012 की धारा 4 और 6 के तहत पीड़ितों की देखभाल तथा सहायता के लिये योजना:**

- इसका उद्देश्य **नाबालिग गर्भवती बालिकाओं** को एक ही छत के नीचे एकीकृत समर्थन और सहायता प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **पात्रता मापदंड:**
  - 18 वर्ष से कम आयु की कोई भी लड़की, जो इसका शिकार हुई हो:
    - प्रवेशन यौन हमला- POCSO अधिनियम, 2012 की धारा 4
    - गंभीर प्रवेशन यौन उत्पीड़न- POCSO अधिनियम, 2012 की धारा 6
- यह **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय** के **निर्भया फंड** के तहत **100% केंद्र पोषित योजना** है। **अतः कथन 2 सही है।**

**130. शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत इसके संस्थापक सदस्यों में से एक है।
2. राष्ट्राध्यक्षों की परिषद SCO की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है।
3. क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना (RATS) SCO के स्थायी अंगों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**शंघाई सहयोग संगठन (Shanghai Cooperation Organisation- SCO):**

- SCO की स्थापना 2001 में **कज़ाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, रूस, उज़्बेकिस्तान और ताज़िकिस्तान** द्वारा की गई थी। 2017 अस्ताना शिखर सम्मेलन में **भारत** आधिकारिक तौर पर पूर्ण सदस्य के रूप में SCO में शामिल हो गया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **राष्ट्राध्यक्षों की परिषद** SCO की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है और इसमें सभी सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी संरचना (RATS)** SCO के स्थायी अंगों में से एक है और इसका **मुख्यालय ताशकंद, उज़्बेकिस्तान में है। अतः कथन 3 सही है।**

**131. रूस, भारत और चीन (Russia, India, and China- RIC) त्रिपक्षीय समूह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक रणनीतिक समूह के रूप में RIC की स्थापना व्लादिमीर पुतिन के नेतृत्व में भारत में 13वें BRICS शिखर सम्मेलन 2021 में की गई थी।
2. समूह की स्थापना "अमेरिका द्वारा निर्देशित अपनी अधीनस्थ विदेश नीति को समाप्त करने के लिये की गई थी।"
3. ये तीनों देश परमाणु शक्ति सम्पन्न हैं और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**रूस, भारत और चीन (Russia, India, and China- RIC) त्रिपक्षीय समूह:**

- एक रणनीतिक समूह के रूप में RIC ने पहली बार **1990 के दशक के अंत में** रूस के प्रधानमंत्री **येवगेनी प्रिमाकोव** के नेतृत्व में आकार लिया। **'रणनीतिक त्रिकोण'** का विचार तब वास्तविक हो गया जब रूस, चीन और भारत के पूर्व विदेश मंत्रियों ने **सितंबर 2002** में न्यूयॉर्क में **संयुक्त राष्ट्र महासभा** के दौरान मुलाकात की। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- समूह की स्थापना "**अमेरिका द्वारा निर्देशित अपनी अधीनस्थ विदेश नीति को समाप्त करने**" और "**भारत के साथ पुराने संबंधों को नवीनीकृत करने तथा चीन के साथ हाल ही में हुई मित्रता को बढ़ावा देने" के लिये की गई थी। अतः कथन 2 सही है।**
- तीनों देश परमाणु शक्तियाँ हैं और रूस एवं चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य हैं, जबकि भारत बनने की इच्छा रखता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**132. सामान्यीकृत वरीयता प्रणाली (Generalised System of Preferences- GSP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक ऐसी सुविधा है जिसके द्वारा विकसित देश विकासशील देशों में उत्पन्न होने वाली वस्तुओं पर टैरिफ रियायत प्रदान करते हैं।
2. नई दिल्ली में आयोजित दूसरे अंकटाड सम्मेलन के दौरान GSP में अंतर्निहित सिद्धांतों को औपचारिक रूप से स्वीकार किया गया।
3. यह अधिमान्य व्यवहार प्रकृति में पारस्परिक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सामान्यीकृत वरीयता प्रणाली (GSP):**

- सामान्यीकृत वरीयता प्रणाली (Generalised System of Preferences- GSP) एक **गैर-संविदात्मक उपकरण है** जिसके द्वारा औद्योगिक रूप से **विकसित देश विकासशील देशों** में उत्पन्न होने वाले सामानों पर **टैरिफ रियायत** प्रदान करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- GSP में अंतर्निहित सिद्धांतों को औपचारिक रूप से मार्च 1968 में नई दिल्ली में आयोजित दूसरे अंकटाड सम्मेलन के दौरान स्वीकार किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- विकासशील देश GSP **वार्ता में शामिल नहीं** हैं। अधिमान्य उपचार **प्रकृति में गैर-पारस्परिक** है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**133. पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (Pakistan Occupied Kashmir- PoK) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PoK पर नियंत्रण भारत को अफगानिस्तान के लिये एक सीधा भूमि आधारित मार्ग प्रदान करेगा।
2. PoK, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (PRC) और पाकिस्तान को जोड़ने वाला एकमात्र माध्यम है।
3. चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (China Pakistan Economic Corridor- CPEC) पाकिस्तान अधिकृत वाले कश्मीर से होकर गुज़रता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (Pakistan Occupied Kashmir- POK):**

- **PoK अफगानिस्तान** के साथ एक छोटी सीमा साझा करता है जिससे भारत को **अफगानिस्तान को सीधे सड़क मार्ग** से जोड़ने में मदद मिलेगी। बदख्शां प्रांत में **वाखान कॉरिडोर अफगानिस्तान को** पाकिस्तान अधिकृत वाले कश्मीर (PoK) में **गिलगित बाल्टिस्तान** से पृथक करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **PoK** पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ **चाइना** (People's Republic of **China**- PRC) और **पाकिस्तान** को जोड़ने वाला एकमात्र माध्यम है। **वर्ष 1963** में जब पाकिस्तान ने अपने सीमा विवादों को निपटाने के लिये बीजिंग के साथ एक सीमा समझौते पर हस्ताक्षर किये, तो उसने **शक्सगाम घाटी** (PoK में) चीन को सौंप दी। **अतः कथन 2 सही है।**
- **भारत CPEC (China Pakistan Economic Corridor) का कड़ा विरोध** करता है क्योंकि यह **पाकिस्तान अधिकृत वाले कश्मीर** से होकर **गुज़रता** है। **अतः कथन 3 सही है।**

**134. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSMEs) के बौनेपन का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

A. भुगतान में देरी के कारण MSME की प्रवृत्ति छोटी बनी रहने और बड़े उद्यमों में विकसित न होने की है।
B. यह वह स्थिति है जहाँ विकास के साथ आने वाले बढ़ते नियामक और अनुपालन बोझ से बचने के लिये MSME छोटे रहना पसंद करते हैं।
C. यह बाज़ार में बड़े प्रतिस्पर्द्धीयों के रडार पर बने रहने के लिये MSME द्वारा उपयोग की जाने वाली एक रणनीति है।
D. यह अस्थायी ठहराव का एक चरण है जिसका अंततः बड़े उद्यमों में विकसित होने से पहले MSME को सामना करना पड़ता है।

उत्तर: B

व्याख्या:

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSMEs) का बौनापन:**

**MSME बौनापन उस घटना को संदर्भित करता है जहाँ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (Micro, Small, and Medium Enterprises- MSMEs) जानबूझकर छोटे बने रहते हैं या एक निश्चित आकार से आगे बढ़ने से बचते हैं।**

- यह व्यवहार मुख्य रूप से **बड़े उद्यमों** में विकास के साथ बढ़े हुए **नियामक, कर और अनुपालन बोझ** से बचने की इच्छा से प्रेरित है।
- छोटे रहकर, ये व्यवसाय MSME के लिये डिज़ाइन किये गए **विभिन्न प्रोत्साहनों, सब्सिडी और सरलीकृत नियामक** आवश्यकताओं से लाभ उठा सकते हैं, इस प्रकार स्केलिंग से जुड़ी जटिलताओं एवं लागतों से बचा जा सकता है।
- हालाँकि यह व्यापक बाज़ार में विकास, नवाचार और प्रतिस्पर्द्धात्मकता की **उनकी क्षमता को सीमित** कर सकता है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**135. राष्ट्रीय विनिर्माण नीति 2011 में निम्नलिखित में से किस उद्देश्य को रेखांकित किया गया था?**

1. वर्ष 2022 तक राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान कम-से-कम 25% तक बढ़ाना।
2. वर्ष 2022 तक 100 मिलियन अतिरिक्त नौकरियाँ उत्पन्न करना।
3. वर्ष 2032 तक भारत की अर्थव्यवस्था को 10 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाना।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

उत्तर: A

व्याख्या:

**राष्ट्रीय विनिर्माण नीति 2011:**

- **राष्ट्रीय विनिर्माण नीति** 2011 के उद्देश्य हैं:
  - वर्ष 2022 तक राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में **विनिर्माण क्षेत्र** का योगदान कम-से-कम **25%** तक बढ़ाना। **अत: कथन 1 सही है।**
  - रोज़गार सृजन की दर को बढ़ाना ताकि **वर्ष 2022 तक 100 मिलियन अतिरिक्त नौकरियाँ** उत्पन्न की जा सकें। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **वैश्विक प्रतिस्पर्द्धात्मकता, घरेलू मूल्यवर्द्धन और विकास की पर्यावरणीय स्थिरता** को बढ़ाना। इसमें वर्ष 2032 तक भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का उल्लेख नहीं है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**136. दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (IBC) के संदर्भ में "हेयरकट" शब्द का तात्पर्य क्या है?**

A. दिवाला समाधान प्रक्रिया के दौरान कर्मचारियों के वेतन में कटौती।

B. अचल संपत्तियों पर किये गए मूल्यह्रास की तुलना उनके विरुद्ध किये गए प्रावधानों से करना।

C. ऋण समाधान प्रक्रिया के दौरान लेनदारों द्वारा स्वीकार की गई बकाया राशि में कमी।

D. देनदार कंपनी की प्रबंधन टीम का अनिवार्य पुनर्गठन।

उत्तर: C

व्याख्या:

**दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (IBC):**

- **'हेयरकट'** शब्द का तात्पर्य **ऋण समाधान प्रक्रिया के हिस्से के रूप में साहूकारों** द्वारा दी जाने वाली राशि से है।
- ऋण वसूली के संदर्भ में यह उधारकर्त्ता से देय **वास्तविक राशि** और उनके द्वारा **बैंक के साथ तय की गई राशि** के बीच का अंतर है।
- भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड ने सुझाव दिया है कि हेयरकट को IBC में प्रवेश करने पर **कंपनी द्वारा लाए गए मूल्य** एवं प्राप्त मूल्य के बीच के अंतर के रूप में देखा जाना चाहिये।

**अत: विकल्प C सही है।**

**137. न्यायिक समीक्षा के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. न्यायिक समीक्षा संसद द्वारा पारित किसी भी कानून की संवैधानिकता की जाँच करने की प्रक्रिया है।
2. यदि कोई कानून भारतीय संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन करता पाया जाता है तो केवल सर्वोच्च न्यायालय ही उसे अमान्य घोषित कर सकता है।
3. "न्यायिक समीक्षा" शब्द का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13 में किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**न्यायिक समीक्षा:**

- **न्यायिक समीक्षा संसद** द्वारा पारित किसी भी कानून की **संवैधानिकता** की **जाँच** करने की प्रक्रिया है। यह सुनिश्चित करता है कि पारित किया गया कानून भारतीय संविधान के प्रावधान का उल्लंघन नहीं कर रहा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में **न्यायिक समीक्षा उच्च न्यायालयों** के साथ-साथ **सर्वोच्च न्यायालय** द्वारा भी की जा सकती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- न्यायिक समीक्षा शब्द का **भारत के संविधान** में कोई **उल्लेख नहीं** है, लेकिन भारत का संविधान **अनुच्छेद 13, 32 और 136, 142 एवं 226** के माध्यम से न्यायिक समीक्षा का प्रावधान करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**138. तबरेज़ शहर, जिसका कभी-कभी समाचारों में उल्लेख होता है, स्थित है:**

A. ईरान

B. बेलारूस

C. इज़रायल

D. कुवैत

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**तबरेज़ शहर:**

- **तबरेज़ शहर ईरान** के पूर्वी अज़रबैजान प्रांत की राजधानी है।
- यह एक आधुनिक औद्योगिकीकृत **ईरानी शहर** है जिसमें 2,500 वर्ष पुरानी सभ्यता के चिह्न मिलते हैं।
- तबरेज़ को इस्लामिक सम्मेलन संगठन द्वारा वर्ष 2018 के लिये **"सिटी ऑफ इस्लामिक वर्ल्ड टूरिज़्म "** के रूप में नामित किया गया था।
- **अजी चे (Ajy Chay), लिकवान चे (Liqvan Chay), मैदान चे (Maidan Chay) और सूफियान चे (Soofian Chay)** जैसी नदियाँ इस क्षेत्र से होकर बहती हैं।

**अतः विकल्प A सही है।**

**139. ग्लोबल पोज़िशनिंग सिस्टम (GPS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GPS एक नेविगेशन प्रणाली है जो हवाई, समुद्र और भूमि यात्रा के लिये स्थान, वेग एवं समय डेटा को सिंक्रनाइज़ कर सकती है।
2. GPS ट्राइलैटेरेशन नामक तकनीक के माध्यम से काम करता है।
3. GPS प्रणाली में छह पृथ्वी-केंद्रित कक्षीय विमानों में 7 उपग्रहों का एक समूह शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ग्लोबल पोज़िशनिंग सिस्टम (GPS):**

- **ग्लोबल पोज़िशनिंग सिस्टम (GPS)** एक नेविगेशन प्रणाली है जो हवाई, समुद्र और भूमि यात्रा के लिये स्थान, वेग तथा समय डेटा को **सिंक्रनाइज़ करने के लिये उपग्रहों, एक रिसीवर एवं एल्गोरिदम का उपयोग** करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- GPS **ट्राइलेटरेशन** नामक तकनीक के माध्यम से काम करता है। इसका उपयोग आउटपुट स्थान की जानकारी बनाने हेतु उपग्रहों से संकेतों का उपयोग करके **स्थान, वेग और ऊँचाई की गणना करने** के लिये किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **GPS उपग्रह प्रणाली** में छह पृथ्वी-केंद्रित कक्षीय विमानों में **24 उपग्रहों** का एक समूह शामिल है। प्रत्येक **कक्षा में चार उपग्रह हैं** जो **पृथ्वी से 13,000 मील (20,000 किमी.) ऊपर परिक्रमा** कर रहे हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**140. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किज़ कलासी बाँध आर्मीनिया/आर्मेनिया और अज़रबैजान गणराज्य के बीच एक संयुक्त जल परियोजना है।
2. किज़ कलासी बाँध अरास नदी पर बनाया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

उत्तर: B

व्याख्या:

**किज़ कलासी बाँध:**

- **किज़ कलासी बाँध (Qiz Qalasi Dam) ईरान** और **अज़रबैजान** गणराज्य के बीच सबसे बड़ी संयुक्त जल परियोजना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- तटबंध बाँध ईरान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत पूर्वी अज़रबैजान में **खोड़ा अफरीन क्षेत्र** में स्थित है।
- यह बाँध दो पड़ोसी मुस्लिम राज्यों द्वारा संयुक्त रूप से अपनी साझा सीमा पर **अरास नदी** पर बनाया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

**141. फारस की खाड़ी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी सीमाएँ ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और ओमान से लगती हैं।
2. फारस की खाड़ी और शेष विश्व से एकमात्र समुद्री निकास होर्मुज़ जलडमरूमध्य के माध्यम से है।
3. केशम संयुक्त अरब अमीरात से संबंधित फारस की खाड़ी का सबसे बड़ा द्वीप है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

उत्तर: A

व्याख्या:

**फारस की खाड़ी:**

- फारस की खाड़ी **ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात** और **ओमान की सीमा से लगी** जलराशि है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **फारस की खाड़ी** से ओमान की खाड़ी, हिंद महासागर और **शेष विश्व में एकमात्र समुद्री निकास** एक संकीर्ण चोकपॉइंट, **होर्मुज़ जलडमरूमध्य** के माध्यम से है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **केशम** फारस की खाड़ी में **ईरान** से संबंधित **सबसे बड़ा द्वीप** है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**142. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समझौतों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द "रैचेट मैकेनिज़्म" का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. एक ऐसा तंत्र जो देशों को आर्थिक संकट के दौरान अस्थायी रूप से व्यापार बाधाओं को बढ़ाने की अनुमति देता है।
B. एक नियम, जो एक बार स्थापित हो जाने पर, राष्ट्रों को व्यापार बाधाओं को कम करने के अपने वचन वापस लेने से रोकता है।
C. एक नियम जिसके तहत देशों को समय के साथ अपनी व्यापार बाधाओं को उत्तरोत्तर कम करने की आवश्यकता होती है।
D. एक प्रावधान जो देशों को घरेलू उद्योगों की सुरक्षा के लिये कुछ वस्तुओं पर उच्च टैरिफ लगाने की अनुमति देता है।

उत्तर: B

व्याख्या:

**रैचेट तंत्र (Ratchet Mechanism):**

- **रैचेट तंत्र** का अर्थ है कि यदि कोई देश किसी अन्य देश के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करता है और टैरिफ व कोटा हटाता है या कम करता है, तो वह उन पर **वापस नहीं जा सकता** है तथा अधिक **प्रतिबंधात्मक उपाय** नहीं ला सकता है।
- **छूट** का अर्थ यह होगा कि कोई देश बाद में **राष्ट्रीय हित की रक्षा** के आधार पर **प्रतिबंधात्मक उपाय करने** में सक्षम होगा।

**अत: विकल्प B सही है।**

**143. फ्रेंडशोरिंग, नियरशोरिंग और रिशोरिंग शब्द, जो कभी-कभी समाचारों में दिखाई देते हैं, किससे संबंधित हैं?**

A. ग्रेट पैसिफिक गारबेज पैच
B. जलवायु वार्ता
C. वैश्विक आपूर्ति शृंखला
D. आनुवांशिक रूप से रूपांतरित जीव

उत्तर: C

व्याख्या:

**फ्रेंडशोरिंग, नियरशोरिंग और रीशोरिंग:**

- **फ्रेंडशोरिंग** एक बढ़ती हुई **व्यापार प्रथा** है जहाँ **आपूर्ति शृंखला नेटवर्क राजनीतिक और आर्थिक सहयोगी** माने जाने वाले राष्ट्रों पर केंद्रित होते हैं।

नोट :

- किसी व्यवसाय द्वारा अपनी गतिविधियों को **पड़ोसी देश,** अक्सर साझा सीमा वाले राष्ट्र में स्थानांतरित करने की प्रथा को "**नियरशोरिंग**" के रूप में जाना जाता है।
- **रीशोरिंग** किसी व्यवसाय अथवा **व्यवसाय के किसी हिस्से** को अन्य दूसरे राष्ट्र में स्थित अपने **मूल राष्ट्र** में वापस ले जाने की प्रथा है। **अतः विकल्प C सही है।**

**144. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्यक्रम विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) से संबद्ध है?**

1. वर्ल्ड वेदर वॉच
2. ग्लोबल एटमॉस्फियर वॉच
3. वर्ल्ड वेदर रिसर्च

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**विश्व मौसम विज्ञान संगठन (World Meteorological Organization-WMO)**

- **विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) निम्नलिखित राष्ट्रीय अनुकूलन योजनाएँ (National Adaptation Plans- NAP)** चलाता है:
    - **वर्ल्ड वेदर वॉच प्रोग्राम (WWW):** यह मौसम संबंधी और संबंधित टिप्पणियों के **अवलोकनों एवं आदान-प्रदान के लिये** विश्वव्यापी प्रणालियों के विकास, संचालन तथा संवर्द्धन की सुविधा प्रदान करता है।
    - **ग्लोबल एटमॉस्फियर वॉच प्रोग्राम (GAW):** यह वैश्विक वातावरण पर **मानव गतिविधि के बढ़ते प्रभाव** को बेहतर ढंग से **समझने और नियंत्रित करने** में मदद करता है।
    - **वर्ल्ड वेदर रिसर्च प्रोग्राम (WWRP):** यह **सार्वजनिक सुरक्षा, जीवन की गुणवत्ता, आर्थिक समृद्धि** और **पर्यावरणीय गुणवत्ता** के सुधार में योगदान देता है।

**अतः विकल्प D सही है।**

**145. क्लाइमेट एक्शन ट्रैकर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक G7 समर्थित वैज्ञानिक परियोजना है जो सरकारी जलवायु कार्रवाई पर नज़र रखती है और इसे विश्व स्तर पर सहमत पेरिस समझौते के लक्ष्य के विरुद्ध मापती है।
2. यह क्लाइमेट एनालिटिक्स और विश्व मौसम विज्ञान संगठन के सहयोग से स्वतंत्र विश्लेषण प्रदान करता है।
3. यह MAGICC जलवायु मॉडल का उपयोग करके 21वीं सदी के दौरान संभावित तापमान वृद्धि का निर्धारण करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**क्लाइमेट एक्शन ट्रैकर:**

- **क्लाइमेट एक्शन ट्रैकर** एक **स्वतंत्र वैज्ञानिक परियोजना** है जो सरकारी **जलवायु कार्रवाई पर नज़र रखती** है और इसे विश्व स्तर पर सहमत **पेरिस समझौते** के लक्ष्य के विरुद्ध मापती है, जिसका उद्देश्य **वार्मिंग को 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखना तथा वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित** करने के प्रयासों को आगे बढ़ाना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह दो संगठनों- **क्लाइमेट एनालिटिक्स और न्यूक्लाइमेट इंस्टीट्यूट** के सहयोग से स्वतंत्र विश्लेषण प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह **MAGICC जलवायु मॉडल का उपयोग** करके 21वीं सदी के दौरान संभावित **तापमान वृद्धि का निर्धारण करते** हुए, **वैश्विक स्तर पर देश की कार्रवाई को भी एकत्रित** करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**146. निम्नलिखित में से कौन-सा विकिलीक्स का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. एक सहयोगी ऑनलाइन विश्वकोश जो उपयोगकर्त्ताओं को लेख संपादित करने की अनुमति देता है।

B. वर्गीकृत, सेंसर की गई या अन्य प्रतिबंधित जानकारी प्रकाशित करने के लिये समर्पित एक वेबसाइट।

C. साइबर अपराधियों की खबरें और जानकारी साझा करने के लिये एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म।

D. दुर्लभ और पुरानी वस्तुओं की नीलामी के लिये एक ई-कॉमर्स मंच।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विकिलीक्स:**

- विकिलीक्स (WikiLeaks) एक वेबसाइट है जो **वर्गीकृत, सेंसर** की गई या अन्य **प्रतिबंधित जानकारी** प्रकाशित करने के लिये समर्पित है।
- इसकी स्थापना **जूलियन असांज ने वर्ष 2006** में की थी।
- विकिलीक्स **युद्ध, जासूसी और भ्रष्टाचार से** संबंधित सेंसर या अन्यथा प्रतिबंधित आधिकारिक सामग्रियों के बड़े डेटासेट के **विश्लेषण एवं प्रकाशन में कुशल** है।
- इसके कुछ सबसे उल्लेखनीय "लीक" अमेरिकी सरकार के दस्तावेज़ थे, जिसमें कहा गया था कि **अमेरिकी सेना** ने **अफगानिस्तान और इराक** में युद्धों के दौरान अज्ञात घटनाओं में सैकड़ों **नागरिकों** को मार डाला था।

**अत: विकल्प B सही है।**

**147. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रीक्लैम्प्सिया (Pre-eclampsia) एक प्रकार का उच्च रक्तचाप है जो कुछ महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान होता है।
2. उपचार न किये जाने पर, यह समय से पहले जन्म और यहाँ तक कि भ्रूण की मृत्यु का कारण बन सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्रीक्लैम्प्सिया:**

- **प्रीक्लैम्प्सिया** एक प्रकार का **उच्च रक्तचाप** है जो कुछ महिलाओं को **गर्भावस्था** के दौरान होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह स्थिति **गर्भावस्था के 20वें सप्ताह** के बाद हो सकती है।
- यदि प्रीक्लैम्प्सिया का **उपचार नहीं** किया जाता है, तो यह गंभीर समस्याएँ जैसे **समय से पहले जन्म** और यहाँ तक कि **भ्रूण की मृत्यु** का कारण बन सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- प्रीक्लैम्प्सिया बच्चे के **जन्म के बाद** विकसित हो सकता है, इस स्थिति को **प्रसवोत्तर प्रीक्लैम्प्सिया (postpartum preeclampsia)** कहा जाता है।

**148. सामरिक परमाणु हथियार (Tactical nuclear weapons-TNW) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सामरिक परमाणु हथियार (TNW) आमतौर पर कम दूरी के हथियारों को संदर्भित करते हैं।
2. इन्हें केवल भूमि से प्रक्षेपित मिसाइलों से ही लॉन्च किया जा सकता है।
3. TNW हथियार नियंत्रण समझौतों में शामिल परमाणु हथियारों की सबसे विनियमित श्रेणी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सामरिक परमाणु हथियार (TNW):**

- सामरिक (गैर-रणनीतिक) परमाणु हथियार (TNW) आमतौर पर कम दूरी के हथियारों को संदर्भित करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- TNW अपने **छोटे आकार, चुराए जाने की आशंका और कथित उपयोगिता** के कारण रणनीतिक हथियारों से अधिक खतरनाक होते हैं।
- इन्हें **भूमि से प्रक्षेपित मिसाइलों** (500 किमी. से कम की सीमा) और **हवा एवं समुद्र से प्रक्षेपित मिसाइलों** (600 किमी. से कम की सीमा) से लॉन्च किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- TNW हथियार नियंत्रण समझौतों में शामिल परमाणु हथियारों की **सबसे कम-विनियमित** श्रेणी है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- वे केवल वर्ष 1991 में **जॉर्ज बुश** और **मिखाइल गोर्बाचेव** द्वारा की गई एकतरफा, समानांतर घोषणाओं द्वारा बनाए गए **अनौपचारिक शासन** के अधीन हैं।

**149. ग्रेजुएट रूट वीज़ा (GRV) योजना, जो प्राय: समाचारों में देखी जाती है, का उल्लेख निम्नलिखित में से किस मामले के संदर्भ में किया जाता है?**

A. संयुक्त राज्य अमेरिका

B. यूनाइटेड किंगडम

C. कनाडा

D. फ्राँस

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ग्रेजुएट रूट वीज़ा (GRV) योजना**

- **GRV योजना जुलाई, 2021** में **यूनाइटेड किंगडम (UK)** सरकार द्वारा शुरू की गई थी।
- यह व्यक्तियों को **स्नातक, स्नातकोत्तर या अन्य योग्य पाठ्यक्रमों** के सफल समापन पर कम-से-कम **दो वर्ष तक UK में रहने** की अनुमति देता है।
- **पी.एच.डी.** या अन्य **डॉक्टरेट योग्यता** वाले लोगों के लिये GRV **तीन वर्ष** तक रहता है।
- आवेदन के समय GRV आवेदक को UK में होना चाहिये और उसके पास अल्पकालिक स्टडी वीज़ा या जनरल स्टूडेंट वीज़ा (टियर 4) होना चाहिये।

**अत: विकल्प B सही है।**

**150. अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (International Criminal Court- ICC) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

1. ICC दुनिया का पहला स्थायी अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय है, जो रोम संविधि नामक एक अंतर्राष्ट्रीय संधि द्वारा शासित होता है।
2. हेग में स्थित, ICC संयुक्त राष्ट्र का एक न्यायिक निकाय है।
3. ICC के पास नरसंहार, मानवता के खिलाफ अपराध और युद्ध अपराधों के लिये व्यक्तियों पर मुकदमा करने का अधिकार है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. केवल 1 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (International Criminal Court- ICC)**

- ICC **दुनिया का पहला स्थायी** अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय है, जो यह **रोम संविधि** नामक एक अंतर्राष्ट्रीय संधि द्वारा शासित होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ICC हेग में स्थित है और संयुक्त राष्ट्र से स्वतंत्र रूप से संचालित होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- ICC अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिये चिंता के सबसे गंभीर अपराधों: **नरसंहार, मानवता के खिलाफ अपराध और युद्ध अपराध** के आरोप वाले **व्यक्तियों** पर मुकदमा करती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**151. निम्नलिखित में से कौन-सा पैराडिप्लोमेसी का उदाहरण है?**

A. एक राष्ट्रीय सरकार दूसरे राष्ट्र के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रही है।

B. एक राज्य सरकार स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिये एक विदेशी राष्ट्र में व्यापार कार्यालय स्थापित कर रही है।

C. परस्पर विरोधी राष्ट्रों के मध्य शांति वार्ता में मध्यस्थता करने वाला एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन।

D. एक बहुराष्ट्रीय निगम जो कई राष्ट्रों में अनुकूल व्यापार नीतियों की पैरवी कर रहा है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पैराडिप्लोमेसी:**

- पैराडिप्लोमेसी से तात्पर्य उस **डिप्लोमेसी** से है जो **गैर-केंद्रीय सरकारें** अपनाती हैं।

  सरल शब्दों में जब **उप-राष्ट्रीय** सरकारें जैसे- **राज्य, प्रांत,** अथवा **शहर** अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिये अंतर्राष्ट्रीय मामलों का संचालन करते हैं, इसे पैराडिप्लोमेसी के रूप में जाना जाता है।
- एक **राज्य** सरकार **स्थानीय व्यवसायों** को बढ़ावा देने के लिये किसी **विदेशी राष्ट्र** में एक **व्यापार कार्यालय** स्थापित करना पैराडिप्लोमेसी का एक उदाहरण है।

नोट :

- उदाहरण के लिये **महाराष्ट्र** ने राज्य में **निवेश** आकर्षित करने के लिये दावोस में **विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum- WEF)** की बैठक में अपने **मंडप** का अनावरण किया।
- **महाराष्ट्र** ने अपने **दाभोल पावर स्टेशन** के वित्तपोषण के लिये टेक्सास की बिजली कंपनी **एनरॉन** और **जनरल इलेक्ट्रिक** के साथ एक समझौता किया।

**अत: विकल्प B सही है।**

**152. शेयरों की पुनर्खरीद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वह प्रणाली है जहाँ कंपनियाँ अपने मौजूदा शेयरधारकों से अपने स्वयं के शेयर खरीदने का निर्णय लेती हैं।
2. यह सामान्य तौर पर वर्तमान बाज़ार मूल्य से कम कीमत पर किया जाता है।
3. यह केवल खुले बाज़ार तंत्र के माध्यम से ही किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**शेयरों की पुनर्खरीद:**

- **शेयरों की पुनर्खरीद** उस प्रक्रिया को संदर्भित करती है जिसमें एक कंपनी मौजूदा शेयरधारकों से **अपने बकाया शेयरों की पुनर्खरीद करती है। अत: कथन 1 सही है।**
- यह सामान्य तौर पर **वर्तमान बाज़ार मूल्य** से **अधिक कीमत** पर किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसे या तो **निविदा प्रस्ताव** के माध्यम से अथवा **खुले बाज़ार तंत्र** के माध्यम से किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- जब कंपनियाँ शेयरों की पुनर्खरीद के लिये **खुले बाज़ार तंत्र** का विकल्प चुनने का निर्णय लेती हैं, तो वे **द्वितीयक बाज़ार** के माध्यम से ऐसा कर सकती हैं।

**153. 'एशिया धुरी' नीति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह निर्णय लेने में एशियाई देशों को अधिक प्रतिनिधित्व देने के लिये संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित एक रणनीतिक पुनर्संतुलन है।
2. इसकी घोषणा ऐसे समय में की गई जब चीन अपने पड़ोसी राज्यों के प्रति अधिक आक्रामक होता जा रहा था।
3. ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप समझौता इस नीति की आधारशिला थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**'एशिया धुरी' नीति:**

- यह वर्ष 2011 में **संयुक्त राज्य अमेरिका** द्वारा घोषित एक **रणनीतिक पुनर्संतुलन** है। इसने मध्य पूर्व से **एशिया-प्रशांत** तक अमेरिकी विदेश नीति की **प्राथमिकताओं** में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव को चिह्नित किया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसकी घोषणा ऐसे समय में की गई जब **चीन** अपने पड़ोसी राज्यों के प्रति अधिक **आक्रामक** होता जा रहा था। इसके क्षेत्रीय दावे दक्षिण चीन सागर में **स्प्रैटली (Spratly) और पारासेल (Paracel) द्वीपों** के साथ-साथ **जापानी क्षेत्रीय जल** में द्वीपों तक फैले हुए हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप (TPP)** समझौता इस नीति की **आधारशिला** थी। TPP समझौते ने सदस्य देशों को चीनी दृढ़ता के सामने क्षेत्र के **आर्थिक एकीकरण** के लिये अमेरिका की नई प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। **अत: कथन 3 सही है।**

**154. 'स्टार प्रचारकों' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आदर्श आचार संहिता के अनुसार, स्टार प्रचारकों को उस राजनीतिक दल का सदस्य होना चाहिये जो उन्हें नियुक्त करता है।
2. राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर एक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल अधिकतम 100 स्टार प्रचारकों की नियुक्ति कर सकता है।
3. राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों का यात्रा व्यय उस दल के उम्मीदवारों के चुनाव व्यय के हिस्से के रूप में नहीं गिना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**स्टार प्रचारक:**

- **लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (RP अधिनियम) की धारा 77 'एक राजनीतिक दल के नेताओं'** द्वारा किये गए व्यय से संबंधित कानूनों को प्रस्तुत करती है। ये 'राजनीतिक दल के नेता' को **लोकप्रिय रूप** से **'स्टार प्रचारक'** के रूप में चुनते हैं।
- **RP अधिनियम, 1951** के अनुसार, स्टार प्रचारकों को उस राजनीतिक दल का सदस्य होना चाहिये जो उन्हें नियुक्त करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **RP अधिनियम, 1951** में प्रावधान है कि एक **मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल** (राष्ट्रीय या राज्य) **अधिकतम 40** स्टार प्रचारकों की नियुक्ति कर सकता है, जबकि एक **पंजीकृत गैर-मान्यता** प्राप्त राजनीतिक दल अधिकतम **20** स्टार प्रचारकों की नियुक्ति कर सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- स्टार प्रचारकों द्वारा अपने राजनीतिक दल के प्रचार के लिये हवाई यात्रा या परिवहन के किसी अन्य माध्यम से किया गया **व्यय** ऐसे दल के उम्मीदवार के चुनाव व्यय का हिस्सा **नहीं** माना जाएगा। **अतः कथन 3 सही है।**

**155. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (Consumer Price Index- CPI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में CPI का उपयोग मूल्य की मुद्रास्फीति को मापने हेतु किया जाता है जो काफी हद तक लासपेयर के मूल्य सूचकांक (Laspeyre's Price Index) पर आधारित है।
2. उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय तथा अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (Consumer Price Index- CPI) द्वारा जारी किया जाता है।
3. इसका उपयोग मुद्रास्फीति के व्यापक आर्थिक संकेतक और राष्ट्रीय खातों में अपस्फीतिकारक (Deflator) के रूप में किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI):**

- भारत में **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)** का उपयोग **मूल्य की मुद्रास्फीति** को मापने हेतु किया जाता है जो काफी हद तक **लास्पेयर के मूल्य सूचकांक** पर आधारित है और अर्थव्यवस्था की जीवन यापन की लागत को मापता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय** (NSO) **और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय** (MoSPI) द्वारा जारी किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसका उपयोग **मुद्रास्फीति** के **व्यापक आर्थिक संकेतक** के रूप में केंद्रीय बैंक और सरकार द्वारा मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण तथा मूल्य स्थिरता का निरीक्षण करने के लिये एक उपकरण के रूप में एवं **राष्ट्रीय खातों** में **अपस्फीतिकारक** के रूप में किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**156. निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत विशिष्ट रूप से संवैधानिक लोकतंत्र से संबंधित नहीं है ?**

A. विधि का शासन

B. शक्तियों का पृथक्करण

C. मौलिक अधिकार

D. प्रतिबद्ध न्यायपालिका

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**संवैधानिक लोकतंत्र:**

- संवैधानिक लोकतंत्र के **सिद्धांतों** में निम्नलिखित शामिल हैं
  - **विधि का शासन:** यह एक कानूनी सिद्धांत है कि सरकारी अधिकारियों के **मनचाहे निर्णयों** के खिलाफ देश में **विधि का शासन** होना चाहिये। प्रत्येक व्यक्ति अपने **पद और रैंक** की परवाह किये बिना **कानून** की **सामान्य अदालतों** के क्षेत्राधिकार के अधीन है।

- **शक्तियों का पृथक्करण:** इसका अर्थ है सरकार के **विधायी, कार्यकारी और न्यायिक कार्यों** को पृथक तथा **स्वतंत्र निकायों** के बीच विभाजित करना। उनकी शक्तियों तथा ज़िम्मेदारियों को **स्पष्ट रूप से परिभाषित** किया जाना चाहिये तथा **पृथक** रखा जाना चाहिये।
- **मौलिक अधिकार:** मौलिक अधिकार मुख्य रूप से **व्यक्तियों** को किसी भी **मनमानी कार्रवाई** होने से बचाते हैं। कुछ अधिकार **व्यक्तियों** के विरुद्ध भी लागू किये जा सकते हैं।

- **प्रतिबद्ध न्यायपालिका** उस न्यायपालिका को संदर्भित करती है जो सत्ता में **सरकार** के लिये **उपयुक्त** तरीके से कानूनों और संविधान की व्याख्या करके **सत्ता में सरकार की नीतियों** को बनाए रखने के लिये प्रतिबद्ध है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**157. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किसान उत्पादक संगठन (FPO) को कंपनी अधिनियम 1956 के तहत एक कानूनी इकाई के रूप में शामिल किया गया है।
2. लघु कृषक कृषि व्यवसाय संघ (SFAC) FPO को बढ़ावा देने के लिये सहायता प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**किसान उत्पादक संगठन (FPO):**

- FPO को **कंपनी अधिनियम 1956** की **धारा IXA के तहत एक कानूनी इकाई** के रूप में शामिल किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **लघु कृषक कृषि व्यवसाय संघ (SFAC)** FPO को बढ़ावा देने के लिये सहायता प्रदान कर रहा है। **अत: कथन 2 सही है।**

**158. विकास वित्तीय संस्थान (DFI) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण और विकास बैंक (NBFID) को बुनियादी ढाँचे के वित्तपोषण के लिये प्रमुख DFI के रूप में स्थापित किया गया था।
B. DFI उन क्षेत्रों हेतु दीर्घकालिक वित्त प्रदान करते हैं जिनमें वाणिज्यिक बैंकों और नियमित वित्तीय संस्थानों के लिये जोखिम बहुत अधिक है।
C. बैंकों की तरह, DFI लोगों से जमा स्वीकार कर सकते हैं।
D. DFI बाज़ार, सरकार के साथ-साथ बहुपक्षीय संस्थानों से धन प्राप्त करते हैं।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विकास वित्तीय संस्थान (DFI):**

- **राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण और विकास बैंक (NBFID)** को **बुनियादी ढाँचे के वित्तपोषण के लिये** प्रमुख **विकास वित्तीय संस्थान (DFI)** के रूप में स्थापित किया गया था।
- DFI की स्थापना **अर्थव्यवस्था के ऐसे क्षेत्रों के लिये दीर्घकालिक वित्त प्रदान करने** हेतु की गई है, जिनमें वाणिज्यिक बैंकों और नियमित वित्तीय संस्थानों के लिये जोखिम बहुत अधिक है।
- बैंकों के विपरीत DFI लोगों से **जमा स्वीकार नहीं** कर सकते।
- वे बाज़ार, **सरकार के साथ-साथ बहुपक्षीय संस्थानों से धन प्राप्त करते** हैं और सरकारी गारंटी के माध्यम से समर्थित होते हैं।

**अत: विकल्प C सही है।**

**159. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन संभावित सकल घरेलू उत्पाद (Potential-GDP) का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. यह एक निश्चित अवधि में अर्थव्यवस्था में उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य का माप है।
B. यह अधिकतम संभव आउटपुट है जिसे कोई अर्थव्यवस्था पूर्ण रोज़गार और इष्टतम दक्षता पर काम करते समय प्राप्त कर सकती है।
C. यह किसी देश के नागरिकों द्वारा विदेशों और घरेलू स्तर पर उत्पादित तैयार वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल मूल्य है, जिसमें मूल्यह्रास को घटा दिया जाता है।
D. यह वह धनराशि है जो किसी व्यक्ति या परिवार के पास सकल आय से सभी करों की कटौती के बाद खर्च करने या बचत करने के लिये बची होती है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**संभावित सकल घरेलू उत्पाद (Potential GDP):**

- **संभावित सकल घरेलू उत्पाद** वह **अधिकतम संभव आउटपुट** है जो एक अर्थव्यवस्था **पूर्ण रोज़गार** और **इष्टतम दक्षता** पर काम करते समय प्राप्त कर सकती है।
- **संभावित सकल घरेलू उत्पाद (Potential GDP) श्रम बल** के **आकार** और **उत्पादकता वृद्धि की गति** (काम के प्रति घंटे उत्पादन) पर निर्भर करता है, जो स्वयं **पूंजी** निवेश की **मात्रा** पर निर्भर है।
- **अधिक पूंजी प्रवाह, अधिक श्रम बल भागीदारी** अथवा वर्तमान श्रम बल एवं **पूंजी** स्टॉक के बीच **उत्पादकता** में वृद्धि, ये सभी संभावित GDP में वृद्धि को **गति** दे सकते हैं।
- अर्थव्यवस्था आमतौर पर अपनी क्षमता के अनुसार वृद्धि करती है, लेकिन **गहरी मंदी** इस नियम के **अपवाद** हैं। इन अवधियों के दौरान GDP कभी-कभी अपनी क्षमता से **कम हो सकती** है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**160. मरुस्थलीकरण से निपटने के लिये संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (United Nations Convention to Combat Desertification- UNCCD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UNCCD मरुस्थलीकरण और सूखे के प्रभावों को संबोधित करने के लिये स्थापित एकमात्र कानूनी रूप से बाध्यकारी ढाँचा है।
2. यह भागीदारी, साझेदारी और विकेंद्रीकरण के सिद्धांतों पर आधारित है।
3. भारत UNCCD का हस्ताक्षरकर्त्ता है लेकिन उसने इसकी पुष्टि नहीं की है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मरुस्थलीकरण से निपटने के लिये संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (United Nations Convention to Combat Desertification- UNCCD):**

- **UNCCD मरुस्थलीकरण** और **सूखे** के प्रभावों को संबोधित करने के लिये स्थापित **एकमात्र कानूनी रूप से बाध्यकारी** ढाँचा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह कन्वेंशन **भागीदारी, साझेदारी और विकेंद्रीकरण के सिद्धांतों** पर आधारित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत **14 अक्तूबर, 1994** को कन्वेंशन का **हस्ताक्षरकर्त्ता** बना और **17 दिसंबर, 1996** को इसकी **पुष्टि** की। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (Ministry of Environment, Forest and Climate Change- MoEFCC)** कन्वेंशन से संबंधित सभी मुद्दों के समन्वय के लिये **नोडल एजेंसी** है।

**161. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:**

1. जापान
2. साउथ कोरिया
3. स्वीडन
4. दक्षिण अफ्रीका
5. भारत

**उपर्युक्त में से कितने देशों ने फिलिस्तीनी राज्य का दर्जा स्वीकार कर लिया है?**

A. केवल दो
B. केवल तीन
C. केवल चार
D. केवल पाँच

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**फिलिस्तीनी राज्य का दर्जा:**

- **ओस्लो समझौते (1993 और 1995)** का उद्देश्य इज़रायल के साथ एक **फिलिस्तीनी राज्य** की स्थापना के माध्यम से **फिलिस्तीनी आत्मनिर्णय** को लाना था।
- **भारत** ने **वर्ष 1988** में फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता दी।
- वर्ष **1995 में दक्षिण अफ्रीका ने फिलिस्तीनी लोगों को राज्य का दर्जा दिया।**

नोट :

- वर्ष 2014 में फिलिस्तीनी राज्य का दर्जा स्वीकार करने वाला स्वीडन **पश्चिमी यूरोप** का **पहला** देश बन गया।
- संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, **जापान, साउथ कोरिया** और कई पश्चिमी यूरोपीय राज्य फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता नहीं देते।

**अतः विकल्प B सही है।**

**162. इंटरपोल (INTERPOL) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विश्व स्तर पर पुलिस जानकारी साझा करने के लिये जनादेश और तकनीकी बुनियादी ढाँचे वाला एकमात्र संगठन है।
2. इंटरपोल का रेड नोटिस प्रत्यर्पण, आत्मसमर्पण या इसी तरह की कानूनी कार्रवाई के लिये लंबित किसी व्यक्ति का पता लगाने और उसे अस्थायी रूप से गिरफ्तार करने के लिये एक अंतर्राष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट है।
3. भारत के इंटरपोल के रूप में केंद्रीय जाँच ब्यूरो (Central Bureau of Investigation- CBI) भारत और अन्य देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के मध्य एक इंटरफेस के रूप में कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**इंटरपोल:**

- यह **विश्व स्तर** पर पुलिस जानकारी साझा करने के लिये जनादेश और **तकनीकी बुनियादी ढाँचे** वाला **एकमात्र** संगठन है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह दुनिया भर की **पुलिस** को तकनीकी और व्यक्तिगत रूप से क्षेत्राधिकार, समय क्षेत्र तथा भाषाओं के बीच **जोड़ता** है।
- **रेड नोटिस** दुनिया भर में कानून प्रवर्तन से प्रत्यर्पण, आत्मसमर्पण या इसी तरह की कानूनी कार्रवाई के लिये लंबित किसी व्यक्ति का **पता लगाने और उसे अस्थायी रूप से गिरफ्तार** करने का अनुरोध है। रेड नोटिस कोई **अंतर्राष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट नहीं** है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत के इंटरपोल के रूप में **CBI सहयोग** सुनिश्चित करने के लिये भारत और अन्य देशों की **कानून प्रवर्तन एजेंसियों** के मध्य एक इंटरफेस के रूप में कार्य करती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**अतः विकल्प B सही है।**

**163. 17+1 पहल के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह चीन के नेतृत्व वाली एक पहल है जिसका उद्देश्य बीजिंग और मध्य तथा पूर्वी यूरोपीय (Central and East European- CEE) देशों के बीच सहयोग का विस्तार करना है।
2. इस पहल में केवल गैर-यूरोपीय संघ (EU) सदस्य देश शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**17+1 पहल:**

- यह **चीन के नेतृत्व वाली एक पहल है** जिसका उद्देश्य CEE क्षेत्र के विकास के लिये **निवेश और व्यापार** के साथ बीजिंग तथा मध्य एवं पूर्वी यूरोपीय (Central and East European- CEE) सदस्य देशों के **बीच सहयोग** का विस्तार करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस पहल में **12 यूरोपीय संघ** के सदस्य देश एवं **5 बाल्कन** राज्य- अल्बानिया, बोस्निया और हर्ज़ेगोविना, बुल्गारिया, क्रोएशिया, चेक गणराज्य, एस्टोनिया, ग्रीस, हंगरी, लातविया, लिथुआनिया, मैसेडोनिया, मोंटेनेग्रो, पोलैंड, रोमानिया, सर्बिया, स्लोवाकिया तथा स्लोवेनिया शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस पहल को चीन की **बेल्ट एंड रोड पहल (Belt and Road initiative- BRI) के विस्तार** के रूप में देखा जाता है।

**अतः विकल्प A सही है।**

**164. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा कार्यान्वित आर्थिक पूंजी ढाँचे (Economic Capital Framework- ECF) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

A. इसके विनियमन के तहत वाणिज्यिक बैंकों की लाभप्रदता को अधिकतम करना।

B. नियामक पूंजी आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करना।

C. विदेशी मुद्रा बाज़ारों में RBI के हस्तक्षेप को सुविधाजनक बनाना।

D. जोखिम प्रावधानों और लाभ वितरण के उचित स्तर को निर्धारित करने के लिये एक पद्धति प्रदान करना।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**आर्थिक पूंजी ढाँचे (Economic Capital Framework- ECF):**

- **भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)** ने केंद्र सरकार के परामर्श से नवंबर 2018 में **ECF** की समीक्षा के लिये **डॉ. बिमल जालान** की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था।
- **ECF RBI अधिनियम, 1934 की धारा 47 के तहत** किये जाने वाले **जोखिम प्रावधानों** और **लाभ वितरण** के उचित स्तर को निर्धारित करने के लिये एक पद्धति प्रदान करता है।
- इस प्रावधान के अनुसार, **केंद्रीय बैंक** को नकारात्मक और संदिग्ध ऋण, संपत्ति में मूल्यह्रास तथा कर्मचारियों के योगदान के लिये प्रावधान करने के बाद केंद्र सरकार को अपने **लाभ** का शेष **भुगतान** करना होता है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**165. GPT-4 ओमनी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह Google द्वारा विकसित एक लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) है।
2. यह एक मल्टीमॉडल AI मॉडल है जो टेक्स्ट, ऑडियो और इमेज में आउटपुट स्वीकार तथा उत्पन्न कर सकता है।
3. यह अंग्रेज़ी भाषा से इत्तर टेक्स्ट को संभाल सकता है, जिससे यह वैश्विक दर्शकों के लिये अधिक सुलभ हो जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 2 और 3

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**GPT-4 ओमनी:**

- यह **OpenAI** द्वारा विकसित एक **लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM)** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह एक **मल्टीमॉडल AI मॉडल** है जो **टेक्स्ट**, **ऑडियो** और **इमेज में आउटपुट स्वीकार तथा उत्पन्न** कर सकता है। यह उपयोगकर्त्ताओं को टेक्स्ट, ऑडियो और इमेज के किसी भी संयोजन को इनपुट करने एवं **समान प्रारूप** में प्रतिक्रिया प्राप्त करने की सुविधा देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह **बहुभाषी समर्थन** के साथ आता है और **अंग्रेज़ी भाषा से इत्तर टेक्स्ट** को संभालने में महत्त्वपूर्ण सुधार दिखाता है, जिससे यह **वैश्विक दर्शकों** के लिये अधिक सुलभ हो जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**166. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: AI एजेंट परिष्कृत AI सिस्टम हैं जो मनुष्यों के साथ वास्तविक समय में इंटरैक्शन कर सकते हैं।**

**कथन-II: AI एजेंट आवाज़, इमेज और यहाँ तक कि अपने परिवेश से इनपुट सहित विभिन्न प्रकार के इनपुट को संसाधित तथा प्रतिक्रिया दे सकते हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या करता है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है किंतुनकारात्मक कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**AI एजेंट:**

- **AI एजेंट परिष्कृत** AI सिस्टम हैं जो **मनुष्यों** के साथ **वास्तविक समय, मल्टीमॉडल** (टेक्स्ट, इमेज या ऑडियो) इंटरैक्शन में संलग्न हो सकते हैं। **अत: कथन I सही है।**
- **पारंपरिक** भाषा मॉडल के विपरीत, जो पूरी तरह से **टेक्स्ट-आधारित इनपुट** और आउटपुट पर कार्य करते हैं, **AI एजेंट** ऑडियो, इमेज तथा यहाँ तक कि अपने **परिवेश** से इनपुट सहित विभिन्न प्रकार के इनपुट को संसाधित एवं प्रतिक्रिया दे सकते हैं। **अत: कथन II सही है।**

**अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है।**

**167. भारत में बीमा क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2047 तक 'सभी के लिये बीमा' कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा अपनाया गया एक व्यापक रोडमैप है।
2. भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) बीमा पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा के लिये स्थापित एक गैर-वैधानिक निकाय है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत में बीमा क्षेत्र:**

- **वर्ष 2047** तक **'सभी के लिये बीमा' वित्त मंत्रालय** के अधिकार क्षेत्र के तहत **भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI)** द्वारा अपनाया गया एक व्यापक रोडमैप है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) बीमा पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा के लिये **बीमा नियामक तथा विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999** के तहत गठित एक **वैधानिक निकाय** है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**168. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

1. सोना भारत के विदेशी मुद्रा भंडार का एक हिस्सा है।
2. सोने का भंडार अमेरिकी खजाने पर भारत की निर्भरता को कम कर सकता है।
3. विश्व स्वर्ण परिषद के अनुसार, भारत सबसे अधिक सोने के भंडार वाले देशों की सूची में तीसरे स्थान पर है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**विदेशी मुद्रा भंडार:**

- भारत के **विदेशी मुद्रा भंडार** में सोने के साथ-साथ **विदेशी मुद्रा संपत्ति, विशेष आहरण अधिकार** और **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)** के साथ **रिज़र्व ट्रेंच पोज़िशन (Reserve Tranche Position)** शामिल है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के पास **सोने का भंडार** उसके **विदेशी मुद्रा भंडार** में विविधता लाता है और **अमेरिकी खजाने पर भारत की निर्भरता** कम करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **विश्व स्वर्ण परिषद** के अनुसार, सर्वाधिक स्वर्ण भंडार वाले देशों की सूची में भारत **9वें (803.58 टन) स्थान** पर है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**169. मध्यकालीन भारत के आर्थिक इतिहास के संदर्भ में 'ढो' शब्द का तात्पर्य है**

A. बँधुआ मज़दूर
B. सैन्य अधिकारियों को भूमि अनुदान दिया गया
C. व्यापारी जहाज़
D. बंजर भूमि को खेती योग्य भूमि में परिवर्तित किया गया

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ढो:**

- **ढो (Dhows) व्यापारिक जहाज़** थे जिनका उपयोग **व्यापारिक उद्देश्यों** के लिये किया जाता था।
- इसका उपयोग **हिंद महासागर और लाल सागर में भारी माल के परिवहन** के लिये किया जाता था।
- ये ढो **अच्छी तरह से डिज़ाइन** किये गए और **कुशल जहाज़** थे, जो हिंद महासागर में लंबी दूरी तक यात्रा करने में सक्षम थे।
- ढो मूलत: एक **भारतीय नाव (Indian Boat) थी,** जिसके निर्माण के लिये अधिकांश **लकड़ी भारत के वनों** से आती थी।

**अत: विकल्प C सही है।**

**170. भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC) परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IMEC को यूरोपीय संघ, सऊदी अरब और ईरान द्वारा नई दिल्ली में 2023 G-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर शुरू किया गया था।
2. हाइफा का इज़रायली बंदरगाह IMEC परियोजना में एक महत्त्वपूर्ण कड़ी है।
3. IMEC में बिजली और डिजिटल कनेक्टिविटी के लिये केबल बिछाने तथा स्वच्छ हाइड्रोजन निर्यात के लिये एक पाइपलाइन बिछाने की परिकल्पना की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC) परियोजना:**

- **भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC)** परियोजना 9 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में G-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर यूरोपीय संघ, फ्राँस, जर्मनी, भारत, इटली, **सऊदी अरब,** सऊदी अरब अमीरात (UAE) और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा शुरू की गई थी। **ईरान IMEC का सदस्य नहीं** है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **हाइफा का इज़रायली बंदरगाह** IMEC परियोजना में एक **महत्त्वपूर्ण कड़ी** है। **UAE** से भूमध्यसागरीय तट पर इज़रायल के **हाइफा बंदरगाह** तक रेल द्वारा माल पहुँचाया जाएगा। हाइफा से माल विभिन्न **यूरोपीय बंदरगाहों** पर भेजा जाएगा जहाँ से उन्हें रेल द्वारा उनके अंतिम गंतव्य तक पहुँचाया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- रेल और सड़क मार्गों के साथ-साथ, IMEC बिजली एवं **डिजिटल कनेक्टिविटी** के लिये केबल बिछाने तथा **स्वच्छ हाइड्रोजन निर्यात के लिये एक पाइपलाइन बिछाने की भी परिकल्पना** करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**171. निम्नलिखित में से कौन-सा कॉटिंजेंट रिस्क बफर (CRB) का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

A. अप्रत्याशित अल्पकालिक तरलता आवश्यकताओं को प्रबंधित करने के लिये केंद्रीय बैंक द्वारा अलग रखा गया एक कोष।

B. बाज़ार जोखिमों से बचाव के लिये बैंकों द्वारा उपयोग किया जाने वाला एक वित्तीय साधन।

C. मुद्रा के उतार-चढ़ाव को स्थिर करने के लिये सरकारों द्वारा बनाया गया एक रिज़र्व।

D. यह सुनिश्चित करने के लिये एक तंत्र कि बीमा कंपनियाँ बड़े पैमाने पर अप्रत्याशित घटनाओं को कवर कर सकें।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कॉटिंजेंट रिस्क बफर (CRB):**

- **कॉटिंजेंट रिस्क बफर (CRB)** एक वित्तीय सुरक्षा है जो आमतौर पर अप्रत्याशित **अल्पकालिक तरलता आवश्यकताओं** को प्रबंधित करने के लिये केंद्रीय बैंक द्वारा अलग रखी जाती है।
- इन अप्रत्याशित आकस्मिकताओं में प्रतिभूतियों के **मूल्यों का मूल्यह्रास, मौद्रिक दर नीति में बदलाव से जोखिम, प्रणाली के लिये प्रणालीगत जोखिम** आदि शामिल हो सकते हैं।
- यह बफर एक रिज़र्व के रूप में कार्य करता है जिसका उपयोग **वित्तीय जोखिम या आपात स्थिति के समय में वित्तीय प्रणालियों की स्थिरता के साथ ही उसका सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिये** किया जा सकता है।
- संस्थाएँ अस्थिरता को सुचारु रूप से संचालित कर सकती हैं और इसके साथ ही अपनी वित्तीय स्थिरता में विश्वास बनाए रख सकती हैं।

**अतः विकल्प A सही है।**

**172. अंटार्कटिक संधि परामर्शदात्री बैठक (ATCM) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक वैश्विक वार्षिक बैठक है जो अंटार्कटिक संधि, 1959 के प्रावधानों के अनुसार आयोजित की जाती है।
2. परामर्शदात्री पक्ष ATCM के दौरान प्रशासन, वैज्ञानिक अनुसंधान, पर्यावरण संरक्षण एवं लॉजिस्टिक सहयोग के संबंध में प्रस्तावों पर मतदान कर सकता है।
3. भारत अंटार्कटिक संधि, 1959 का एक परामर्शदात्री पक्ष है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**अंटार्कटिक संधि परामर्शदात्री बैठक (ATCM):**

- अंटार्कटिक संधि परामर्शदात्री बैठक (ATCM), एक वैश्विक वार्षिक बैठक है जो अंटार्कटिक संधि, 1959 के प्रावधानों के अनुसार आयोजित की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- परामर्शदात्री पक्ष को **प्रशासन, वैज्ञानिक अनुसंधान, पर्यावरण संरक्षण एवं लॉजिस्टिक सहयोग के मामलों में ATCM के दौरान किये गए निर्णयों एवं संकल्पों पर प्रस्ताव एवं वोट** देने का अधिकार है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **भारत** वर्ष 1983 से **अंटार्कटिक संधि, 1959 का एक परामर्शदात्री पक्ष** रहा है। **अत: कथन 3 सही है।**

**173. ताइवान जलडमरूमध्य (Taiwan Strait) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ताइवान जलडमरूमध्य पीला सागर का भाग है।
2. ताइवान एक द्वीप है जो ताइवान जलडमरूमध्य द्वारा चीन से अलग किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ताइवान जलडमरूमध्य (Taiwan Strait):**

- **ताइवान जलडमरूमध्य दक्षिण चीन सागर** का भाग है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **जलडमरूमध्य का समुद्री तल** अधिकतर **महाद्वीपीय शेल्फ** है जो एशियाई महाद्वीप से विस्तृत हुआ है, जिसके बाहरी किनारे पर ताइवान है।
- **ताइवान** एक द्वीप है जो **ताइवान जलडमरूमध्य** द्वारा **चीन से अलग किया गया है। अत: कथन 2 सही है।**

**174. निम्नलिखित में से किसने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्ट, 2024 नामक कानून अपनाया, जो दुनिया में इस तरह का पहला कानून है?**

A. ऑस्ट्रेलिया
B. कनाडा
C. यूरोपीय संघ
D. संयुक्त राज्य अमेरिका

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्ट, 2024**

- **यूरोपीय संघ (European Union- EU)** ने **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)** को विनियमित करने के लिये **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अधिनियम, 2024** पारित किया।
- यह विश्व में **इस तरह का पहला** AI कानून है।
- यह **AI के उपयोग** के लिये एक **समान कानूनी ढाँचा** तैयार करता है तथा निजी व सार्वजनिक क्षेत्रों में AI पद्धति के विकास और आगे बढ़ने का मार्गदर्शन करता है, यह सुनिश्चित करता है कि वे भरोसेमंद हैं एवं यूरोपीय संघ के नागरिकों के अधिकारों का सम्मान करते हैं।

**अत: विकल्प C सही है।**

**175. फरज़ाद बी गैस और घनीभूत क्षेत्र निम्नलिखित में से किस देश के अधिकार क्षेत्र में स्थित है?**

A. ईरान
B. कुवैत
C. वेनेज़ुएला
D. सूडान

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**फरज़ाद बी गैस और घनीभूत क्षेत्र:**

- **फरज़ाद बी** एक **गैस** और **घनीभूत** क्षेत्र है जो **ईरान** के अपतटीय **फारस की खाड़ी** में **फारसी ब्लॉक** के भीतर स्थित है।
- यह **ईरान** के **अधिकार क्षेत्र** में आता है और इसका स्वामित्व राज्य के स्वामित्व वाली प्राकृतिक गैस कंपनी **नेशनल ईरानी ऑयल कंपनी (NIOC)** के पास है।
- **तेल और प्राकृतिक गैस निगम विदेश (Oil and Natural Gas Corporation Videsh- OVL)** के नेतृत्व में भारतीय संघ ने अगस्त 2008 में **फरज़ाद बी गैस क्षेत्र** की खोज की।

**अत: विकल्प A सही है।**

**176. पूर्वी भारत में हरित क्रांति लाने (Bringing Green Revolution to Eastern India- BGREI) कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य पूर्वी भारत में चावल उत्पादन को बढ़ाने के लिये जल क्षमता का दोहन करना है, जिसका अब तक कम उपयोग किया जाता था।
2. यह राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (Rashtriya Krishi Vikas Yojana- RKVY) की एक उपयोजना है।
3. इसे भारत के सभी पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों में लागू किया जा रहा है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पूर्वी भारत में हरित क्रांति लाना (Bringing Green Revolution to Eastern India) कार्यक्रम:**

- **BGREI कार्यक्रम** का **उद्देश्य** पूर्वी भारत में **चावल उत्पादन** को बढ़ाने के लिये **जल क्षमता** का दोहन करना है, जिसका **अब तक कम उपयोग** किया जाता था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे **वर्ष 2010-11 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (Rashtriya Krishi Vikas Yojana-RKVY) की एक उप योजना** के रूप में लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- **इसे सात पूर्वी राज्यों** असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश (पूर्वी भाग) और पश्चिम बंगाल में लागू किया जा रहा है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

और पढ़ें

**177. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दक्षिणी दोलन उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर के ऊपर वायु दबाव में परिवर्तन है।
2. यह अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ENSO) घटना की "उष्ण अवस्था" है।
3. ओशनिक नीनो इंडेक्स (ONI) का उपयोग सामान्य समुद्र-सतह तापमान से विचलन को मापने के लिये किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**एल नीनो-दक्षिणी दोलन (ENSO):**

- **अल नीनो** एक जलवायु पैटर्न है जो **पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर** में सतही जल के **असामान्य रूप से गर्म** होने का वर्णन करता है।
- **दक्षिणी दोलन** उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर के ऊपर **वायु दबाव** में परिवर्तन है। जब पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत क्षेत्र (अल नीनो) में तटीय जल गर्म हो जाता है, तो समुद्र के ऊपर वायुमंडलीय दबाव कम हो जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ENSO) घटना की "उष्ण अवस्था" है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **ओशनिक नीनो इंडेक्स (ONI)** का उपयोग सामान्य समुद्र-सतह तापमान से **विचलन** को मापने के लिये किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**178. राष्ट्रीय भवन संहिता, 2016 (NBC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह आपातकालीन स्थिति में पीड़ितों के साथ-साथ अग्निशमन कर्मियों को भी दिशा-निर्देश प्रदान करता है।
2. यह भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रकाशित किया जाता है और यह एक अनुशंसात्मक दस्तावेज़ है।
3. एक बार राज्य अग्निशमन सेवा कानूनों में शामिल हो जाने पर, एनबीसी 2016 एक बाध्यकारी दस्तावेज़ बन जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही *नहीं* हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय भवन संहिता, 2016:**

- **राष्ट्रीय भवन संहिता, 2016 (NBC)** भारत में **अग्नि** को विनियमित करने और रोकने के लिये **दिशा-निर्देश** तथा **प्रावधान** बताता है।
- NBC **आपातकालीन स्थिति** में **पीड़ितों** के साथ-साथ **अग्निशमन कर्मियों** को भी दिशा-निर्देश प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह **भारतीय मानक ब्यूरो** द्वारा प्रकाशित किया जाता है और यह एक **अनुशंसात्मक** दस्तावेज़ है। **अतः कथन 2 सही है।**
- एक बार **राज्य अग्निशमन सेवा कानूनों** में शामिल होने के बाद, भारतीय राष्ट्रीय भवन संहिता एक **बाध्यकारी दस्तावेज़** बन जाती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**179. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन- ऑयल पाम (National Mission on Edible Oils- Oil Palm- NMEO-OP) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसका विशेष ध्यान पूर्वोत्तर क्षेत्र अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पर है।
2. आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल प्रमुख पाम तेल उत्पादक राज्य हैं।
3. राज्यों में इस कार्यक्रम को लागू करने के लिये राज्य कृषि विभाग नोडल एजेंसी है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन- ऑयल पाम (National Mission on Edible Oils- Oil Palm- NMEO-OP):**

- यह **पूर्वोत्तर क्षेत्र अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पर** विशेष ध्यान देने के साथ **एक केंद्र प्रायोजित योजना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **आंध्र प्रदेश, तेलंगाना** और **केरल** प्रमुख **पाम तेल उत्पादक राज्य** हैं तथा कुल उत्पादन का **98% हिस्सा** इन्हीं से प्राप्त होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **राज्य कृषि विभाग** में इस कार्यक्रम को लागू करने के लिये एक **नोडल एजेंसी है। अत: कथन 3 सही है।**

**180. निम्नलिखित में से कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (International Atomic Energy Agency- IAEA) के संदर्भ में व्यापक सुरक्षा समझौते (Comprehensive Safeguards Agreement- CSA) का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. एक अंतर्राष्ट्रीय संधि जिसका उद्देश्य परमाणु हथियारों के परीक्षण पर प्रतिबंध लगाना है।
B. समझौतों का एक समूह जो यह सुनिश्चित करता है कि नागरिक परमाणु ऊर्जा कार्यक्रमों को परमाणु हथियार उत्पादन की ओर न मोड़ा जाए।
C. परमाणु ऊर्जा से चलने वाली मिसाइलों के उत्पादन को रोकने के लिये एक प्रोटोकॉल।
D. परमाणु ऊर्जा के समान वितरण के लिये देशों के बीच एक वित्तीय समझौता।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**व्यापक सुरक्षा समझौता (Comprehensive Safeguards Agreement- CSA):**

- **अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (International Atomic Energy Agency- IAEA)** को **परमाणु हथियारों के अप्रसार (Treaty on the Non-Proliferation of Nuclear Weapons- NPT)** पर संधि के तहत प्रमुख सत्यापन की ज़िम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं।
- NPT के **अनुच्छेद III** के तहत **प्रत्येक गैर-परमाणु-हथियार राज्य** पार्टी को IAEA के साथ एक **व्यापक सुरक्षा समझौते (CSA)** को समाप्त करने की आवश्यकता है।
  - NPT का **अनुच्छेद III** IAEA को परमाणु ऊर्जा को **शांतिपूर्ण उपयोग** से **परमाणु हथियारों** या अन्य परमाणु विस्फोटक उपकरणों में बदलने से रोकने के उद्देश्य से संधि के तहत अपने दायित्व की पूर्ति को सत्यापित करने में सक्षम बनाता है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**181. प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (PM-JANMAN) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों (PVTG) को आवश्यक सेवाएँ प्रदान करना है, जिसमें सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता शामिल है।
2. इसे वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में सूचीबद्ध सात सप्तर्षि प्राथमिकताओं में से एक, 'रीचिंग द लास्ट माइल' (Reaching The Last Mile) के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था।
3. नीति आयोग समग्र नीति नियोजन और कार्यक्रमों के समन्वय के लिये नोडल एजेंसी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

उत्तर: A

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (PM-JANMAN):**

- PM-JANMAN विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों (PVTG) को **आवश्यक सेवाएँ** प्रदान करना चाहता है, जिसमें **11 महत्त्वपूर्ण हस्तक्षेपों के माध्यम द्वारा सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल** और **स्वच्छता शामिल है। अत: कथन 1 सही है।**
- **इसे वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में** सूचीबद्ध सात **सप्तर्षि प्राथमिकताओं** में से एक **'रीचिंग द लास्ट माइल'** के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- **जनजातीय कार्य मंत्रालय** समग्र नीति नियोजन और कार्यक्रमों के समन्वय हेतु **नोडल** मंत्रालय है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**182. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (International Court of Justice- ICJ) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

1. न्यायालय संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख न्यायिक अंग है।
2. न्यायालय किसी विवाद की सुनवाई तभी कर सकता है जब एक या अधिक राज्यों द्वारा ऐसा करने का अनुरोध किया जाए।
3. न्यायालय के पास व्यक्तियों, गैर-सरकारी संगठनों, निगमों या किसी अन्य निजी संस्था के आवेदनों से निपटने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।
4. यह विधिवत अधिकृत संयुक्त राष्ट्र अंगों और विशेष एजेंसियों द्वारा संदर्भित कानूनी मामलों पर सलाहकारी राय दे सकता है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 3 और 4
B. केवल 1, 2 और 3
C. केवल 1 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

उत्तर: D

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (International Court of Justice- ICJ):**

- **अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख न्यायिक अंग** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- न्यायालय किसी विवाद की **सुनवाई तभी** कर सकता है जब एक या अधिक राज्यों द्वारा ऐसा करने का **अनुरोध** किया जाए। यह **अपनी पहल** पर किसी विवाद से **नहीं निपट** सकता। **अत: कथन 2 सही है।**
- **केवल राज्य** ही न्यायालय के समक्ष **उपस्थित** होने के पात्र हैं। न्यायालय के पास **व्यक्तियों, गैर-सरकारी संगठनों, निगमों** या किसी अन्य **निजी संस्था** के आवेदनों से निपटने का **कोई अधिकार क्षेत्र नहीं** है। **अत: कथन 3 सही है।**
- न्यायालय की **दो प्रकार की भूमिका है:**
  - अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार **राज्यों** के बीच उनके द्वारा प्रस्तुत **कानूनी विवादों** का निपटारा करना।
  - विधिवत अधिकृत **संयुक्त राष्ट्र अंगों और विशेष एजेंसियों द्वारा संदर्भित** कानूनी मामलों पर **सलाहकारी** राय देना। **अत: कथन 4 सही है।**

**183. राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम, 2003 में 'एस्केप क्लॉज़' क्या है?**

A. एक प्रावधान जो सरकार को विशिष्ट परिस्थितियों में राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को पार करने की अनुमति देता है।
B. एक नियम जो प्रत्येक वर्ष सार्वजनिक ऋण में एक निश्चित प्रतिशत की कटौती को अनिवार्य बनाता है।
C. एक खंड जो प्राकृतिक आपदाओं के मामले में राज्यों को उनकी सीमा से अधिक उधार लेने की अनुमति देता है।
D. राजकोषीय अनुशासन का पालन नहीं करने वाले राज्यों पर प्रतिबंध लगाने की एक व्यवस्था।

उत्तर: A

**व्याख्या:**

**राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम, 2003:**

- **राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम, 2003** राजकोषीय समेकन सुनिश्चित करने के लिये सरकार द्वारा पालन किये जाने वाले **राजकोषीय नियमों** को निर्धारित करता है।
- सरकार ने इसके लिये FRBM के तहत दी गई **रियायत का सहारा** लिया है। **अनुमत राजकोषीय घाटे** के लक्ष्य से ऊपर जाने का यह **रियायती प्रावधान लोकप्रिय रूप** से एस्केप क्लॉज़ के रूप में जाना जाता है।

- **एस्केप क्लॉज़ के तहत केंद्र सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा, युद्ध, राष्ट्रीय आपदा, कृषि का पतन,** अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक सुधार, वास्तविक उत्पादन वृद्धि में गिरावट आदि के आधार पर घाटे के लक्ष्य को तोड़ने की अनुमति है।
- हालाँकि एस्केप क्लॉज़ के लागू होने की स्थिति में निर्धारित **राजकोषीय घाटे के लक्ष्य** से विचलन एक वर्ष में **0.5 प्रतिशत अंक से अधिक** नहीं होगा।

**अत: विकल्प A सही है।**

**184. तरलता समायोजन सुविधा (LAF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक मौद्रिक नीति उपकरण है जिसका उपयोग केंद्रीय बैंकों द्वारा बैंकिंग प्रणाली में तरलता का प्रबंधन करने के लिये किया जाता है।
2. बैंकिंग सुधारों पर बेसल समिति द्वारा LAF की सिफारिश की गई थी।
3. LAF ऋण की उपलब्धता को प्रभावित कर सकता है और मुद्रास्फीति को नियंत्रित कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**तरलता समायोजन सुविधा (LAF):**

- **तरलता समायोजन सुविधा (LAF) एक मौद्रिक नीति उपकरण है जिसका उपयोग केंद्रीय बैंकों द्वारा बैंकिंग** प्रणाली में तरलता का प्रबंधन करने के लिये किया जाता है। इसमें **रेपो लेन-देन** के माध्यम से वाणिज्यिक बैंकों को तरलता प्रदान करना शामिल है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे **वर्ष 1998 के बैंकिंग क्षेत्र सुधारों पर नरसिंहम समिति के परिणाम के** एक भाग के रूप में पेश किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- LAF के दो भाग हैं, **रेपो दर और रिवर्स रेपो दर,** जिसे ऋण की उपलब्धता को प्रभावित करने तथा **मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिये समायोजित** किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**185. सखालिन-1 तेल और गैस परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह रूस के सुदूर पूर्व क्षेत्र में बेरिंग सागर में स्थित है।
2. भारत की सरकारी स्वामित्व वाली ONGC विदेश लिमिटेड इस परियोजना का पूर्ण स्वामित्व और संचालन करती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**सखालिन-1 तेल और गैस परियोजना:**

- **सखालिन-1 तेल और गैस परियोजना रूसी सुदूर पूर्व** क्षेत्र में **ओखोटस्क सागर** में स्थित है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका संचालन एक्सॉन मोबिल की सहायक कंपनी **एक्सॉन नेफ्टेगास (ENL)** द्वारा किया जाता है, जिसकी 30% भागीदारी है। ONGC विदेश लिमिटेड की रूस की **सखालिन-1 तेल और गैस परियोजना में 20% हिस्सेदारी** है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- परियोजना के अन्य साझेदार जापानी कंसोर्टियम सखालिन ऑयल एंड गैस डेवलपमेंट कंपनी (SODECO, 30%) और रूसी तेल कंपनी रोसनेफ्ट (20%) हैं।

**186. तराई क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. तराई भाबर के दक्षिण में एक जल निकासी वाला, दलदली और घने जंगलों वाला संकरा इलाका है।
2. तराई क्षेत्र में भाबर बेल्ट की भूमिगत धाराएँ बहती हैं।
3. तराई भारत के पश्चिमी हिस्से में पूर्व की तुलना में अधिक स्पष्ट है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**तराई:**

- **तराई** भाबर के दक्षिण में एक **जल निकासी वाला, दलदली और घने जंगलों वाला संकरा इलाका है** जो इसके समानांतर चलता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- तराई क्षेत्र में भाबर बेल्ट की भूमिगत धाराएँ बहती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- तराई पश्चिमी **भारत की तुलना में पूर्वी भारत में अधिक चिह्नित है** क्योंकि पूर्वी भारत में तुलनात्मक रूप से अधिक मात्रा में वर्षा होती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**187. यूनाइटेड किंगडम (UK) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UK में इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड शामिल हैं।
2. UK का सबसे बड़ा हिस्सा ग्रेट ब्रिटेन द्वीप है, जो इंग्लैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड से बना है।
3. UK यूरोपीय संघ का सदस्य है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**यूनाइटेड किंगडम (UK):**

- **यूनाइटेड किंगडम में इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड** शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- UK का सबसे बड़ा हिस्सा **ग्रेट ब्रिटेन** द्वीप है, जो **इंग्लैंड, वेल्स** और **स्कॉटलैंड** से मिलकर बना है। उत्तरी आयरलैंड दूसरे द्वीप पर स्थित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **UK** ने **31 जनवरी, 2020 को** यूरोपीय संघ (European Union- EU) **छोड़ दिया।** वर्तमान में यह EU का **सदस्य नहीं है। अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**188. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 के संबंध में नीचे दिये गए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

1. अनुच्छेद 14 वर्ग विधान की अनुमति देता है, लेकिन व्यक्तियों, वस्तुओं और लेन-देन के उचित वर्गीकरण का निषेध करता है।
2. अनुच्छेद 14 के अंतर्गत संरक्षण नागरिक, गैर नागरिक, प्राकृतिक तथा कानूनी व्यक्तियों को भी प्राप्त है।
3. कानून के समान संरक्षण का तात्पर्य यह है कि सरकार समाज के कमज़ोर वर्गों के पक्ष में सकारात्मक कार्रवाई कर सकती है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14:**

- अनुच्छेद 14 **वर्ग विधान पर रोक लगाता है,** लेकिन **विशिष्ट लक्ष्यों** को प्राप्त करने के उद्देश्य से विधायिका द्वारा **व्यक्तियों, वस्तुओं और लेन-देन के उचित वर्गीकरण की अनुमति देता है। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 में **"कोई भी व्यक्ति"** शब्द यह दर्शाता है कि अनुच्छेद 14 **नागरिक** और **गैर-नागरिक** दोनों पर लागू होता है तथा **प्राकृतिक व्यक्तियों** के साथ-साथ **कानूनी व्यक्तियों पर** भी लागू होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **कानून के समान संरक्षण** का तात्पर्य है कि सरकार समाज के **कमज़ोर वर्गों के पक्ष में सकारात्मक कार्रवाई (जैसे- आरक्षण)** कर सकती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**189. उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की तीव्रता पर ग्लोबल वार्मिंग के संभावित परिणाम क्या हैं?**

1. तेज़ पवन की गति
2. अधिक तीव्र वर्षा
3. तूफानी लहरें
4. उष्णकटिबंधीय चक्रवातों का उच्च अक्षांशों की ओर स्थानांतरण

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से विकल्प सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1, 2 और 3

D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**ऊष्णकटिबंधी चक्रवात:**

- **समुद्री जल** के गर्म होने का अर्थ है कि तूफान **अधिक ऊर्जा** ग्रहण करते हैं, जिससे **पवन की गति बढ़ जाती है।**
- **उष्ण वातावरण** में **अधिक नमी** बनी रहती है, जिसके कारण अधिक **तीव्र वर्षा** होती है।
- **समुद्र का जलस्तर** मुख्य रूप से **पिघलते ग्लेशियरों** और **बर्फ की चादरों** के संयोजन के कारण बढ़ रहा **है।** इसका अर्थ है कि पहले से ही ऊँचे **समुद्र के स्तर के ऊपर तूफानी लहरें** आ रही हैं, जिससे **तटीय बाढ़ की स्थिति** और भी बदतर हो गई है।
- **ध्रुव की ओर पलायन** उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के **उच्च अक्षांशों** की ओर **स्थानांतरण** से संबंधित एक जलवायु घटना है। जैसे-जैसे जलवायु उष्ण होती है, उष्णकटिबंधीय चक्रवात **ध्रुव की ओर शीतलन जल में पलायन** कर सकते हैं।

**अत: विकल्प D सही है।**

**190. निम्नलिखित में से कौन-सा नवीकरणीय खरीद दायित्व (Renewable Purchase Obligation- RPO) का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. एक नीति जिसके तहत विद्युत वितरण कंपनियों और कुछ अन्य संस्थाओं को अपनी कुल खपत का एक निर्दिष्ट प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से खरीदना होगा।

B. बड़े निगमों के लिये अपने परिसर में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश करना अनिवार्य आवश्यकता है।

C. यह एक सब्सिडी कार्यक्रम है जो व्यक्तिगत घरों को अपनी छतों पर सौर पैनल लगाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिये बनाया गया है।

D. एक सरकारी पहल जो नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण बनाने वाली कंपनियों को कर में छूट प्रदान करती है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**नवीकरणीय खरीद दायित्व (Renewable Purchase Obligation- RPO):**

- **नवीकरणीय खरीद दायित्व (RPO)** के तहत **विद्युत वितरण कंपनियों** और कुछ अन्य संस्थाओं को अपनी कुल विद्युत खपत का एक निर्दिष्ट प्रतिशत **नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों** से **खरीदना** आवश्यक है।
- यह **भारतीय विद्युत अधिनियम, 2003** के अनुरूप है।
- **राज्य विद्युत विनियामक आयोग** राज्य के लिये न्यूनतम RPO तय करता है।
- ये दायित्व **टिकाऊ ऊर्जा** स्रोतों की ओर संक्रमण को आगे बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण हैं, जिसका उद्देश्य **कार्बन उत्सर्जन** और **जलवायु परिवर्तन को निम्न** करना है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**191. वैश्विक क्षमता केंद्रों (Global Capability Centers- GCC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GCC की स्थापना बहुराष्ट्रीय निगमों (Multinational Corporations- MNC) द्वारा अपनी मूल कंपनी और विश्व भर में अपनी शाखाओं को विशिष्ट सेवाएँ प्रदान करने के लिये की जाती है।
2. GCC केवल लागत-बचत उपायों पर ध्यान केंद्रित करती है।
3. GCC के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ अपने परिचालन पर नियंत्रण बनाए रख सकती हैं, गुणवत्ता सुनिश्चित कर सकती हैं तथा अपनी अपतटीय गतिविधियों को अपने समग्र व्यावसायिक उद्देश्यों के साथ संरेखित कर सकती हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 2 और 3

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वैश्विक क्षमता केंद्र (Global Capability Centers- GCCs):**

- **वैश्विक क्षमता केंद्र (Global Capability Centers- GCCs) बहुराष्ट्रीय निगमों (Multinational Corporations- MNC)** द्वारा अपनी मूल कंपनी और **विश्व भर** में अपनी **शाखाओं** को **विशेष सेवाएँ** प्रदान करने के लिये स्थापित की गई सुविधाएँ हैं।

**अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- GCC की शुरुआत **लागत-बचत उपायों** के रूप में हुई थी, लेकिन आज वे मूल कंपनी और उसकी अपतटीय शाखाओं के बीच **नवाचार** एवं **सहयोग** के केंद्र हैं। वे **बौद्धिक संपदा निर्माण, उभरती प्रौद्योगिकियों में विशेषज्ञता, डिजिटलीकरण जनादेश तथा उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने जैसी उच्च-मूल्य गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- GCC के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ अपने **परिचालन** पर **नियंत्रण** बनाए रख सकती हैं, **गुणवत्ता सुनिश्चित कर** सकती हैं और अपनी अपतटीय गतिविधियों को अपने समग्र व्यावसायिक उद्देश्यों के साथ संरेखित कर सकती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**192. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 दोषपूर्ण वस्तुओं और अपर्याप्त सेवाओं के लिये उपभोक्ता को उपचार प्रदान करता है।**

**कथन-II: जो ग्राहक अपने अधिवक्ताओं से असंतुष्ट हैं, वे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत सेवाओं की कमी के लिये प्रदान किये गए उपाय की तलाश कर सकते हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019:**

- उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 दोषपूर्ण वस्तुओं और दोषपूर्ण सेवाओं के लिये उपभोक्ता को उपचार प्रदान करता है। **अतः कथन I सही है।**
- भारत के **सर्वोच्च न्यायालय** ने हाल ही में **बार ऑफ इंडियन लॉयर्स बनाम डी. के. गांधी पीएस नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कम्युनिकेबल डिज़ीज़** के मामले में फैसला सुनाया कि कानूनी पेशे में अभ्यास करने वाले **अधिवक्ताओं पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019** के तहत **मुकदमा नहीं** चलाया जा सकता है। **अतः कथन II सही नहीं है।**
- एक तरफ **'व्यवसाय'** अथवा **'व्यापार'** और दूसरी ओर **'पेशे'** के बीच **अंतर** है। **'व्यवसाय'** या **'व्यापार'** विशुद्ध रूप से वाणिज्यिक प्रयास है जबकि पेशा उन्नत **शिक्षा** एवं **विशेष अध्ययन** का परिणाम है।

**अतः विकल्प C सही है क्योंकि कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है।**

**193. भारतीय संविधान के प्रारूपण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के लिये संविधान सभा का विचार पहली बार 1934 में जे. एल. नेहरू द्वारा सामने रखा गया था।
2. संविधान सभा में केवल निर्वाचित सदस्य शामिल थे।
3. डॉ. बी. आर. अंबेडकर ने संविधान सभा में "उद्देश्य प्रस्ताव" प्रस्तुत किया, जिसमें भारत के संविधान के दर्शन को निर्धारित किया गया।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारतीय संविधान का प्रारूपण:**

- **भारत के लिये संविधान सभा** का विचार **पहली बार 1934 में एम. एन. रॉय द्वारा** रखा गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- संविधान सभा में ऐसे सदस्य शामिल थे जो **आंशिक रूप से निर्वाचित और मनोनीत** थे। निर्वाचित सदस्यों को **प्रांतीय विधान सभा के सदस्यों द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से चुना** जाता था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **13 दिसंबर, 1946** को **जवाहरलाल नेहरू** ने संविधान सभा में **"उद्देश्य प्रस्ताव"** प्रस्तुत किया, जिसमें भारत के संविधान का **दर्शन निर्धारित** किया गया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**194. राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम (NPPCD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NPPCD को 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च किया गया था।
2. इस कार्यक्रम को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है।
3. ग्रामीण लोगों की तुलना में शहरी आबादी में श्रवण दोष अधिक है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम (NPPCD):**

- **वर्ष 2008 में राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम (NPPCD)** शुरू किया गया था। **11वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि 2007 से 2012** तक थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह कार्यक्रम **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय** के तकनीकी सहयोग से **क्रियान्वित किया** जा रहा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- शहरी लोगों की तुलना में **ग्रामीण आबादी में श्रवण दोष अधिक है। स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा की कमी ने श्रवण दोष की उच्च घटनाओं में महत्त्वपूर्ण** भूमिका निभाई है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**195. संयुक्त राष्ट्र (UN) सदस्यता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

1. संयुक्त राष्ट्र सदस्यता चाहने वालों से "शांतिप्रिय" होने तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर के दायित्वों को पूर्ण करने में सक्षम और इच्छुक होने की अपेक्षा की जाती है।
2. सदस्यता आवेदनों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पाँच स्थायी सदस्यों के किसी भी विरोध के बिना अनुशंसा की आवश्यकता होती है।
3. भारत ने कभी भी किसी भी देश की संयुक्त राष्ट्र सदस्यता का विरोध नहीं किया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र (UN) सदस्यता:**

संयुक्त राष्ट्र (UN) के लिये सदस्यता चाहने वालों से **"शांतिप्रिय"** राष्ट्र होने तथा **संयुक्त राष्ट्र चार्टर के दायित्वों** को पूर्ण करने में **सक्षम** और **इच्छुक** होने की अपेक्षा की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**

- सदस्यता आवेदनों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UN Security Council- UNSC) के **पाँच स्थायी सदस्यों (P5)** से बिना किसी विरोध के **अनुशंसा** की आवश्यकता होती है, तभी **संयुक्त राष्ट्र महासभा** उन्हें स्वीकार कर सकती है। यदि **P5** में से कोई भी अपनी वीटो शक्ति का प्रयोग करके **नकारात्मक वोट** देता है, तो UNSC की अनुशंसा **खारिज** हो जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत ने **कभी** भी किसी भी देश की संयुक्त राष्ट्र सदस्यता का **विरोध नहीं किया** है। भारत ने **वर्ष 1947** में **पाकिस्तान** के संयुक्त राष्ट्र में प्रवेश और **वर्ष 1971 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना** के प्रवेश का समर्थन किया था। **अतः कथन 3 सही है।**

**196. 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसने पंचायती राज संस्थानों (Panchayati Raj institutions- PRI) और PRI के सभी स्तरों पर अध्यक्ष के कार्यालयों में महिलाओं के लिये एक-तिहाई सीटों के आरक्षण को अनिवार्य कर दिया।
2. महिलाओं के लिये आरक्षित कुल एक-तिहाई सीटों में से 50% अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिये आरक्षित की जानी थीं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992:**

- **73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992** ने पंचायती राज संस्थानों और पंचायती राज संस्थानों के सभी स्तरों पर **अध्यक्ष** के कार्यालयों में **महिलाओं के लिये एक-तिहाई सीटों** के आरक्षण को अनिवार्य कर दिया। **अतः कथन 1 सही है।**
- महिलाओं के लिये आरक्षित कुल 1/3 सीटों में से **33% अनुसूचित जाति** और **अनुसूचित जनजाति** की महिलाओं के लिये आरक्षित होनी थी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

**197. शहरी ऊष्मा द्वीप (Urban Heat Island- UHI) प्रभाव के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. शहरी ताप द्वीप एक महानगरीय क्षेत्र है जो अपने आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में बहुत अधिक गर्म होता है।

B. डामर, स्टील और ईंट जैसी निर्माण सामग्री प्रकाश ऊर्जा की सभी तरंगदैर्घ्यों को अवशोषित करती हैं एवं उन्हें ऊष्मा में परिवर्तित कर देती हैं।

C. विभिन्न आधुनिक निर्माण सामग्री में अभेद्य सतह हैं जिनके माध्यम से जल प्रवाहित नहीं हो सकता है।

D. UHI में रात्रि के समय तापमान आमतौर पर कम रहता है, क्योंकि सतहों में संचित हुई ऊष्मा तेज़ी से निकल जाती है।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**शहरी ऊष्मा द्वीप (Urban Heat Island- UHI) प्रभाव:**

- **शहरी ऊष्मा द्वीप (UHI)** एक **महानगरीय क्षेत्र** है जो अपने आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में **बहुत अधिक गर्म** होता है। **तापमान** में अंतर इस बात पर निर्भर करता है कि प्रत्येक वातावरण में सतहें कितनी अच्छी तरह से ऊष्मा को अवशोषित और धारण करती हैं।
- **डामर, स्टील** और **ईंट** जैसी निर्माण सामग्री अक्सर **काले, भूरे** एवं **ग्रे** जैसे **बहुत गहरे** रंग की होती हैं जो प्रकाश ऊर्जा की **सभी तरंगदैर्ध्य** को अवशोषित करती हैं तथा उन्हें **ऊष्मा** में परिवर्तित कर देती हैं।
- विभिन्न आधुनिक निर्माण सामग्री में **अभेद्य सतहें** हैं, जिनसे होकर जल प्रवाहित नहीं हो सकता। जल के प्रवाहित होने और **वाष्पित होने के चक्र के बिना,** निर्माण सामग्री की सतहों को ठंडा रखने के लिये कोई भी प्रक्रिया नहीं है।
- UHI में **रात्रि के समय** तापमान **आमतौर पर अधिक** रहता है। ऐसा इसलिये होता है क्योंकि इमारतें, फुटपाथ और पार्किंग स्थल ज़मीन से आने वाली **ऊष्मा को** ठंडी रात्रि में आकाश में जाने से **रोकते** हैं।

**अतः विकल्प D सही है।**

**198. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भारत के परमाणु सिद्धांत के प्रमुख सिद्धांतों को सटीक रूप से प्रतिबिंबित करता है?**

1. विश्वसनीय न्यूनतम निवारण
2. परमाणु हथियारों का "पहले इस्तेमाल नहीं"
3. गैर-परमाणु हथियार वाले देशों के खिलाफ सामरिक परमाणु हथियारों का इस्तेमाल
4. तीसरी दुनिया के देशों को परमाणु और मिसाइल संबंधी सामग्रियों का निर्यात

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2, 3 और 4

C. केवल 1, 3 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत का परमाणु सिद्धांत:**

- भारत के परमाणु सिद्धांत को संक्षेप में इस प्रकार प्रस्तुत किया जा सकता है:
  - **विश्वसनीय न्यूनतम निवारण** का निर्माण और रखरखाव।
  - **"पहले प्रयोग न करने"** की नीति के तहत परमाणु हथियारों का प्रयोग **केवल** भारतीय क्षेत्र या कहीं भी भारतीय सेना पर परमाणु हमले के **जवाब** में किया जाएगा।
  - पहले हमले के लिये **परमाणु जवाबी कार्रवाई व्यापक** होगी और **अस्वीकार्य क्षति** पहुँचाने के लिये डिज़ाइन की जाएगी।
  - परमाणु जवाबी हमले केवल **परमाणु कमान प्राधिकरण** के माध्यम से **नागरिक राजनीतिक नेतृत्व** द्वारा ही **अधिकृत** किये जा सकते हैं।
  - **गैर-परमाणु हथियार राज्यों** के विरुद्ध **परमाणु हथियारों का प्रयोग न करना।**
  - हालाँकि भारत या भारतीय सेना के **विरुद्ध** कहीं भी **जैविक** या **रासायनिक हथियारों** से बड़े हमले की स्थिति में भारत के पास **परमाणु हथियारों से जवाब** देने का विकल्प बना रहेगा।
  - **परमाणु** एवं **मिसाइल** संबंधी **सामग्रियों** तथा **प्रौद्योगिकियों** के **निर्यात** पर **सख्त नियंत्रण** जारी रखना, **विखंडनीय पदार्थ कटौती संधि वार्ता में भागीदारी करना** तथा **परमाणु परीक्षणों** पर रोक का **निरंतर पालन** करना।
  - वैश्विक, सत्यापन योग्य और गैर-भेदभावपूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण के माध्यम से **परमाणु हथियार मुक्त विश्व** के लक्ष्य के प्रति निरंतर **प्रतिबद्धता।**

**अतः विकल्प A सही है।**

नोट :

**199. निम्नलिखित में से कौन-सा एक वैश्विक मूल्य शृंखला (Global Value Chain) का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. एक ऐसी प्रणाली जिसमें सभी उत्पादन प्रक्रियाएँ एक ही देश में पूरी की जाती हैं।

B. एक ऐसी प्रक्रिया जिसमें उत्पादन खंडित होता है और विभिन्न देशों में विस्तृत होता है तथा प्रत्येक उत्पादन के विभिन्न चरणों में विशेषज्ञता रखता है।

C. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर केवल कच्चे माल का व्यापार करने की एक विधि।

D. कंपनियों के लिये केवल अपने देश के भीतर ही उत्पाद बेचने की रणनीति।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वैश्विक मूल्य शृंखला (Global Value Chain- GVC):**

- **वैश्विक मूल्य शृंखला (GVC)** अंतर्राष्ट्रीय **उत्पादन साझाकरण** को संदर्भित करती है, एक ऐसी घटना जहाँ उत्पादन **विभिन्न देशों** में की जाने वाली **गतिविधियों** और **कार्यों** में खंडित हो जाता है।
- यह एक ऐसी प्रक्रिया है जहाँ उत्पादन **खंडित** होता है और विभिन्न देशों में **विस्तृत** होता है तथा प्रत्येक उत्पादन के विभिन्न चरणों में **विशेषज्ञता** रखता है।
- **वैश्वीकरण** कंपनियों को **आउटसोर्सिंग** और गतिविधियों के **ऑफशोरिंग** के माध्यम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने कार्यों की **पुनर्संरचना** करने हेतु प्रेरित करता है।

  **अत: विकल्प B सही है।**

**200. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I : चक्रीय अर्थव्यवस्था का तात्पर्य लगातार नई सामग्री और उत्पाद बनाने के बजाय, यथासंभव लंबे समय तक उनका उपयोग, पुन: उपयोग एवं पुनर्चक्रण करना है।**

**कथन-II : रेखीय अर्थव्यवस्था प्रकृति से कच्चे माल को निकालने, उन्हें उत्पादों में बदलने और फिर उन्हें अपशिष्ट के रूप में त्याग देने के मॉडल पर आधारित है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या करता है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**चक्रीय अर्थव्यवस्था:**

- **चक्रीय अर्थव्यवस्था** का अर्थ है, लगातार नए उत्पाद बनाने के बजाय, **यथासंभव लंबे समय तक** सामग्री और उत्पादों का **उपयोग**, **पुन: उपयोग** एवं **पुनर्चक्रण** करना है। व्यवहार में इसका तात्पर्य है कि **अपशिष्ट का न्यूनतम** उत्पादन करना है। **अत: कथन I सही है।**
- चक्रीय अर्थव्यवस्था पारंपरिक रैखिक आर्थिक मॉडल से **भिन्न** है। **रैखिक अर्थव्यवस्था** प्रकृति से कच्चे माल को निकालने, उन्हें उत्पादों में बदलने और फिर उन्हें **अपशिष्ट के रूप में त्यागने** के मॉडल पर आधारित है। **अत: कथन II सही है।**

  **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या नहीं करता है।**

**201. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. गीतांजलि
2. चंडालिका
3. घरे बाइरे
4. हिंदू धर्म में पहेलियाँ

**उपर्युक्त में से कौन-सी रचनाएँ रवींद्रनाथ टैगोर से संबंधित हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1, 2 और 3

C. केवल 2, 3 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**रवींद्रनाथ टैगोर:**

- **रवींद्रनाथ टैगोर** ने **गीतांजलि (गीत-प्रसाद)** लिखी, जिसके लिये उन्हें **वर्ष 1913** में **साहित्य में नोबेल पुरस्कार** प्राप्त हुआ। गीतांजलि मूलत: **बंगाली** में लिखी गई थी और कवि ने स्वयं इसका अंग्रेज़ी में अनुवाद किया था।

नोट :

- **टैगोर** ने **चंडालिका (अछूत लड़की)** नामक एक महत्त्वपूर्ण नाटक की रचना की। चंडालिका एक **प्राचीन बौद्ध** कथा पर आधारित थी जिसमें बताया गया था कि कैसे गौतम बुद्ध के शिष्य **आनंद** एक **आदिवासी लड़की** से पानी मांगते हैं।
- **टैगोर** ने वर्ष 1916 में **'घरे बाइरे' (घर और दुनिया)** उपन्यास की रचना की थी।
- **'रिडल्स इन हिंदूइज़्म'** नामक पुस्तक **डॉ. बी.आर. अंबेडकर** द्वारा लिखी गई थी।

**अत: विकल्प B सही है।**

**202. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने अग्निशमन सेवाओं को मज़बूत करने के लिये "राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार एवं आधुनिकीकरण की योजना" शुरू की।**

**कथन-II: अग्निशमन सेवा को भारत के संविधान की XII अनुसूची में एक नगरपालिका कार्य के रूप में शामिल किया गया है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**अग्निशमन सेवाएँ:**

- **गृह मंत्रालय** ने अग्निशमन सेवाओं को मज़बूत करने के लिये **"राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण की योजना"** शुरू की। **अत: कथन I सही नहीं है।**
- **अग्निशमन सेवा राज्य का विषय है** और इसे भारत के संविधान की **XIIअनुसूची** में **अनुच्छेद 243 (W)** के तहत **नगरपालिका कार्य** के रूप में शामिल किया गया है। **अत: कथन II सही है।**

**अत: विकल्प D सही है क्योंकि कथन-I सही नहीं है और कथन-II सही है।**

**203. हाल ही में समाचारों में देखी गई "वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन (ONOS)" पहल का प्राथमिक लक्ष्य क्या है?**

A. राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक सामग्री तक देशव्यापी पहुँच प्रदान करना।

B. एकल सदस्यता योजना के साथ एक राष्ट्रव्यापी मोबाइल नेटवर्क लागू करना।

C. स्वयं पोर्टल पर शैक्षिक सामग्री के लिये एकल सदस्यता बनाना।

D. भारत में सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के लिये एकल सदस्यता सेवा प्रदान करना।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन (ONOS):**

- **" वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन (ONOS)" भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार** के कार्यालय की एक योजना है।
- इसका उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय **वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक सामग्री** तक **देशव्यापी पहुँच** प्रदान करना है।
- ONOS उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षणिक जानकारी तक आसान पहुँच प्रदान करता है, जिससे देश में **वैज्ञानिक अनुसंधान** और **नवाचार** को बढ़ावा मिलता है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**204. लाल सागर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लाल सागर हिंद महासागर को अटलांटिक महासागर से जोड़ता है।
2. लाल सागर की सीमा से लगे देश सऊदी अरब, यमन, मिस्र, सूडान और इथियोपिया हैं।
3. लाल सागर की दरार अफ्रीका की महान दरार घाटी का हिस्सा है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

उत्तर: B

व्याख्या:

**लाल सागर:**

- **लाल सागर अरब सागर, अदन की खाड़ी, बाब अल मंडेब जलडमरूमध्य, स्वेज नहर** और **भूमध्य सागर** के माध्यम से **हिंद महासागर** को **अटलांटिक महासागर** से जोड़ता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- लाल सागर से सटे देश पूर्व में **सऊदी अरब** और **यमन** तथा पश्चिम में **मिस्र, सूडान, इरिट्रिया** एवं **ज़िबूती** हैं। **इथियोपिया** एक **स्थलरुद्ध** देश है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- लाल सागर की दरार **अफ्रीका की महान दरार घाटी का हिस्सा है। अत: कथन 3 सही है।**




**205. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **समझौता** | **संबंधित पक्षों** |
|---|---|
| 1. मिन्स्क समझौता | a. यूक्रेन और रूस |
| 2. अब्राहम समझौता | b. इज़रायल और अरब राज्य |
| 3. ताइपे की संधि | c. चीन और ताइवान |

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

उत्तर: B

व्याख्या:

**शांति समझौते:**

- 2014 और 2015 के **मिन्स्क समझौतों** का उद्देश्य **रूस एवं यूक्रेन** के बीच भू-राजनीतिक तनाव का स्थायी **शांतिपूर्ण समाधान** निकालना था। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **अब्राहम समझौते 2020** में **इज़रायल और कई अरब राज्यों** के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के लिये **हस्ताक्षरित समझौतों की एक शृंखला** है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **ताइपे की संधि, 1952** ने **चीन गणराज्य (ताइवान)** और **जापान** के बीच **युद्ध की स्थिति को समाप्त** कर दिया। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**

**206. "एक राष्ट्र, एक चुनाव" के तहत, राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति द्वारा निम्नलिखित में से किसके चुनाव एक साथ कराने का प्रस्ताव दिया गया है?**

1. लोकसभा
2. राज्यसभा
3. राज्य विधान सभाएँ
4. नगर पालिकाएँ और पंचायतें

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 2, 3 और 4

B. केवल 1, 2 और 3

C. केवल 1, 3 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

उत्तर: C

व्याख्या:

**एक राष्ट्र, एक चुनाव:**

- **पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद** की अध्यक्षता में **'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर उच्च स्तरीय समिति (HLC)** ने सर्वसम्मति से दो चरणों में एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की:
  - **प्रथम चरण: लोकसभा और राज्य विधानसभाओं** के लिये चुनाव।
  - **दूसरा चरण: लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के 100 दिनों** के भीतर **नगर पालिकाओं एवं पंचायतों** के चुनाव।
- **प्रथम चार आम चुनाव** चक्रों **(1952, 1957, 1962 और 1967)** के दौरान **लोकसभा और राज्य विधान** सभाओं के चुनाव एक साथ आयोजित किये गये थे।
- यह प्रथा **पहली बार वर्ष 1959** में समाप्त की गयी थी, जब केंद्र सरकार ने तत्कालीन **केरल सरकार** को बर्खास्त करने के लिये संविधान के अनुच्छेद 356 (संवैधानिक तंत्र की विफलता) का प्रयोग किया था।

**अत: विकल्प C सही है।**

नोट :

**207. कृत्रिम बुद्धिमता पर वैश्विक साझेदारी (Global Partnership on Artificial Intelligence) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक बहु-हितधारक पहल है जिसका उद्देश्य अत्याधुनिक अनुसंधान का समर्थन करके कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) पर सिद्धांत और व्यवहार के बीच की खाई को पाटना है।
2. संयुक्त राष्ट्र इसके सचिवालय की मेज़बानी करता है।
3. भारत इसके संस्थापक सदस्यों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कृत्रिम बुद्धिमता पर वैश्विक साझेदारी (Global Partnership on Artificial Intelligence- GPAI):**

- **कृत्रिम बुद्धिमता पर वैश्विक साझेदारी (GPAI)** एक **बहु-हितधारक** पहल है जिसका उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमता से संबंधित प्राथमिकताओं पर **अत्याधुनिक अनुसंधान** और **अनुप्रयुक्त गतिविधियों** का समर्थन करके कृत्रिम बुद्धिमता पर **सिद्धांत** एवं **अभ्यास** के बीच के अंतर को समाप्त करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (Organisation for Economic Co-operation and Development- OECD) पेरिस** में GPAI सचिवालय की मेज़बानी करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **भारत** GPAI के **संस्थापक सदस्यों** में से एक है। **अत: कथन 3 सही है।**

**208. निम्नलिखित में से किस संगठन ने "भारत के शीतलन क्षेत्र में जलवायु निवेश के अवसर (Climate Investment Opportunities in India's Cooling Sector)" शीर्षक से अध्ययन किया?**

A. नीति आयोग
B. भारतीय रिज़र्व बैंक
C. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम
D. विश्व बैंक

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत के शीतलन क्षेत्र में जलवायु निवेश के अवसर (Climate Investment Opportunities in India's Cooling Sector):**

- **विश्व बैंक** द्वारा **"भारत के शीतलन क्षेत्र में जलवायु निवेश के अवसर"** शीर्षक से अध्ययन जारी किया गया।
- इस अध्ययन में तीन प्रमुख क्षेत्रों अर्थात **भवन निर्माण, कोल्ड चेन** और **रेफ्रिजरेंट्स** में नए निवेश के माध्यम से **भारत की शीतलन कार्य योजना (India Cooling Action Plan - ICAP)** को समर्थन देने के लिये एक रोडमैप प्रस्तावित किया गया है।
- इस योजना में कहा गया है कि **वर्ष 2037** तक शीतलन की मांग वर्तमान स्तर से **आठ गुना अधिक** होने की संभावना है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**209. हीट वेव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गृह मंत्रालय ने हीट वेव सहित परिसंकटमय मौसम संबंधी घटनाओं के लिये भारत का जलवायु संकट और सुभेद्यता मानचित्र (Vulnerability Atlas) तैयार किया है।
2. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (National Disaster Management Authority- NDMA) ने हीट वेव के संबंध में पहले से चेतावनी देने के लिये हीट एक्शन प्लान (HAP) शुरू किया है।
3. वायु गुणवत्ता सूचकांक की तरह, किसी क्षेत्र पर अपेक्षित हीट वेव के प्रभाव का उल्लेख छह रंग कूट में किया गया है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 2
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**हीट वेव:**

- **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय** के तहत **भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (Meteorological Department- IMD)** ने **हीट वेव** सहित तेरह सबसे परिसंकटमय मौसम संबंधी घटनाओं के लिये भारत का **जलवायु संकट और सुभेद्यता मानचित्र तैयार किया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- IMD ने **राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण** (National Disaster Management Authority- NDMA) और स्थानीय स्वास्थ्य विभागों के साथ मिलकर देश के कई हिस्सों में **हीट एक्शन प्लान (HAP)** शुरू किया है ताकि **हीट वेव** के संबंध में **पहले से** चेतावनी दी जा सके। **अत: कथन 2 सही है।**
- किसी क्षेत्र पर अपेक्षित **हीट वेव के प्रभाव** को **चार रंग कूट (हरा, पीला, नारंगी और लाल)** में दर्शाया गया है तथा **वायु गुणवत्ता सूचकांक छह रंगों (हरा, पीला, नारंगी, लाल, बैंगनी एवं मैरून)** में दिखाया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**210. गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम किसी भी संगठन को "गैरकानूनी" घोषित करने की अनुमति देता है यदि वे भारतीय क्षेत्र के अलगाव का समर्थन करने वाली गतिविधियों या अभिव्यक्तियों में संलग्न हैं।
2. यदि न्यायालय को यथोचित रूप से विश्वास हो कि आरोप "प्रथम दृष्टया" सत्य हैं तो ज़मानत नहीं दी जा सकती।
3. यह कानून अपराधियों पर तभी लागू होता है जब अपराध भारत के भीतर किया गया हो।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967:**

- **अधिनियम** किसी भी संघ को **"गैरकानूनी"** घोषित करने की अनुमति देता है यदि वे **भारतीय क्षेत्र** के **अलगाव** का समर्थन करने वाली गतिविधियों या अभिव्यक्तियों में संलग्न हैं। इसमें **मौखिक** या **लिखित** शब्द, **संकेत** या **प्रतिनिधित्व** शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- अधिनियम की **धारा 43D(5)** के तहत, यदि न्यायालय को **यथोचित रूप** से लगता है कि आरोप **"प्रथम दृष्टया" सत्य** हैं, तो **ज़मानत** नहीं दी जा सकती। **अत: कथन 2 सही है।**
- UAPA के तहत **भारतीय** और **विदेशी** दोनों नागरिकों पर **आरोप** लगाया जा सकता है। यह अपराधियों पर उसी तरह लागू होता है, भले ही अपराध भारत के बाहर किया गया हो। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**211. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रबंधित देखभाल संगठन (Managed Care Organization- MCO) का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. एक ऐसा संगठन जो बिना बीमा वाले व्यक्तियों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करता है।
B. एक गैर-लाभकारी संगठन जो चिकित्सा अनुसंधान और विकास करता है।
C. एक सरकारी एजेंसी जो दवा कंपनियों को विनियमित करने के लिये ज़िम्मेदार है।
D. एक प्रकार की स्वास्थ्य सेवा जो देखभाल की गुणवत्ता को उच्च रखते हुए लागत को कम करने में मदद करने पर केंद्रित है।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**प्रबंधित देखभाल संगठन (Managed Care Organization- MCO):**

- **प्रबंधित देखभाल संगठन (MCO)** एक **स्वास्थ्य देखभाल कंपनी** है जो **देखभाल की गुणवत्ता** को उच्च बनाए रखते हुए लागत को **कम** करने में मदद करने पर केंद्रित है।
- आजकल उपलब्ध सबसे **सामान्य स्वास्थ्य** योजनाओं में अक्सर **प्रबंधित देखभाल** की विशेषताएँ शामिल होती हैं।
- इन्हें **गुणवत्तापूर्ण देखभाल से समझौता किये बिना** सभी के लिये लागत प्रबंधन के लिये डिज़ाइन किया गया है।
- प्रबंधित देखभाल योजनाओं के काम करने का प्राथमिक तरीका **प्रदाता नेटवर्क** स्थापित करना है। इन नेटवर्क में प्रदाता **कम** लागत पर अपनी सेवाएँ देने के लिये सहमत होते हैं।

**अत: विकल्प D सही है।**

**212. अहिल्याबाई होल्कर के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. वह मालवा राज्य की होलकर रानी थीं।
B. उन्होंने महेश्वर (मध्य प्रदेश) में एक कपड़ा उद्योग स्थापित किया जो आज अपनी महेश्वरी साड़ियों के लिये प्रसिद्ध है।
C. जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें "दार्शनिक रानी" की उपाधि दी।
D. उन्होंने वाराणसी के प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार और मरम्मत कराई।

नोट :

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अहिल्याबाई होल्कर:**

- **अहिल्याबाई होल्कर मालवा राज्य** की होलकर रानी थीं। **वे 11 दिसंबर, 1767** को राजगद्दी पर बैठीं **और इंदौर** की शासक बनीं।
- उन्होंने **महेश्वर (मध्य प्रदेश)** में एक **कपड़ा उद्योग** की स्थापना की, जो आज अपनी **महेश्वरी साड़ियों** के लिये प्रसिद्ध है। यह साड़ियाँ **अपनी अनूठी उलटी सीमाओं** के कारण प्रसिद्ध हैं, जो **दो-तरफा बुनाई** के साथ की जाती हैं, जिसे **'बुगड़ी'** कहा जाता है।
- ब्रिटिश इतिहासकार **जॉन की** ने उन्हें **"दार्शनिक रानी"** की उपाधि दी थी।
- उनका सबसे उल्लेखनीय योगदान 1780 में वाराणसी के प्रसिद्ध **काशी विश्वनाथ मंदिर** का **जीर्णोद्धार** और **मरम्मत** था।

**अत: विकल्प C सही है।**

**213. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा शुरू की गई सीमांत स्थायी सुविधा (MSF) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

A. वाणिज्यिक बैंकों को कम ब्याज दर पर दीर्घकालिक ऋण उपलब्ध कराना।

B. गंभीर तरलता की कमी की स्थिति में बैंकों को RBI से रातोंरात धन उधार लेने की अनुमति देना।

C. सरकारी प्रतिभूतियों के व्यापार के लिये एक मंच प्रदान करना।

D. मुद्रा विनिमय दरों को नियंत्रित करके विदेशी मुद्रा बाज़ार को विनियमित करना।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सीमांत स्थायी सुविधा (MSF):**

- **सीमांत स्थायी सुविधा (Marginal Standing Facility- MSF) भारतीय रिज़र्व बैंक** द्वारा प्रस्तुत महत्त्वपूर्ण प्रावधानों में से एक है जिसके माध्यम से कुछ **वाणिज्यिक बैंक** रातोंरात **तरलता प्राप्त** कर सकते हैं।
- MSF का उपयोग बैंकों द्वारा गंभीर **तरलता की कमी की** स्थिति में RBI से रात्रिकालीन **धनराशि उधार** लेने के लिये एक **आपातकालीन उपकरण** के रूप में किया जाता है।
- MSF दर आमतौर पर **रेपो दर** से अधिक निर्धारित की जाती है, जो वह दर है जिस पर बैंक अपनी सरकारी प्रतिभूतियों को बेचकर केंद्रीय बैंक से धन उधार लेते हैं।
- **MSF दर और रेपो दर** के बीच के अंतर को **"स्प्रेड" के रूप** में जाना जाता है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**214. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कार्बन तटस्थता कार्बन उत्सर्जन और कार्बन सिंक से कार्बन को अवशोषित करने के बीच संतुलन है।
2. कार्बन-नकारात्मक तब होता है जब कोई कंपनी वायुमंडल से जितना उत्सर्जित करती है, उससे अधिक $CO_2$ निकालती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कार्बन तटस्थता:**

- **कार्बन तटस्थता** कार्बन उत्सर्जन और **कार्बन सिंक से कार्बन को अवशोषित** करने के बीच **संतुलन** है। औद्योगिक गतिविधियों से वातावरण में निष्काषित **$CO_2$ को बराबर** मात्रा में हटाकर संतुलित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **कार्बन-नकारात्मक** तब होता है जब कोई कंपनी वायुमंडल से जितना $CO_2$ **उत्सर्जित** करती हैं उससे अधिक निष्काषित करती है। कार्बन उत्सर्जन की नकारात्मक मात्रा वाली कंपनी का जलवायु पर **सकारात्मक प्रभाव** पड़ता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**215. निम्नलिखित में से कौन-सा चौथी औद्योगिक क्रांति की सर्वोत्तम विशेषता बताता है?**

A. प्रौद्योगिकियों का सम्मिश्रण भौतिक, डिजिटल और जैविक क्षेत्रों के बीच की रेखाओं को धुँधला कर रहा है।

B. असेंबली लाइनों के माध्यम से वस्तुओं का बड़े पैमाने पर उत्पादन।

C. कंप्यूटर और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का परिचय।

D. स्टीम पॉवर (Steam Power) और यंत्रीकृत (Mechanized) विनिर्माण का व्यापक उपयोग।

नोट :

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**चौथी औद्योगिक क्रांति :**

- **चौथी औद्योगिक क्रांति भौतिक, डिजिटल** और **जैविक** दुनिया के बीच की सीमाओं के **धुँधलेपन** का वर्णन करने का एक तरीका है।
- यह **कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT), Web3, ब्लॉकचेन, 3D प्रिंटिंग, जेनेटिक इंजीनियरिंग, क्वांटम कंप्यूटिंग** और अन्य तकनीकों में हुई प्रगति का एक **संयोजन** है।
- यह कई उत्पादों और सेवाओं के पीछे की **सामूहिक शक्ति** है जो आधुनिक जीवन के लिये तेज़ी से अपरिहार्य होते जा रहे हैं।

  **अत: विकल्प A सही है।**

**216. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. ग्रीनहाउस गैस (Greenhouse Gas- GHG) प्रोटोकॉल GHG उत्सर्जन को तीन "लक्ष्यों" में वर्गीकृत करता है।
2. लक्ष्य 3 में वे उत्सर्जन शामिल हैं जिनके लिये कोई कंपनी अपनी अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम गतिविधियों के कारण अप्रत्यक्ष रूप से ज़िम्मेदार है।
3. लक्ष्य 3 उत्सर्जन को कम करना सबसे कठिन है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**लक्ष्य 3 उत्सर्जन:**

- **ग्रीनहाउस गैस प्रोटोकॉल,** जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के लिये सबसे व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त लेखांकन मानक प्रदान करता है, GHG उत्सर्जन को **तीन "लक्ष्यों"** में वर्गीकृत करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **लक्ष्य- 1, 2 और 3 उत्सर्जन:**
  - **लक्ष्य 1** में स्वामित्व या **नियंत्रित** स्रोतों से **प्रत्यक्ष उत्सर्जन** शामिल है।
  - **लक्ष्य 2** में बिजली, भाप, हीटिंग और कूलिंग की खरीद तथा उपयोग से **अप्रत्यक्ष उत्सर्जन** शामिल है।
  - **लक्ष्य 3** में **अन्य सभी अप्रत्यक्ष उत्सर्जन** शामिल हैं जो एक संगठन की **अपस्ट्रीम** और **डाउनस्ट्रीम** गतिविधियों में होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **लक्ष्य 3** उत्सर्जन कुल उत्सर्जन का वर्तमान में **सबसे अधिक अनुपात** है। इसे कम करना **कठिन** है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :